रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 21 अक्टूबर 2019 पृष्ठ-12 वर्ष-04, अंक-66 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### मोदी ने तुर्की दौरा रद्द किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस महीने प्रस्तावित तुर्की दौरा रद्द कर दिया है। यह फैसला कश्मीर मुद्दे पर तुर्की के रुख को देखते हुए लिया गया है। दरअसल, 24 सितंबर को तुर्की के राष्ट्रपति रेजेप तैय्यप एर्दोआन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दा उठाने का समर्थन किया था। एर्दोआन ने कहा था कि न्याय और बातचीत के जरिए समस्या को हल किया जाना चाहिए, न कि टकराव से। दक्षिण एशिया की स्थिरता और समृद्धि को कश्मीर के मुद्दे से अलग नहीं किया जा सकता है।

### केदारनाथ हाईवे पर भूस्खलन, 8 की मौत

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में भूस्खलन की चपेट में आकर एक कार और दो मोटरसाइकल 400 मीटर गहरी खाई में गिर गईं। शनिवार की देर शाम हुए इस हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, तीनों वाहन पहाड़ से गिरी एक बड़ी चट्टान की चपेट में आ गए थे। रुद्रप्रयाग के आपदा परिचालन केंद्र प्रभारी हरीश चन्द्र शर्मा ने बताया कि शनिवार की शाम को रंजीत शर्मा, हासिद और रवि कुमार घायल हालत में मिले थे। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही तीनों मौत हो गयी।

## बाजार.भाव

| | | |
|---|---|---|
| सोना | 39,446 | +253 |
| चांदी | 49,200 | +400 |

## इनसाइड स्टोरी

**गांधी विचार पदयात्रा कर राष्ट्रपिता के विचारों सिद्धांतों...**
पेज-04

### कर्नाटक में परिवार के 4 सदस्यों ने की आत्महत्या

**बेलगावी (वार्ता)।** कर्नाटक के बेलगावी जिले में एक परिवार के चार सदस्यों ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने रविवार को बताया कि बेलगावी जिले में गोकक ग्रामीण थाना क्षेत्र के होसुर गांव में शनिवार को एक परिवार के चार सदस्यों के शव उनकी छत से लटका मिला। पुलिस अधीक्षक लक्ष्मण निम्बार्गी ने बताया कि मृतकों की पहचान भीमप्पा चूनप्पागोल (30), उनकी पत्नी मंजुला और बच्चों प्रदीप (08) तथा मोहन (06) के रूप में की गयी है।

### विदेशी मुद्रा भंडार ने लगातार तीसरे सप्ताह बनाया नया रिकॉर्ड

**मुंबई (वार्ता)।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरे सप्ताह बड़ी वृद्धि के साथ 439.71 अरब डॉलर के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया। रिजर्व बैंक द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार, 11 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में 1.87 अरब डॉलर की वृद्धि दर्ज की गयी और यह 439.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया जो अब तक नया रिकॉर्ड स्तर है। गत 04 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में यह 4.24 अरब डॉलर बढ़कर 437.83 अरब डॉलर पर रहा था। इससे पहले 27 सितंबर को समाप्त सप्ताह में यह 5.02 अरब डॉलर उछलकर 433.59 अरब डॉलर के तत्कालीन रिकॉर्ड स्तर पर रहा था।



## मौसम का अचानक बदला मिजाज

# बारिश ने दिवाली की तैयारियों का रंग बिगाड़ा, धंधा चौपट, जनजीवन पर गहरा असर

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ से मानसून के विदा होने के बाद दिवाली से ठीक पहले रविवार को एक बार फिर अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से बादलों की आवाजाही देखी जा रही थी। शाम 5 बजे आसमान में काले घने बादल घिर आए और थोड़ी देर में गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। करीब घंटे भर हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम में आए अचानक बदलाव से ठंड का अहसास होने लगा है। प्रदेश में सबसे कम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में दर्ज किया गया।



### अगले 24 घंटे इन इलाकों में होगी बारिश

मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटे में प्रदेश के कुछ इलाकों में मध्यम से भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के कांकेर, बस्तर, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाडा, कोंडागांव और नारायणपुर के एक-दो स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वी हवाएं जोर पकड़ रही हैं। मौसम में यह परिवर्तन हवा में बदलाव के कारण हो सकता है। इस कारण अगले तीन-चार दिनों में बूंदाबांदी की संभावना है, खासकर दक्षिण छत्तीसगढ़ में हल्की बारिश के आसार हैं। हालांकि इसके बाद मौसम पूर्णतया साफहो जाएगा। उधर, दिवाली से ठीक पहले इस बारिश से लोगों के मन में आशंकाओं के बादल घमड़-घूमड़ रहे हैं। दिवाली में भी अगर ऐसा ही मौसम रहा तो त्योहार को लेकर लोगों में उत्साह फीका हो जाएगा। बतादें कि बारिश ने दुर्गा पूजा में खलल डाल दिया था, इससे लोगों में त्योहार को लेकर उत्साह कम दिखा।

## सेना ने तोपों से पीओके में गोले दागकर 4 आतंकी लॉन्च पैड तबाह किए

# 5 पाकिस्तानी सैनिक मारे, 5 आतंकी भी ढेर

एजेंसी < श्रीनगर
www.dailypioneer.com

सेना ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर भारी गोलीबारी की। इसमें 4 से 5 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। सेना ने यह कार्रवाई तब की, जब पाकिस्तान ने आतंकी घुसपैठ को अंजाम देने के लिए शनिवार रात अचानक भारतीय पोस्टों पर गोलाबारी शुरू कर दी। भारतीय सेना ने आर्टिलरी फायरिंग (गोलाबारी) कर पीओके के जूरा, ऐथमुकाम और कुंदलशाही में स्थित 4 आतंकी लॉन्च पैड को तबाह कर दिया। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने कुछ रिपोर्ट्स के हवाले से कहा कि इस कार्रवाई में 4 से 5 आतंकवादी भी ढेर हुए हैं। इसी साल 26 फरवरी को पीओके के बालाकोट में भारतीय



वायुसेना की एयरस्ट्राइक के बाद यह सेना की बड़ी कार्रवाई है।

न्यूज एजेंसी को सेना के सूत्र ने बताया कि पाकिस्तान की फायरिंग में भारतीय सेना के दो जवान शहीद हुए और एक नागरिक की जान गई। उसने कहा कि सेना की इस कार्रवाई की तुलना किसी भी सूरत में सितंबर 2016 में की गई सर्जिकल स्ट्राइक से नहीं की जानी चाहिए।

### हाई अलर्ट

#### जैश आतंकियों के निशाने पर आठ इलाकों की 400 से ज्यादा इमारतें-बाजार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद दिल्ली में 400 से ज्यादा बड़ी इमारतों और भीड़ भरे बाजारों को निशाना बना सकता है। खुफिया जानकारी के मुताबिक, त्योहार के मद्देनजर आतंकी राजधानी में बड़े हमले को अंजाम देने की फिराक में हैं। दिल्ली पुलिस ने जानकारी मिलने के बाद हाई अलर्ट जारी कर दिया है। दिल्ली पुलिस के एक अफसर ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर न्यूज एजेंसी को बताया कि दिल्ली के 15 इलाकों में से 8 इलाकों को संवेदनशील करार दिया गया है।

## छत्तीसगढ़ के माटीपुत्रों की छटनी

# कर्मचारी अब करेंगे करो या मरो भांति उग्र आंदोलन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न विभागों, निगम मंडलों, स्वशासी निकायों में कार्यरत अनियमित कर्मचारी रविवार को दोपहर 12 बजे राजधानी स्थित बूढ़ापार धरना स्थल पर एकत्र हुए। इस दौरान कर्मचारियों ने हजारों को की संख्या में महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती पर गांधी पदयात्रा निकालकर अहिंसात्मक आंदोलन किया एवं छटनी किए गए अनियमित कर्मचारी/अधिकारियों की बहाली , छटनी पर रोक, एवं नियमितीकरण तक 62 वर्ष की जॉब गारंटी सहित



अन्य मांगों को लेकर शासन-प्रशासन को अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। साथ ही उक्त मांगों मांगो पर एक माह के भीतर कार्यवाही नहीं करने पर अनियमित कर्मचारी/अधिकारी उग्र आन्दोलन करने की चेतावनी भी दी। पदयात्रा में छत्तीसगढ़ के ➢शेष पेज 8 पर

## चित्रकोट विधानसभा उपचुनाव

# मतदान आज सुबह 8 बजे से, 6 प्रत्याशी मैदान में



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के चित्रकोट विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान कल सोमवार को सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगा जो शाम 5 बजे संपन्न होगा। मतदान के लिए विधानसभा क्षेत्र में कुल 229 मतदान केन्द्र बनाए गए गए है। इन मतदान केन्द्रों के लिए जगदलपुर के धरमपुरा स्थित शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज से मतदान दलों की रवानगी शुरू हो गई है।

चित्रकोट उपचुनाव के लिए मैदान में कुल 6 प्रत्याशी है। इनमें जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) से बोमड़ा मंडावी, इंडियन नेशनल कांग्रेस से राजमन बेंजाम, भारतीय जनता पार्टी से लच्छूराम कश्यप, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से हिड़मो राम मण्डावी, आंबेडकराईट पार्टी ऑफइंडिया ➢शेष पेज 8 पर

### एक लाख 67 हजार 911 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

चित्रकोट विधानसभा (अ.ज.जा.) उप निर्वाचन की तैयारी पूरी कर ली गई है। मतदान दल रविवार 20 अक्टूबर को पूर्वान्ह में मतदान सामग्री के साथ अपने मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुए। सोमवार 21 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। इस उप निर्वाचन में एक लाख 67 हजार 911 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कुल मतदाताओं में 79 हजार 284 पुरुष और 88 हजार 626 महिला तथा एक तृतीय लिंग मतदाता हैं।
**मतदान के लिए 916 मतदान कर्मी तैनात-** उप निर्वाचन के लिए 229 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें 213 मतदान केन्द्र बस्तर ➢शेष पेज 8 पर

### 26 अक्टूबर से लगातार 4 दिन बंद रहेंगे बैंक

**रायपुर।** त्योहारी सीजन में अगर आपको बैंक में काम हैं तो फटाफट निपटा लें वरना मुश्किल में फंस जाएंगे। दरअसल, 26 अक्टूबर से बैंक लगातार चार दिन के लिए बंद रहेंगे। मिली जानकारी के अनुसार दिवाली के ठीक पहले बैंकों में सिर्फ 5 दिन काम होंगे। दिवाली के पहले चौथा शनिवार यानि 26 अक्टूबर को अवकाश रहेगा। 27 अक्टूबर को रविवार को दिवाली के दिन बैंकों में छुट्टी रहेगी।

# मुकेश गुप्ता भारी पड़ रहे छग सरकार पर

## दिल्ली में बैठकर चला रहे राजनीति, कोर्ट में लगाई याचिका, 25 को सुनवाई

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

निलंबित आईएएस मुकेश गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन रिट में एक नया आवेदन देकर तत्काल सुनवाई की माँग रखी है। मुकेश गुप्ता की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट आगामी 25 को सुनवाई , निलंबित आईएएस मुकेश गुप्ता ने अपने आवेदन में सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी है कि छत्तीसगढ पुलिस उनके और उनके ,बेटी की कॉल रिकॉर्डिंग कर रही है 7 इधर सोशलमीडिया में एक सामाजिक कार्यकर्ता ने अपने फेसबुक में यह लिखा हैं। माटी पुत्र भूपेश बघेल की सरकार को एक साल पूरा होने आ रहा है फिर भी कुछ ताकते उसे



कमजोर करने और गिराने में लगी हुई है।

बहुत सी सुनियोजित ढंग से पहले सुप्रीम कोर्ट में एक निलबिंत पुलिस अधिकारी की याचिका लगती है और भरष्टचार के सारे सबूत और एफआईआर होने के बावजूद सुप्रीम कोर्ट से उसे सारी एफआईआर पर बिना सरकार को सुने स्टे मिल जाता है। इसके बाद सीबीआई जिसके आने पर सरकार की रोक है सारे मामलो पर जांच करने की माग करती है।

सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद भी बिना सरकार में किसी को बताये हुए राजधानी में पुलिस कप्तान अपनी टीम को मुकेश गुप्ता के आफिस पर छापा मारने दिल्ली भेज देते है।दिल्ली में ये टीम सिर्फ छापा ➢शेष पेज 8 पर

## नेता बड़े सियासत छोटी...

# आखिर राजनीति में इतनी कड़वाहट क्यों? पराजय का दंश या जीत की इतराहट

ए. एन. द्विवेदी < रायपुर
www.dailypioneer.com

क्या हो गया है सूबे के शीर्ष नेताओं को? वे एक दूसरे के खिलाफ क्यों जहर उगल रहे हैं? क्या पराजय का दंश और जीत की इतराहट कम नहीं हो पा रही है? आखिर सूबे की सियासत में इतनी कड़वाहट क्यों पनप गई? इसका अंत होगा या नहीं? ऐसे सवाल इन दिनों सूबे की सियासत को लेकर कौंध रहे हैं। यह तो तय है कांग्रेस व भाजपा दोनों ही दलों के बड़े नेता साफ सुथरी सियासत नहीं कर रहे हैं। इनके बोल बिगड़े हुए हैं। कांग्रेस विधानसभा चुनाव में जीत व सरकार बनाने के बाद खास कर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन



सिंह को निपटाने के फेर में लगी हुई है। वहीं भाजपा व डॉ. रमन सिंह कुर्सी जाने के बाद सत्ता में कांग्रेस व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बर्दास्त नहीं कर पा रहे हैं। जहां तक कांग्रेस के डॉ. रमन सिंह को निपटाने के फेर में लगे रहने की बात है तो इसकी शुरुआत डॉ. रमन सिंह पद में रहते हुए भूपेश बघेल को जेल भेज कर कर चुके हैं। फिर बोए बबूल तो आम कहां से होए। डॉ. रमन सिंह तब यह मान कर चल रहे थे कि उनकी सत्ता अनंत काल तक है। इसीलिए वे कांग्रेस के नेताओं को तुच्छ समझ रहे थे। तब वे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे भूपेश बघेल को भी तवज्जो नहीं दे रहे थे। फिर तो यही



होना था जो हो रहा है। इसकी कीमत डॉ. रमन सिंह चुका रहे हैं। बिगड़े बोल नहीं सुधारे तो आगे चल कर इससे भी बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। डॉ. रमन सिंह के खिलाफ अनेक जांच चल रही है। इस संबंध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कहना है सभी जांच उनके कार्यकाल के हैं। उनकी सरकार इसे सिर्फ आगे बढ़ा रही है। बात सौ फीसदी सच है लेकिन इसकी आड़ में बिगड़े सियासत बोल हजम योग्य नहीं है। हल्के बयानवीर बनने के बजाय भूपेश बघेल सरकार व उनकी पार्टी को केंद्र की मोदी सरकार का अनुसरण करना चाहिए। मोदी सरकार विपक्षी नेताओं के खिलाफ बयानबाजी के बजाय सीधे जांच एजेंसियों के माध्यम से काम तमाम कर रही है। इस राह में चल कर भूपेश बघेल सरकार भी डॉ. रमन सिंह व उनके मंत्रिमंडल ➢शेष पेज 8 पर

राज्यपाल इंदिरा गांधी कृषि विवि में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला शुरू

# कम लागत में अधिक उत्पादन बढ़ाने की रणनीति पर हो काम : राज्यपाल उइके

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




राज्यपाल अनुसुईया उइके ने कहा, कम लागत में अधिक उत्पादन बढ़ाने की रणनीति पर कार्य कर धान की खेती को लाभकारी बनाएं। धान की ऐसी प्रजातियां विकसित की जाए जो कम लागत में अधिक उत्पादन देने वाली हों। इसके साथ ही सूखा निरोधक, जैविक एवं जैविक घटकों के प्रभाव को सहन करने की क्षमता वाली तथा पोषक तत्वों से भरपूर हो। यह बातें राज्यपाल ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के सभागृह में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कहीं।

धान के नवीन किस्मों के शीघ्र विकास एवं बेहतर जैव विविधता उपयोग के लिए प्रजनन कार्यक्रम के आधुनिकीरण विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में आठ देशों के वैज्ञानिक हिस्सा ले रहे हैं।

राज्यपाल ने कृषि वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि वे ऐसा मैकेनिज्म तैयार करें, कि वर्तमान में लगने वाले 15 वर्षों के स्थान पर 5-6 वर्षों में ही किसानों के खेतों तक नई किस्में पहुंच सके। सार्वजनिक क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं को इस विषय पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एसके पाटिल, राज्य सरकार के सलाहकार रमेश शर्मा, अंतरराष्ट्रीय धान अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक संजय कटियार ने भी कार्यशाला को संबोधित किया। इस अवसर पर कृषि आधारित पत्रिकाओं का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में धरसींवा विधायक योगिता शर्मा सहित कृषि वैज्ञानिक मौजूद थे।

### दूबराज, जीरा फूल व जवाफूल की उत्पादकता बढ़ाएं

कार्यशाला में राज्यपाल ने कहा, दूबराज, जीरा फूल एवं जवाफूल आदि सुगंधित किस्में हैं, जिनकी उत्पादकता और सुगंध कम होती जा रही है। इन सुगंधित प्रजातियों की सुगंध को बनाए रखने और इनकी उत्पादकता बढ़ाने के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट की फिलीपींस से आए वैज्ञानिकों एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से कहा कि वे चावल के अनुसंधान के लिए नए क्षेत्रों का चिन्हांकन करें।

# दिवाली के पहले संडे के दिन बारिश ने धंधा किया मंदा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

दिवाली के पहले संडे के दिन बिग बिजनेस की उम्मीद जताई जा रही थी। लेकिन बारिश ने धंधे पर पानी फेर दिया। छुट्टी का दिन और त्योहारी सीजन होने की वजह से आज सभी शोरूम भी खुले रहेंगे। कारोबारियों ने इसकी तैयारी भी कर ली है।

आमतौर पर राजधानी में रविवार को 70 से 80 फीसदी शोरूम बंद रहते हैं, लेकिन आज सभी शोरूम आम दिनों की तरह खुले रहेंगे। इसके बाद 21 और 22 अक्टूबर को 2 दिन पुष्य नक्षत्र का संयोग रहेगा। ऐसे में धनतेरस के पहले बाजार में रविवार के अलावा 2 दिन पुष्य नक्षत्र मिलाकर लगातार तीन दिन तक बड़े कारोबार की संभावना है। ऑटोमोबाइल्स और सदर बाजार के सभी शोरूम खुले रहेंगे। अलग-अलग सेक्टर के लोगों का कहना है कि रविवार को बुकिंग सबसे ज्यादा होगी। लोग घरों से निकलेंगे। बुकिंग के बाद डिलिवरी पुष्य नक्षत्र, धनतेरस, दिवाली अलग-अलग दिनों में की जाएगी। इसके अलावा बाजार में खरीदारी करने वाले ग्राहक भी बाजार को गति पहुंचाएंगे।

इन बाजारों में ग्राहकों की उमड़ेगी भीड़



### शनिवार को बाजार में जमकर हुई खरीदारी

शनिवार को सरकारी कर्मचारियों के अवकाश की वजह से बाजार में जमकर खरीदारी हुई। वीकेंड होने की वजह से प्रमुख बाजारों में लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। ऑटोमोबाइल्स, सराफा, रियल स्टेट, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य शो-रूम में अच्छी भीड़ रही।

### ये है राजधानी का मुख्य बाजार

- सदर बाजार
- मालवीय रोड
- श्री बंजारी रोड बाजार
- गोल बाजार
- पंडरी थोक कपड़ा मार्केट
- नया पारा थोक और चिल्हर बर्तन
- एमजी रोड बाजार
- स्टेशन रोड बाजार
- रामसागर पारा रोड
- शास्त्री बाजार
- चिकनी मंदिर रोड
- मौदहापारा रोड
- एडवर्ड रोड-सदर बाजार

# राजधानी में दो अलग-अलग सड़क हादसे में 4 की मौत



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी में रविवार का दिन दुःखद हादसों का दिन रहा. दो अलग-अलग हादसों में 4 की मौत हो गई है। उरला थाना क्षेत्र में दो बाइक के आपस में टकराने से तीन युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं डीडी नगर थाना क्षेत्र में स्कूटी सवार युवती की एक ट्रक के चपेट में आने से मौत हो गई।

उरला थाना प्रभारी मनीष परिहार के मुताबिक तीनों युवक बाइक में सवार थे और बीरगांव से उरला की ओर जा रहे थे। वहीं सामने से आ रही मेस्ट्रो गाड़ी में सवार युवक से उनकी आमने सामने की भिड़ंत हो गई. हादसे में तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. बताया जा रहा है कि जिस दौरान हादसा हुआ उस दौरान तेज बारिश हो रही थी। माना जा रहा है कि बारिश की वजह से गाड़ी चालक सामने से आती हुई गाड़ी को देख नहीं पाया और दोनों गाड़ियों की आमने सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में मृतक तीन में से एक युवक की शिनाख्त बीरगांव क्षेत्र के अछोली में रहने वाले कल्याण चतुर्वेदी के रुप में हुई है. घटना स्थल से मृतक का आधार कार्ड मिला है. वहीं दो अन्य युवाओं की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# नगरीय निकाय चुनाव में 35 लाख मतदाता करेंगे मताधिकार का उपयोग, पहली बार सवा लाख वोटर डालेंगे वोट

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

**32 हजार 171 नामों को किया गया निरस्त**




राज्य में होने वाले आगामी नगरीय निकाय चुनावों में कुल 35 लाख 29 हजार 565 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे. इनमें से एक लाख 25 हजार 606 नये मतदाता हैं. कुल मतदाताओ में पुरुषों की संख्या 17 लाख 65 हजार 881 हैं जबकि महिलाओं की संख्या 17 लाख 63 हजार 289 हैं. 395 तृतीय लिंग के मतदाता भी अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे. इनमें बिलासपुर नगर निगम के मतदाताओं की संख्या शामिल नहीं हैं. बिलासपुर में निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 21 अक्टूबर को होगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर रामसिंह ने बताया कि बिलासपुर को छोड़कर राज्य की 9 नगरपालिका निगमों , 38 नगरपालिकाओ और 103 नगर पंचायतो में निर्वाचक नामावली के प्रकाशन के बाद नागरिकों से दावे और आपत्तियां आमंत्रित की गयी थी. कोई भी मतदाता अपना नाम जुड़वाने से ना चुके इसलिए निर्धारित अवधि को बढ़ाया भी गया था. निर्धारित तिथि के बाद दावे , आपत्तियों के निराकरण के उपरांत एक लाख 25 हजार 606 नये नाम जोड़े गये , 8 हजार 146 मतदाताओं के नाम , लिंग , पते आदि में सुधार किया गया तथा 32 हजार 171 नामों का निरस्त किया गया।

### दो टन सरिया खरीदा व पैसा मांगने पर दुकानदार की कर दी पिटाई, मामला दर्ज

**रायपुर।** दो टन सरिया खरीदकर पैसा देने की बात पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने की रिपोर्ट सेजबहार थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम कालोनी समता कालोनी, आजाद चौक निवासी राजेश कुमार अग्रहरी 50 वर्ष पिता बनारसी अग्रहरी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 18 अक्टूबर को गुढ़ियारी निवासी राजू कदम वर्मा, राजेश वर्मा, राजू साहू ने दो टन सरिया का आर्डर दिया था माल पहुंचाने के बाद पैसा मांगने पर आरोपियों ने प्रार्थी को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारकर चोट पहुंचाई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है।

# बिना पंजीयन के रियल इस्टेट का चल रहा था करोबार

रेरा ने वात्सल्य बिल्डर्स के डायरेक्टर और मैनेजर के खिलाफ दर्ज कराया एफआईआर




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में रेरा (भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण) में बिना पंजीयन कराए रियल इस्टेट का प्रचार प्रसार कर ठगी करने मामले में एफआईआर दर्ज हुई है. रेरा ने वात्सल्य बिल्डर्स के डायरेक्टर और मैनेजर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है.

रायपुर के सेजबहार स्थित प्रोजेक्ट वात्सल्य गौरव और वात्सल्य गौरव फेस 2 का रेरा में पंजीयन नहीं किया था. ऐसे ही कंपनी का प्रचार कर निवेशकों से लाखों रुपए ठग चुके थे. अब निवेशकों के पैसे लेकर भी फरार हो गए है। इसी लिए रेरा ने सिविल लाइन थाने में वात्सल्य बिल्डर के डायरेक्टर प्रफुल्ल पुरुषोत्तम राव गडगे और मैनेजर राजपाल सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है. सिविल लाइन थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।

# अविनाश ग्रुप के स्मार्ट रेसिडेसियल प्रोजेक्ट अविनाश स्मार्ट सेजबहार की भव्य लाचिंग

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




**ग्राहकों को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद**

छत्तीसगढ़ की विश्वसनीय रियल एस्टेट कंपनी अविनाश ग्रुप अपने रेसिडेसिंयल प्रोजेक्ट अविनाश स्मार्ट सिटी की भव्य लाचिंग हुई जिसमें शहर के गणमान्य सदस्यो के साथ भारी मात्रा में रायपुर व रायपुर के आसपाल से लोग उपस्थित हुये एवं प्लॉट्स की बुकिंग की। अविनाश स्मार्ट सिटी की ये परियोजना सेजबहार रायपुर रिंग रोड 1 से लगी हुई है। जिससे वह रायपुर के फास्ट लाईफस्टाईल से कनेक्टेड है। इस संदर्भ में अविनाश ग्रुप के प्रबंध संचालक आनंद सिंघानिया व डायरेक्टर अनिल अग्रवाल व सौरभ अग्रवाल ने प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए बताया की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन 100 स्मार्ट सिटी के मिशन में अविनाश ग्रुप अपनी भागीदारी निभाते हुए अविनाश स्मार्ट सिटी परियोजना, स्मार्ट सिटी की तर्ज में शुरू की गयी है। स्मार्ट सिटी की तर्ज पर बने रहे इस प्रोजेक्ट में चारो तरफ साइकल ट्रैक, 4 सेक्टर में 355 आवसिय प्लॉट की परियोजना है अविनाश स्मार्ट सिटी में वर्ल्ड कॉल्स सुविधाएं जैसे की सेक्टर बेस्ड व ऐप बेस्ड इंटीग्रेटेड टाउनशिप व पोल्यूसन फ्री ग्रीन लिविंग टाउनशिप होगी। वह अपने आप में विशेष है क्योकि इस प्रोजेक्ट में ऐसे अनेक सुविधाएं दी जाएगी जोकि रायपुर के अन्य परियोजना से इसे अलग बनाते है। जिसमें शानदार स्मार्ट कल्ब व अन्य सुविधा जैसे स्वीमिंग पुल, इन्डोर बोर्ड गेम, जीम, योगा हाल टेबल टेनिस, 2 इन्डोर बैडमेन्टन कोर्ट व कम्युनीटी हाल की सुविधा दी जा रही।

### त्यौहार के चलते ट्रेनों में बढ़ी भीड़

**रायपुर।** त्यौहारों के इस सीजन में ट्रेनों में भारी भीड़ चल रही है, जिसके चलते लंबी दूरी की ट्रेनों में अब अक्टूबर माह तक लोगों को कन्फर्म बर्थ की टिकिट नहीं मिल पा रही है, बल्कि वेटिंग लिस्ट बढ़ते जा रही है। दीपावली त्यौहार के चलते इन दिनों दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत तीनों मंडलों रायपुर, बिलासपुर एवं नागपुर मंडलों के अंतर्गत अप-डाउन की सभी ट्रेनों में भारी भीड़ चल रही है। सबसे ज्यादा लंबी दूरी की ट्रेनों में भीड़ देखी जा रही है, जिसके चलते इन ट्रेनों के स्लीपर कोचों में लोगों को कन्फर्म बर्थ की टिकिट नहीं मिल पा रही है। कई लंबी दूरी की ट्रेनों में रिजर्वेसन कराने के बावजूद लोग वेटिंग लिस्ट में है।

# शुभ कदम में कुछ भी खरीदो अब सिर्फ एक रुपये में रायपुर के साथ भिलाई में भी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

इस्पात भूमि पर आज से शुभ कदम




इस्पात नगरी भिलाई में रविवार को सुबह शुभ कदम के साथ होगी। राजधानी के बाहर शुभ कदम ने पहली बार अपने कदम बाहर रखने जा रहा है। यह स्टोर दक्षिण गंगोत्री, सुपेला , भिलाई में आज से शुरू हो रहा है। यह जानकारी शुभ कदम के संचालक प्रदीप जीवन ने दी।

उन्होंने बताया कि शुभ कदम ने रायपुर में अपने ग्राहकों के मध्य जो साख बनाई है जिसके चलते शहर में शुभ कदम के पांच स्टोर मालवीय रोड़,शास्त्री बाज़ार, कटोरा तालाब,लाखे नगर, पंडरी में संचालित हैं। रविवार को भिलाई सुपेला गंगोत्री परिसर में शुभ कदम के नये स्टोर की शुरूआत होने जा रही है। शुभ कदम में शिशुओं से लेकर बच्चों ,महिलाओं और पुरूषों के जूते, चप्पल, सेंडिल,तथा अन्य सभी प्रकार की नवीनतम रेंज हमेशा उपलब्ध रहती हैं। इसके अलावा नामी कंपनियों के उत्पाद भी शुभ कदम में वाजिब दामों पर उपलब्ध रहते हैं। संचालक प्रदीप जीवन ने बताया कि दीपावली त्योहार को देखते हुए शुभ कदम ने अपने सभी स्टोर में आने वाले ग्राहकों के लिये 'कुछ भी खरीदो, कितना भी खरीदो सिर्फ एक रुपये में' योजना की शुरूआत की है।

इस योजना के तहत स्टोर में आने वाले ग्राहकों को खरीददारी पर जो बिल दिया जाता है उसकी एक प्रति लकी ड्रा के डिब्बे में डाली जाती है दूसरे दिन सुबह स्टोर खुलने पर पांच ग्राहकों का ड्रा निकाला जाता है। लक्की ड्रा विजेता ग्राहक ने जितने की खरीदी की है उतने की खरीदी वह शुभ कदम के किसी भी स्टोर से केवल एक रूपये देकर कर सकता है। शुभ कदम की इस योजना को सभी जगह जबरदस्त रेस्पॉन्स मिल रहा है ।

महिला से चौथी बार प्रेग्नेंट होने की बात सुनकर डॉक्टर ने कहा कि तुमको शर्म नहीं आती

# मेकाहारा में डॉक्टर ने की गर्भवती महिला से मारपीट, मामला पहुंचा थाने

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



एक महिला डॉक्टर द्वारा गर्भवती महिला से मारपीट करने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक वह डिलीवरी के लिए डॉक्टर के पास आई थी। महिला का आरोप है कि चौथी बार गर्भवती होने की बात सुनकर डॉक्टर ने थप्पड़ लगाने शुरू कर दिए। इसके अलावा वहां मौजूद अन्य नर्स और स्टाफभी जूनियर डॉक्टर का साथ देते हुये परिजनों और मितानिनों के साथ गाली गलौज करने लगे। पीड़िता ने इसकी शिकायत थाने में की है।

यह घटना मेकाहारा अस्पताल की है, जहाँ एक गर्भवती महिला डिलीवरी के लिये मेकाहारा अस्पताल आयी थी। गर्भवती महिला के साथ मितानिन और परिजन भी थे। गर्भवती महिला से चौथी बार प्रेग्नेंट होने की बात सुनकर डॉक्टर ने कहा कि तुमको शर्म नहीं आती, चौथी बार प्रैग्नेंट हुई हो। इतना कहते-कहते महिला डाक्टर ने गर्भवती महिला को दो थप्पड़ जड़ दिये। इसके बाद डॉक्टर और महिला के बीच गायनिक विभाग के लेबर रूम के भीतर जमकर विवाद हुआ। विवाद के दौरान मितानिनों ने जूनियर डॉक्टर के इस बर्ताव का विरोध किया तो डॉक्टर मितानिन से ही भिड़ गयी और उसके साथ धक्का-मुकी करने लगी। वहां मौजूद अन्य नर्स और स्टाफ भी जूनियर डॉक्टर का साथ देते हुये परिजनों और मितानिनों के साथ गाली गलौज करने लगे। महिला ने इसकी शिकायत मौदहापारा थाने में की है।

इस मामले में मौदहापारा थाना प्रभारी यदुमणि सिदार ने बताया कि- 'मामले की शिकायत हुई और जाँच की जा रही है जाँच के बाद कार्रवाई की रही है।'

# हर्षित लैंडमार्क में स्मार्ट फ्लैट खरीदने पर पजेशन तक ईएमआई फ्री

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



दीपावली के शुभ मुहूर्त पर स्मार्ट फ्लैट लेकर एक बार फिर रियल एस्टेट सेक्टर के सबसे बेहतरीन आवासीय प्रोजेक्ट हर्षित लेंडमार्क में शानदार ऑफर अपने ग्राहको के लिए सिंघानिया बिल्डकॉन लेकर आए हैं, ग्राहकों की स्वाभाविक पसंद होती है शुभ मुहूर्त पर प्रापर्टी खरीदना और फेस्टिव सीजन में मिलने वाली कुछ अतिरिक्त सौगात का भी वे लाभ लेना चाहते हैं। इसलिए कह सकते हैं कि इंतजार की घड़ी अब खत्म हुई और सिंघानिया बिल्डकॉन के हर्षित लैंडमार्क में फ्लैट लेने का सबसे बेस्ट समय आ गया है। जिसमें घर तो आपका होगा लेकिन जब तक पजेशन नहीं मिल जाता है ईएमआई सिंघानिया बिल्डकॉन की ओर से दिया जायेगा। साथ ही जीएसटी फ्री, बाइक पार्किंग फ्री, बिजली कनेक्शन फ्री, कॉमन एरिया में पॉवर बैकअप फ्री एवं तीन साल का मेन्टनेंस भी पूर्णतः फ्री है, तो इस दीपावली कर ही लें अपने परफेक्ट आशियाने की जरूरत पूरे महाबचत के साथ। नये फ्लैट की बुकिंग पर ईएमआई और अपने वर्तमान किराये की दोहरी मार से बचने एवं महाबचत के सुनहरे अवसर से कही आप चूक न जाएं। आज के लाइफ स्टाइल के अनुरूप बन रहे हर्षित लैंडमार्क के फ्लैट में सब कुछ बेहतरीन है जो आपके और आपके बच्चों के लिए जरूरी है। इस दीपावली प्रापर्टी खरीदकर अपनी खुशियां दोगुनी करने का इससे अच्छा अवसर नहीं है मात्र 13.75 लाख रुपए की शुरूआती मूल्य पर आपको फ्लैट मिल जायेगा। हर्षित लैंडमार्क के ए, बी और सी तीन ब्लाक में 1, 2 और 3 बीएचके फ्लैट 90 प्रतिशत तक तैयार हैं।

### गोपाल मंदिर में अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा 28 को

**रायपुर।** प्राचीनतम गोपाल मंदिर पुरानीबस्ती रायपुर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली के दूसरे दिन 28 अक्टूबर सुबह सोमवार को अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर परिसर के भक्त डॉ. सुरेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्षों से परंपरा रही है कि अन्नकूट के दिन गौ धन की मंदिर परिसर में पारंपरिक प्रसाद यथा दाल, चावल, खिचड़ी, बड़ा, पुड़ी, जिमीकांदा के सब्जी के उन्हें भोग बनाकर विधिवत पूजा कर अर्पित किया जाता है इस वर्ष भी गौ माताओं की एवं नंदी भगवान की विधिवत पूजा श्रद्धालुओं की उपस्थिति में की जाएगी। उन्होंने गोपाल मंदिर के आसपास के रहने वालों से अधिक से अधिक संख्या में अन्नकूट महोत्सव में भाग लेने का आग्रह किया है।

## कोटेला में स्टेडियम निर्माण तथा बागडोंगरी में ग्राम पंचायत भवन निर्माण की घोषणा

# गांधी विचार पदयात्रा के समापन समारोह में शामिल हुए पंचायत-ग्रामीण विकास मंत्री टीएस सिंहदेव

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर 11 अक्टूबर आज 17 अक्टूबर तक गांधी विचार पदयात्रा का आयोजन किया गया। प्रदेष के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टीएस सिंहदेव चारामा विकासखण्ड के ग्राम चारभाठा में आयोजित गांधी विचार पदयात्रा के समापन समारोह में क्षेत्रीय विधायक मनोज सिंह मण्डावी के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर आयोजित समापन समारोह को संबोधित करते हुए सिंहदेव ने कहा कि महात्मा गांधी ने पूरी दुनिया को सत्य एवं अहिंसा का रास्ता बताया। उस जमाने में जब पूरी दुनिया में अंग्रेजों का राज थाए उनमें ताकत थी, ऐसे समय में उन्होंने अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए देष को आजादी दिलाई। आज दुनिया महात्मा गांधी को मानती है, सौ से अधिक देषों में उनकी प्रतिमा लगी हुई है और उनके सिद्धान्तों व आदर्शों का अनुकरण कर रहे हैं। कोई भी व्यक्ति अपनी कमियों को दुनिया के सामने रखने में हिचकता है, लेकिन महात्मा गांधी ने अपनी कमियों को बताया और उसमें सुधार कर जीवन में कभी दुबारा गलती नहीं कीए उनमें आत्मबल था जिससे वे अपनी गल्तियों से शिक्षा लेते थे और उनमें सुधार करते थे। उन्होंने बिना गोली और बंदूक चलाये अंग्रेजों को यहां से बाहर कर दिया। महात्मा गांधी के 150वीं जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य में 02 एवं 03 अक्टूबर को विधानसभा की विषेष बैठक बुलाई गई, जिसमें गांधीजी के विचारों को व्यक्त करने का अवसर प्राप्त हुआ। सिंहदेव ने आम लोगों को गांधीजी के बताये रास्ते पर चलने की अपील करते हुए कहा कि गांधी जी हम सबके जीवन में प्रेरक के रूप में काम करे तथा उनके विचार हमें बेहतर इंसान बनाने में सहायक बने।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टीएस सिंहदेव ने चारामा विकासखण्ड के ग्राम कोटेला में स्टेडियम निर्माण और ग्राम पंचायत बागडोंगरी में ग्राम पंचायत भवन बनवाने की घोषणा किया। उनके द्वारा ग्राम चारभाठा के माता दंतेष्वरी मंदिर परिसर में आहाता निर्माण के लिए 01 लाख रूपया स्वेच्छानुदान स्वीकृत करने की घोषणा भी की गई।

गांधी विचार पदयात्रा के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए विधायक श्री मनोज सिंह मण्डावी ने महात्मा गांधीजी के विचारों को जन.जन तक पहुंचाने की अपील करते हुए उनके सिद्धान्तों एवं आदर्षों पर चलने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। कार्यक्रम को चारामा जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष ठाकुर राम कश्यप ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत चारामा के अध्यक्ष उषा वट्टी, नरेन्द्र यादव, पुरषोत्तम गजेन्द्र, मीना मण्डावी, सत्यजीत यादव, मोहित नायक, देवांनंद कोरेटी, दुल्लुराम नरेटी, गितेश मेश्राम, बिरेन्द्र मण्डावी, श्यामलाल बाल्किमी, अरूण शोरी, देवराम ठाकुर, मुन्ना कुंजाम,तिलक कोड़ोपी,बाला मण्डावी, चारभाठा के सरपंच यशोदा ठाकुर,उप सरपंच हरशचंद देवांगन सहित सरपंच अगसिया ठाकुर, निर्मला नेताम, ईश्वरी तेता, जमुना शोरी,रतिराम जुर्री, श्रवण ठाकुर, मेघनाथ कुंजाम एवं पंचगण एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## शिविर में ईलाज के साथ स्वास्थ्य के संबंध में भी परिचर्चा हो-मनोज मण्डावी

भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक मनोज मण्डावी के मुख्य अतिथि में आज दुर्गूकोंदल में जिला स्तरीय विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 757 मरीजों का निःशुल्क जांच एवं उपचार किया गया तथा दवाईयां दी गई। शिविर में स्त्री रोग के 102, नेत्र के 123, नाक, कान, गला के 84, आयुष के 80, आर्थो के 42, मेडिसिन के 153 और शिशु रोग के 138 और दंत रोग से संबंधित 35 मरीजों का उपचार शिविर स्थल में किया गया एवं निःशुल्क दवाईयां दी गई। जिला स्तरीय विशाल स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करते हुए क्षेत्रीय विधायक मनोज सिंह मण्डावी ने कहा कि लोगों को उनके नजदीक ही स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया जा रहा है। शिविर में उपस्थित मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करते हुए उपचार किया जाए। स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाये, ताकि इसका अधिकतम लोगों को लाभ मिल सके। प्रचार-प्रसार के लिए मितानीन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, स्वास्थ्य कार्यकर्ता सहित जनपद पंचायत का सहयोग लिया जावे। साप्ताहिक बाजार के दिन स्वास्थ्य शिविर आयोजित न किया जाकर अन्य दिवस शिविर आयोजित किया जाए।

# काम मे लापरवाही करने पर कार्यवाही होगी- कुंजाम

- गर्भवती माताओं शिशुवर्ती माताओं शाला त्यागी बच्चों एवं 15 से 49 आयु के महिलाओं को पौष्टिक आहार से लाभान्वित करने के निर्देश दिए

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com




एकीकृत बाल विकास परियोजना के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ताओं का संवेदीकरण कार्यक्रम सांस्कृतिक भवन बीजापुर में कलेक्टर के डी कुंजाम के उपस्थिति में किया गया । कलेक्टर के डी कुंजाम ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि 2 अक्टूबर से शासन की महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का शुभारम्भ किया गया है। उन्होंने सभी गर्भवती माताओ,शिशुवती माताओ,कुपोषण से ग्रसित बच्चे, शाला त्यागी बालिकाओ और 15 से 49 आयु वर्ग के सभी महिलाओं को इस योजना मे शामिल कर अतिरिक्त पौस्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिए कहा। श्री कुंजाम नेकहा कि अंडा, फोर्टिफाइड मूंगफ्ली चिक्की, पौस्टिक बिस्कुट और अनीमिया से ग्रसित 15 से 49 आयु वर्ग के महिलाओ को गर्म भोजन भी खिलाया जाना है।इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम पंचायत में शिविर लगाकर अनीमियाकी जाँच भी कि जा रही है। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में निर्माण किये जा रहे पोषण वाटिका की स्थिति की भी जानकारी कार्यकर्ताओं से ली और पोषण वाटिका में हरी सब्जियां अधिक से अधिक लगाकर आंगनबाड़ी केंद्रों में कुपोषित दर्ज हितग्राहियों को लाभन्वित करने को कहा।श्री कुजाम ने कहा कि इसको जन आंदोलन के रुप मे किया जाना है, इसमे सभी ग्रामवासियों को सम्मिलित भी किया जाना है और उनको प्रेरित भी किया करना है। ऐसे सभी बच्चे जो कि कुपोषित और गंभीर कुपोषित हैं उन्हें चिन्हित कर अनिवार्य रूप से पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती किया जाना है ।

## स्मृति दौड़ में भाग लिए देश विदेश से आये प्रतिभागी

देश के वीर जवानों को स्मरण करते हुए जिला पुलिस प्रशासन बीजापुर द्वारा भव्य स्मृति दौड़ शहीद स्मरण तिरंगा चैक आवापल्ली से सर्किटहाउस बीजापुर तक कार्यक्रय के मुख्य अतिथि बस्तर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक विक्रम शाह मण्डावी एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने हरी झड़ी दिखाकर रवाना किया। इस स्मृति दौड़ में बीजापुर जिले के ही नहीं बल्की देश विदेश व राज्य स्तर के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । मुख्य कार्यक्रम सर्किटहाउस बीजापुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा शहीदों को श्रद्धाजंलि दी एवं उन्हें याद किया। स्मृति दौड़ के पश्चात सभा को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विक्रम मण्डावी ने कहा कि बीजापुर एक समय पर अतिसंवेदनशील क्षेत्र था।

# मिट्टी के दीये बेचने वाले से कर वसूली न करें-चौहान

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

जिले के हाट-बाजारों में मिट्टी के दीया बेचने आने वाले कुम्हारों एवं ग्रामीणों से कर की वसूली नहीं करने एवं उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर श्री के.एल. चैहान ने सभी एसडीएम, तहसीलदार तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और नगर पालिका व नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया है। कलेक्टर चैहान ने कहा कि दीया बेचने के लिए बाजारों में आने वाले ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, उनका पूर्ण रूप से ध्यान रखा जाकर नगर पालिका व नगर पंचायत क्षेत्र तथा ग्रामीण हाट-बाजारों में इनसे किसी प्रकार की कर वसूली न की जाये, साथ ही मिट्टी के दीये का उपयोग के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाये। उल्लेखनीय है कि दीपावली पर्व पर कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के दीये बनाये जाते हैं तथा उन्हें बाजारों में बेचने के लिए लाया जाता है, जिन्हें सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया है।

## पालनार सरपंच और ढोल नृत्य के सदस्यों के ने प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील



**किरंदुल ।** ग्राम पालनार के साप्ताहिक बाजार में यहां के व्यापारियों को सिंगल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील पालनार सरपंच सुकालू मुड़ामी व यहां के ढोल नृत्य के सदस्यों के द्वारा की गई। पोस्टर पाम्पलेट के माध्यम के द्वारा लोगों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। चूंकि पालनार में नवाखाई का त्यौहार मनाया जा रहा है, तो सिंगल उपयोग प्लास्टिक मुक्त पालनार बनाने की सबसे अपील् कर इस त्यौहार को मनाया गया।

# ओवर ऑल चैंपियनशिप में डीएवी किरंदुल प्रथम बचेली को मिला द्वितीय स्थान



**किरंदुल।** दो दिवसीय खेल महाकुंभ का शनिवार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल में 18 अक्टूबर से आयोजित नेशनल मीट 2019 क्लस्टर लेवल 3 जोन ए खेल का भव्य आयोजन किया गया।स्थानीय फुटबाल ग्राऊण्ड में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत डीएवी के बच्चों ने मार्च पास्ट स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत कर किया। व्यायाम शिक्षक मनोज सिंह ने बताया कि खेलों के इस महाकुंभ में 15 विद्यालयों की 130 छात्रायें एवं 280 छात्रों सहित कुल 410 विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## केन्द्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह ने ली समीक्षा बैठक



**कांकेर।** केन्द्रीय राज्य मंत्री आदिवासी विकास विभाग (ट्रायबल अफेयर्स) श्रीमती रेणुका सिंह ने आज सर्किट हाउस कांकेर में बस्तर संभाग के सभी सात जिलों के सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं परियोजना प्रशासकीय एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# सीएमओ पीआर कोर्राम एक बार फिर विवादों से घिरे

पायनियर संवाददाता < बचेली
www.dailypioneer.com






बचेली के बहुचर्चित सीएमओ पीआर कोर्राम एक बार फिर विवादों से घिर गए है। इस बार मामला कार्य के प्रति लापरवाही बरतने का है। लोगो की माने तो साहब ऑफिस में कम रायपुर में ज्यादा समय बिता रहे है। आपको बता दे की कुछ दिनों पहले ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सलीम रजा उस्मानी ने दंतेवाड़ा कलेक्टर महोदय को एक लिखित शिकायत पत्र दिया था जिसमे सीएमओ द्वारा अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन नही करने ,ज्यादातर बचेली में उपस्थिति ना देकर रायपुर में रहने ,बीपीएल कार्ड परिवारों को अभी तक कार्ड वितरण ना किये जाने,बचेली नगर की मूलभूत आवश्यकताओं से जनता को वंचित रखने,वर्तमान में एपीएल कार्ड बनवाने को लेकर जनता तक सही जानकारी नही पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। सलीम रजा उस्मानी के मुताबिक जनहित के कार्यो में सीएमओ साहब की कोई रुचि नही है। जिसकी वजह से बचेली नगर की जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित होती जा रही है। 3000 के करीबन बीपीएल कार्ड बांटे जाने थे जो की अभी तक नगरपालिका में ही पड़े है। जिससे गरीब परिवार सुविधाओ से वंचित है कार्ड में कई खामियां भी जी जिसका खामियाजा गरीब परिवारों को भुगतना पड़ेगा।

# स्कूली स्वच्छता एवं फ्लोराइड नियंत्रण पर एक दिवसीय कार्यशाला

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के.एल. चैहान की उपस्थिति में जिला कार्यालय में आज स्कूली स्वच्छता एवं फ्लोराइड नियंत्रण पर एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें बताया गया कि फ्लोरोसिस एक जन स्वास्थ्य समस्या है। यह लंबे समय तक पेयजल, खाद्य उत्पादों, औद्योगिक प्रदूषकों के माध्यम से एवं फ्लोराईड के अत्यधिक सेवन की वजह से होता है। दांत चाक के जैसे सफेद हो सकते हैं या उस पर सफेद, पीले, भूरे या काले धब्बे हो सकते हैं या उसकी ऊपरी परत पर धारियां बन सकती है। स्केलेटल फ्लोरोसिस हड्डियों और शरीर के प्रमुख जोड़ों जैसे गर्दन, रीढ़ की हड्डी, कंधे, कूल्हे और घुटनों के जोड़ों को प्रभावित करता है। इसकी वजह से इन जोड़ों में बहुत तेज दर्द होता है, इनमें कठोरता या जकड़न होने लगती है। गंभीर रूप से यह विकलांग की वजह भी बन जाता है। नॉन-स्केलेटल फ्लोरोसिस गैस्ट्रां-इंटेस्टाइनल शिकायतों आदि के रूप में फ्लोरोसिस के आरंभिक लक्षण के तौर पर सामने आता है और यह अन्य रोगों को छुपा देता है।

कांकेर जिले के तीन विकासखण्डों नरहरपुर, कांकेर और चारामा के कई गांवों के पानी में फ्लोराइड की मात्रा ज्यादा पाया गया है, जिसके कारण वहां के निवासी प्रभावित हो रहे हैं। इसके कारण उनके दांतों में फ्लोरोसिस के लक्षण पाया गया है। परिचर्चा के दौरान बताया गया कि पानी में फ्लोराईड की मात्रा 1 पीपीएम से ज्यादा होना, काला नमक, चाट, काली चाय, तम्बाकू, गुटखा, मिक्चर (पैकेट बंद), जलजीरा एवं फ्लोरिडेटेड टुथ पेस्ट इत्यादि के सेवन फ्लोरोसिस के कारण होते हैं। फ्लोरोसिस नियंत्रण के लिए जिले में शुद्ध पेयजल हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने तथा मुनगा एवं ईमली के पौधारोपण को प्रोत्साहित करने, चरोटा भाजी का भोजन में उपयोग करने पर जोर दिया गया।

## इंटरनेशनल प्रतियोगिता में कांकेर के प्रतिभागी हुए शामिल

### बेस्ट डांस हेतु सोनाली ठाकुर हुए चयनित

**कांकेर ।** भिलाई में आयोजित इंटरनेशनल कल्चर हारमोनिंग में विगत दिवस आयोजित डांस, गायन, चित्रकला में कांकेर रिडम डांस एकाडमी के संचालक सागर मेश्राम के द्वारा भेजे गये प्रतिभागियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन करत हुए जीत हासिल की । जिसमें कांकेर जिले के छ.ग. ग्रुप डांस में प्रथम पुरूस्कार सोनाली ठाकुर, नपुर ठाकुर, हर्ष मोटवारी, लक्ष मोटवानी, खुशब नाग रही । वही सोनाली ठाकुर ने एकल डांस में प्रथम पुरूस्कार लिया जिसे बेस्ट डांस हेतु चयनित किया गया है तथा एकल डांस में प्रथम पुरूस्कार खुश्बू नाग ने प्राप्त किया।

## बच्चों एवं महिलाओं को पौष्टिक गर्म भोजन का वितरण

**कांकेर।** कुपोषण से मुक्ति के लिए राज्य में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान चलाया जा रहा है। शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार कलेक्टर के.एल. चैहान के मार्गदर्शन में कांकेर जिले में भी सुपोषण अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों एवं गर्भवती माताओं को पोषण आहार एवं पौष्टिक गर्म भोजन का वितरण किया जा रहा है।

## खेल प्रतिस्पर्धा में कृषि महाविद्यालय कांकेर के छात्रों ने जीता पदक

**कांकेर।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कांकेर ने चार दिवसीय अंतर महाविद्यालयीन जोनल खेल प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय जगदलपुर में आयोजित चार दिवसीय खेल प्रतिस्पर्धा में विभिन्न खेल जैसे वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी, वैडमिनटन एवं दौड़ प्रतियोगिताएं हुई। कृषि महाविद्यालय की बालिका वर्ग में नौ कालेजो के बीच वॉलीबॉल एवं खो-खो में दूसरा स्थान ग्रहण किया।



# हैंड पंप खराब हो जाए तो चंदा वसूलकर बनाते है ग्रामीण

पायनियर संवाददाता ➤ कसडोल
www.dailypioneer.com

बार नवापारा वनांचल क्षेत्र में बोरिंग मेकेनिक की समस्या बनी हुई है। जिसके चलते अब क्षेत्र के ग्रामवासियों को जब किसी भी गांव में हैंड पम्प खराब हो जाए तो सुधार के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है।

जब तक कि कोई जानकर मेकेनिक न मिल जाए। इस सुधार कार्य के लिए ग्रामीण आपस में चंदा जुटाकर बोरिंग मेकेनिक बुलाकर खराब हुए बोरिंग को स्वयं के व्यय से ठीक कराने विवश हो रहे हैं या फिर कोई व्यक्ति विशेष जिसमें वार्ड पंच भी हो सकता है जो सुधार खर्च वहन करता है। यह समस्या तब से निर्मित हुई है जब से इस क्षेत्र में सेवा दे रहे पीएचई विभाग के अमलें सेवानिवृत्त हुआ है।अब तक तो कुछ माह भी बीत चुके हैं लेकिन सेवानिवृत्त हुए अमलें की जगह में पीएचई विभाग की ओर से कोई पदभारित बोरिंग मेकेनिक पद का अमला इस क्षेत्र में खराब हुए बोरिंग को सुधार करते नही देखा गया है। दिखेगा भी कैसे विभाग द्वारा क्या कोई अमलें की इस क्षेत्र के लिए पदस्थापना में सेवानिवृत्त की जगह किसी मेकेनिक को तैनात भी किया गया है या नही किसी को कोई खबर ही नही है। यदि सेवानिवृत्ति के प्रतिपूर्ति में कोई विभागीय अमला

■ पीएचई विभाग की लचर व्यवस्था का खामियाजा भूगत रहे आमजन



आया हो तो उस मेकेनिक का न तो कही सार्वजनिक स्थान पर कोई संपर्क के लिए मोबाइल नम्बर लिखा दिख रहा है जैसे पूर्व में सेवारत रहे बोरिंग मेकेनिक का नम्बर ऐसे स्थानों में लिखा हुआ होने से सर्वसुलभ रहा है।स्थिति ऐसी है कि आज भी क्षेत्र को सेवानिवृत्त हुए बोरिंग मेकेनिक पर ही सुधार के लिए निर्भर रहना पड़ रहा है।लेकिन ऐसा कब तक चलेगा। इसके प्रति विभाग को गंभीर होना ही पड़ेगा।नही तो अमलें के तयनाती अभाव से क्षेत्र के लोगों को यह मुसीबत बनी रहेगी और जब कभी भी खराबी में लंबे समय तक भी प्यासा रहना पड़ सकता जब तक गांव के किसी दूर के अन्य जलस्त्रोत से पानी लाकर प्यास न बुझाई जाएं।अभी तो गर्मी का दिन भी बाकी है। ऐसा भी नहीं है कि इस समस्या की शिकायत दर्ज कर क्षेत्र के लिए बोरिंग मेकेनिक की मांग विभागीय शाखा कसडोल से न की गई हो। हाल ही में बार नवापारा के जीवनलाल रविदास ने इसकी शिकायत कार्यालय सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय उपखण्ड कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छत्तीसगढ़ की शिकायत पंजी में इस समस्या विषयक लेख कर बोरिंग मेकेनिक की मांग की है।बावजूद भी अभी तक बोरिंग मेकेनिक का पता नहीं है।जोकि विभागीय उदासीनता ही है।इस क्षेत्र के लिए बोरिंग मेकेनिक के पदस्थापना पर प्रतिपूर्ति को लेकर जब पीएचई कार्यालय कसडोल के उप अभियंता सुदर्शन सिंह मरावी से दो बार मोबाइल संपर्क किया गया तो रिसिव नही किया गया।तब कसडोल के ही उप अभियंता मनोज दाखोड़े से मोबाइल संपर्क करने पर कटकट कर आती हुई आवाज से बात होती है।जिसमें इस क्षेत्र में कार्यरत रहे बोरिंग मेकेनिक के रिटायरमेंट को स्वीकार करते हुए उनके बदले में यहां बोरिंग मेकेनिक प्रतिपूर्ति के संबंध में जानकारी देते हुए एक लड़का रखना बताया गया।जिसके मुख्यालय के संबंध में बया की बात कही गई।इस दौरान उन्होंने मेकेनिक का फोन नम्बर भी उपलब्ध कराने की बात भी कही। लेकिन आज11तारीख को पंचायत मुख्यालय ग्राम बार में वार्ड क्रमांक पांच में खराब हुए बोरिंग को करीब एक सप्ताह बाद सेवानिवृत्त पूर्व के मेकेनिक के द्वारा ही लोगों ने सुधार करवाया।

## क्विक न्यूज

### मिट्टी से दबकर महिला की मौत

**महासमुंद।** पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम पथरी कुलहारिया में मिट्टी का एक बड़ा हिस्सा गिरने से महिला की मौत हो गई। पटेवा पुलिस ने बताया कि पथरी निवासी गोदावरी पति सोनसिंह ध्रुव घर की पोताई के लिए मिट्टी निकालने के लिए खदान गई थी तभी मिट्टी धंस गई और दबकर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### खेत से पंप व तार चोरी

**महासमुंद।** खेत से सोलर पंप व तार अज्ञात ने पार कर दी। सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम कुटेला निवासी जदुमणी पिता बालकृष्ण साहू (65) के अनुसार खपसीडिपा खेत में शासन द्वारा स्वीकृत 3 एचपी सोलर पंप, केबल तार व पाइप 10 से 14 अक्टूबर की दरम्यान चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### ट्रक की टक्कर से बस के तीन यात्री घायल

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना क्षेत्र के पिथौरा चौक के पास ट्रक ने यात्री बस को टक्कर मार दी। घटना में बस की पिछली सीट पर तीन यात्री घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना दोपहर करीब दो बजे की बताई जा रही है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर दो बजे बस सीजी 04 ई 1060 बागबाहरा से खेमड़ा जा रही थी तभी एनएच 353 में गोपाल ढाबा के पास ट्रक क्रमांक सीजी 04 जे 3255 के चालक ने बस को पीछे से टक्कर मार दी। घटना में यात्री धनेश्वरी निषाद, सेवती निषाद, महेंद्र निषाद को चोट आई है और मिनी बस के पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है।

### डूबते व्यक्ति को बचाने जलाशय में किया अभ्यास

**महासमुंद।** एनसीसी कैडेटस ने कोडार जलाशय में 10 दिवसीय प्रशिक्षण के सातवें दिन एक साहसिक शिविर किया। शिविर में जीपलिंग, रिवर क्रॉसिंग, दीवार पर चढना, शूटिंग और तीरंदाजी मुख्य आकर्षण थे। कैंप कमांडेंट कमांडर श्रवण कुमार खुंटिया ने कहा कि यह साहसिक गतिविधि सैलिंग एक्सपीडिशन का हिस्सा है। साथ ही कैंप और गांव के नागरिकों के लिए एक निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर भी आयोजित किया। जिसका लाभ कैडेट्स और ग्रामीणों ने लिया। शनिवार के कार्यक्रम में रायपुर एनसीसी ग्रुप हेड क्वार्टर के ग्रुप कमांडर कर्नल रूपेंद्र सिंह निरीक्षण पर पहुंचे। जिसमें कर्नल सिंह ने रेस्क्यू बोट से सेलिंग का निरीक्षण किया और कैंप में कैडेटों से मिले। दोपहर के भोजन के बाद साहसिक गतिविधि जारी रही और कैडेट और कर्मचारियों ने गतिविधि का पूरा आनंद लिया। कैंप सीएचएम भूपेन्द्र सिंह चौहान और नौसेना की टीम ने सर्च एवं रेस्क्यू का ऑपरेशनल डेमो किया। जिसमें, नाटकीय रूप से डूबते हुए स्टाफ को बचाया गया।

### लकड़ी चोरी के आरोप में दो पकड़ाए

**महासमुंद।** पिथौरा वन काष्ठागार से सागौन लकड़ी चोरी के आरोप में दो युवकों को पकड़ा गया है। इनके कब्जे से एक सागौन का लठ्ठा व दो पल्सर बाइक जब्त की है। आरोपियों को पकड़कर वन विभाग की टीम ने कार्रवाई के लिए थाने को सौंप दिया है। वन काष्ठागार डिपो प्रभारी रामलाल ने बताया कि काष्ठागार से सागौन का लठ्ठा चोरी करते हुए क्रिश्चन बंगला निवासी अशोक चौहान पिता गणेश एवं हरिकेश रवि पिता भयश राम को पकड़ा है। लकड़ी की लंबाई 3-4 मीटर और गोलाई 105 सेंटीमीटर है।

# गांधी विचार पदयात्रा कर राष्ट्रपिता के विचारों सिद्धांतों का किया प्रचार-प्रसार

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर जिला कांग्रेस के मार्गदर्शन में शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी विचार पदयात्रा सप्ताह के सातवें दिवस का पदयात्रा कांग्रेसजनों ने शहर के वार्ड क्रमांक 2 3 4 5 6 7 8 9 10 एवं 11 के प्रमुख मार्गो में पदयात्रा कर राष्ट्रपिता के विचारों सिद्धांतों का प्रचार प्रसार किया।

सर्वप्रथम एकता चौक में गांधी जी के आदमकद तैल्यचित्र में माल्यार्पण कर महात्मा गांधी अमर रहे गांधी जी की जय हो गांधी विचार पदयात्रा जिंदाबाद का नारा लगाते कांग्रेस जन एकता चौक से इमलीभाटा के मुख्य मार्ग में पदयात्रा किए, रास्ते में गांधी जी के आदमकद तैल्यचित्र में माल्यार्पण के साथ ही पदयात्रा में सम्मिलित जिला कांग्रेस अध्यक्ष आलोक चंद्राकर प्रभारी महामंत्री जिला कांग्रेस हरदेव ढिल्लों प्रदेश सचिव नरेंद्र दुबे शहर कांग्रेस अध्यक्ष जसबीर ढिल्लों का सम्मान वार्ड वासी संजय यादव राहुल आवड़े देवनारायण ध्रुव जाकिर खान बादल बघेल आदि कांग्रेसजनों ने किया। तत्पश्चात कांग्रेसजन पदयात्रा जारी रखते हुए इमलीभाटा से अयोध्या नगर होते हुए तुमगांव रोड क्रॉस कर गुलशन चौक नयापारा स्कूल के बगल से पदयात्रा करते




नयापारा मस्जिद के पास पहुंचे जहां पर वरिष्ठ नागरिक अहमद खान द्वारा गांधी जी का माल्यार्पण कर प्रमुख कांग्रेस पदाधिकारियों का सम्मान किया तत्पश्चात पुनः गांधी विचार पदयात्रा करते हुए संतोषी मंदिर शिव चौक से डॉ. नकवी के सामने वाली गली में पदयात्रा करते, जगत पान पैलेस के पहले मुड़ते हुए सरपंच दीवार गली होते हुए, बिसाई जी के मकान के सामने पदयात्रा करते समस्त कांग्रेसजन शिव चौक स्थित मनोरंजन भवन पहुंचे वहां पर एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया सभा के पूर्व गांधी जी के आदमकद तैल्यचित्र में माल्यार्पण कर अगरबत्ती जलाकर कांग्रेसजन महात्मा गांधी अमर रहे गांधी जी की जय हो का नारा लगाएं, नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आलोक चंद्राकर ने कहा गांधी जी का संघर्ष करुणा के भाव से शुरू होता था और अंतिम व्यक्ति को न्याय दिलाने निर्णायक लड़ाई लड़ते थे, प्रदेश सचिव नरेंद्र दुबे ने कहा गांधीजी की वेशभूषा रहन सहन बहुत सामान्य था किंतु समाज के सभी वर्गों को न्याय दिलाने बड़े-बड़े आंदोलन किए। प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस श्रीमती सती साहू ने कहा गांधीजी का प्रमुख सिद्धांत बुरा मत कहो बुरा मत सुनो बुरा मत देखो पर आधारित है।नुक्कड़ सभा का सफल संचालन जिला कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री एवं महासमुंद गांधी विचार पदयात्रा के शहर प्रभारी हरदेव ढिल्लो ने किया, नुक्कड़ सभा में गांधी जी के विचारों को वार्ड वासियों के समक्ष प्रस्तुत करने वाले कांग्रेसजनों में जिला उपाध्यक्ष द्वय राजेंद्र चंद्राकर कृष्णा चंद्राकर पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद नानू भाई शहर कांग्रेस अध्यक्ष जसबीर ढिल्लों शहर महिला अध्यक्ष लक्ष्मी देवांगन जिला महामंत्री गौरव चंद्राकर पूर्व युंकाध्यक्ष प्रकाश साकरकर पार्षदगण संजय शर्मा खिलावन बघेल विजय साव लखन चंद्राकर शकील खान दुर्गेश्वरी चंद्राकर जिला युंकाध्यक्ष अमन चंद्राकर सेवादल की कविता तिवारी आदि कांग्रेसजनों ने विचार रखा।

## गांधी के 150वीं वर्षगांठ पर आयोजित गांधी विचारधारा पदयात्रा का समापन

**बलौदाबाजार।** छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार-भाटापारा के निर्देशानुसार गांधी विचारधारा पदयात्रा का आयोजन 11 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक शहर कांग्रेस कमेटी के किया गया। स्थानीय गांधी चैंक में महात्मा गांधी के 150वीं वर्षगांठ पर आयोजित गांधी विचारधारा पदयात्रा का समापन किया गया।




पदयात्रा समापन कार्य म में वक्त ाओं द्वारा महाम्मा गांधी के जीवनी एवं उनके कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हे समूचे राष्ट्र का मार्ग दर्शक निरूपित किया। महात्मा गांधी के 150वीं जयंती के अवसर पर छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 04 अक्टूबर से कण्डेल (धमतरी) से गांधी विचार पदयात्रा आरम्भ कर समापन रायपुर में 10 अक्टूबर को किया गया। इसी तारतम्य में प्रदेश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार समस्त ब्लॉकों में 11 अक्टूबर से लेकर 17 अक्टूबर तक पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार द्वारा एक सप्ताह तक चलाये गये पदयात्रा कार्य म नगर के समस्त वार्डों में जनसंपर्क करते हुए किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रकाशित गांधी जी के जीवनी पर आधारित पाम्प्लेट का वितरण किया गया। 17 अक्टूबर को स्थानीय बस स्टेण्ड से प्रारम्भ किया गया जिसमें नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए सदर बाजार, नेहरू चैंक, से स्थानीय गांधी चैंक में सभा आयोजित कर पदयात्रा कार्य म का समापन किया गया। कार्य म के समापन अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं बलौदाबाजार के प्रभारी सूर्यमणी मिश्रा ने कहा कि गांधी जी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने कि जरूरत है। गांधी जी का विश्वास था कि असली भारत गांवों में बसता है इसलिए गांवो की प्रगति में देश की प्रगति निहित है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्त ा सुरेन्द्र शर्मा ने इस अवसर पर व्यक्त व्य देते हुए कहा कि देश क आजादी के पहले के समय में न तो संचार का माध्यम पर्याप्त था न हीं उस समय आवागमन के पर्याप्त थे उसके बावजूद गांधी ने अविभाजित भारत वर्ष जो कि आज भारत, पाकिस्तान, और बंग्लादेश स्थापित है, आमलोगों को जोड़कर एकजुट किया।

## सासर में पानी पीने आने वाले वन्यजीव बिदक कर प्रभावित

पायनियर संवाददाता ➤ कसडोल
www.dailypioneer.com

बार नवापारा अभ्यारण्य अन्तर्गत इन दिनों भी जंगल अन्दर मटेरियल कार्य होते दिखाई दे रहा है। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण 10अक्टूबर को कोठारी परिक्षेत्र के कोर जोन जंगल के दुल्हीबहाल नामक स्थान के बेरियर के पास बन रहा सासर निर्माण है। इस सासर का निर्माण कोठारी परिक्षेत्र के माध्यम से कराये जाने की जानकारी है। जिसके निर्माण के लिए पहले इस परिक्षेत्र के कक्ष165 में ही तैयारी की जा रही थी। लेकिन बाद में अब इसे पूर्व चयनित कक्ष के स्थान से लगे दूसरे बीट रामपुर की कक्ष 108में बनाया जा रहा है।

इसके जगह स्थानांतरण के कारण में मौके पर मौजूद रह कर निर्माण देख रहे वन अमला ने बताया कि पूर्व का चयनित स्थल कक्ष165 कोठारी परिक्षेत्र दुल्हीबहाल बैरियर के लिए तैनात रहने वाले विभागीय कर्मियों के लिए बने आवास भवन के नजदीक होने से वहां यदि सासर बनाया जाता तो इस सासर में पानी पीने आनेवाले वन्यजीव बिदक कर प्रभावित होते। इसलिए समीप के रामपुर बीट के कक्ष क्रमांक108दुल्हीबहाल में इसका निर्माण कराना बताया।वही उन्होंने पांच लाख की स्वीकृत राशि बताते हुए बताया कि इस स्वीकृत राशि से इस सासर निर्माण के आलावा सोलर पंप इत्यादि का निर्माण कराये जाने की बात कही। बन रहे सासर के मापदंड में उन्होंने




बताया कि यह साढ़े सात मीटर के आर्ध व्यास में बनाया जा रहा जिसका कुल माप15मीटर है। इसमें करीब साठ हजार रुपये खर्च किया जाएगा।अमलें ने सासर की जलधारित क्षमता विभाग के पास उपलब्ध स्थानीय टैंकर में नौ टैंकर पानी सामाव होना बताया। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि वन्यजीवों के लिए निर्माण कार्य इस सीजन में भी कराया जा सकता है। इसके लिए कोई निषेध नही होता है। जानकारों की माने तो आमतौर पर अभ्यारण्य में पर्यटन प्रवेश तीस जून से बंद होकर एक नवंबर को चालू किया जाता है।इस बीच वर्षाकाल का समय भी होता है तथा अभ्यारण्य में पर्यटन प्रवेश वर्जित रहने से वन्यजीव-जंतुओं को मोटरवाहनों इत्यादि मानवजनित सोरगुलों से निजात मिला रहता है।लेकिन फिर चाहे जंगल के संरक्षित क्षेत्र कोरजोन ही क्यों न हो या फिर बफरजोन के जंगल के भीतर किसी भी स्थान में कराये जाने वाले ऐसे समय के निर्माण कार्यों में मानव के अतिरिक्त गिट्टी मिक्सर मशीन, पानी, रेत, मटेरियल सप्लाई आदि में निश्चित ही मोटर चलित यंत्र-वाहन उपयोग में लाए जाते ही होंगे।चहे सीजन कोई भी हो।

## जिला स्तरीय संचालन समिति सखी वन स्टॉप सेंटर का त्रैमासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर सुनील कुमार जैन की अध्यक्षता में 18 अक्टूबर 2019 को जिला बाल संरक्षण समिति, जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स एवं जिला स्तरीय संचालन समिति सखी वन स्टॉप सेंटर का त्रैमासिक समीक्षा बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आहूत किया गया। बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल सम्प्रेक्षण गृह के रिक्त पदो की भर्ती शीघ्र करने निर्देश दिए। उन्होंने बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा शासकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह में होमगार्ड की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री जैन ने जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की बैठक में पीड़ित क्षतिपूर्ति योजनान्तर्गत लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए संबंधितों को पत्र लेख करने के लिए निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि बाल देख-रेख संस्थाओं में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं भोजन मेनू आदि का पालन सुनिश्चित किया जाए तथा बाल देख-रेख संस्थाओं में खेल शिक्षक एवं खेल सामग्री व्यवस्था की जाए। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश के परिपालन में महिला पीड़ितों, उत्तरजीवियों के लिए पीड़ित क्षतिपूर्ति योजनान्तर्गत महिलाओं के विरूद्ध कारित होने वाले अपराधों के संबंध में दर्ज प्रथम सूचना प्रतिवेदन की रिपोर्टिंग अपराध पंजीयन के तुरंत पश्चात् जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराने के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र लेख करने निर्देशित किया गया। साथ ही गुमशुदा बालकों के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही करते हुए पुलिस विभाग द्वारा रिपोर्टिंग जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं बाल कल्याण समिति को निर्धारित समय-सीमा में भेजने हेतु निर्देशित किया गया है।

### 1891 बकायादारों की बिजली काटी गई

**महासमुंद।** बिजली बिल बकाया राशि वसूली अभियान के तहत 20 हजार रुपये से अधिक बकाया बिजली बिल का भुगतान न करने वाले उपभोक्त ाओं की बिजली काटने की कार्रवाई लगातार जारी है। जिसमें एक लाख रुपये से अधिक बकाया राशि वाले 21 उपभोक्त ाओं तथा 50 हजार रुपये से अधिक बकाया वाले 136 उपभोक्त ाओं, 20 हजार रुपये से अधिक बकाया वाले 1891 बकायादारों की लाइन काटी गई। इसी तरह विद्युत पोल से डायरेक्ट लाईन जोड़कर चलाने वाले 24 उपभोक्त ाओं के विरूद्ध विद्युत चोरी का प्रकरण न्यायालय में दर्ज कर कानूनी कार्यवाई की गई। ऐसे उपभोक्त ा जिनकी लाईन विच्छेदन कर दी गई है।

## एक छोर डॉक्टर ने किया इलाज तो दूसरे छोर अफसर ने पूछा हाल

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

प्रदेश सरकार, राज्य के प्रत्येक जिले की शहरी झुग्गी बस्ती क्षेत्रों में मेडिकल टीम से स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा रही है। इस कड़ी में 19 अक्टूबर को वार्ड 28 मौहारीभाठा के स्लम एरिया में स्वास्थ्य शिविर लगा कर मरीजों की रक्तचाप, मधुमेह, रक्ताल्पता इत्यादि की निःशुल्क जांच कर सर्दी, खांसी, बुखार और मौसमी बीमारियों सहित नेत्र विकार जैसे अन्य रोगों का उपचार कर आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार से मिली जानकारी के अनुसार इस योजना में भी, वनांचलों और दूरस्थ इलाकों के हाट-बाजारों में लगने वाले शिविर की तरह शहरी क्षेत्र की झुग्गी बस्तियों में जरूरतमंद मरीजों को उनके नजदीक पहुंच कर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही है। इस दौरान शिविर में मरीजों 70 पंजीयन हुआ और बड़ी संख्या में मरीज उपचार कराने पहुंचे। इस बीच सीईओ जिला पंचायत डॉ रवि मित्तल जिला अस्पताल पहुंचे और सिविल सर्जन सह-अस्पताल अधीक्षक डॉ आरके परदल से मुलाकात की। डॉ परदल, श्री ताम्रकार एवं अस्पताल सलाहकार डॉ निखिल पूरी गोस्वामी के साथ वार्डों में दौरा कर प्रदत्त सेवाओं सहित मरीजों से उनका हाल-चाल भी पूछा। पोषण पुनर्वास केंद्र और सघन बाल रोग निदान इकाई में अच्छी व्यवस्था कह कर तारीफ भी की। बढ़ते क्रम में डॉ मित्तल ने वार्ड 28 के स्वास्थ्य शिविर सहित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य के नए भवन का भी निरीक्षण किया तथा नए भवन में बिजली व्यवस्था जल्द से जल्द दुरुस्त करवाने के लिए आश्वस्त भी किया।

राजकीय सम्मान के साथ रायपुर में अंतिम संस्कार

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भुरवा सिंह वर्मा का निधन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पलारी तहसील के ग्राम दतान (प) निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री भुरवा सिंह वर्मा का 93 वर्ष की अवस्था में आज रायपुर के देवेंद्रनगर स्थित निजी निवास में निधन हो गया। देवेंद्रनगर मुक्तिधाम में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिला प्रशासन की ओर से तहसीलदार हरिशंकर पैकरा और नगर निरीक्षक एन. के.स्वर्णकार ने पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने स्वतंत्रता सेनानी श्री वर्मा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी सहानुभूति



प्रकट की है। उल्लेखनीय है कि सेनानी भुरवा सिंह वर्मा यहाँ पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी आर.के.वर्मा के पिता हैं। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री वर्मा ने बाल्यवस्था में ही देश की आजादी का बिगुल फुक्रकर महात्मा गांधी के आजादी आंदोलन में कूद पड़े। वे वर्ष 1942 में करो या मरो आंदोलन में हिस्सा लेते हुए 16 साल के उम्र में जेल गए जो केंद्रीय जेल रायपुर में 6 माह तक जेल में रहने के बाद जब बाहर आये तो उनका अंग्रेजों भारत छोड़ो और देश भक्ति का जुनून सिर चढ़कर बोलने लगा ।

महात्मा गांधी से प्रभावित होकर वे देश की आजादी के लिए समर्पित रहे तथा अंग्रेज़ी सरकार से हमेशा लोहा लेते रहे,जो आजादी के बाद में अपने छोटे से गांव दतान प को नहीं छोड़े। वयोवृद्ध होने के कारण अपने पुत्र के साथ रहने साल भर पहले ही वे रायपुर चले गए थे जिनक शनिवार को निधन हो गया ।

**जीवन परिचय :** स्वतंत्रता सेनानी भुरूवा सिंह वर्मा का जन्म 1 जुलाई 1925 को ग्राम दतान के कृषक भुनेश्वर वर्मा के घर हुआ था। उनकी पढ़ाई लिखाई बलौदा बाजार में इन्टरमीडिएट तक रही। आजादी के बाद शासकीय सेवक के रूप में पहले शिक्षक फिर ग्राम सेवक के पद पर कार्यरत थे । उनकी पत्नी सावित्री देवी महिला एवं बाल विकास अधिकारी के पद से सेवानृवित हुई एवं उसकी माता नागेश्वरी वर्मा एव छोटा भाई फूलचंद वर्मा थे। जिनका पहले ही निधन हो चुका है । पुत्र राजेन्द्र वर्मा जिला शिक्षा अधिकारी बलौदा बाजार के पद पर पदस्थ हैं। सेनानी के निधन की खबर मिलते ही अंचल में शोक की लहर दौड़ गई ।

### रासेयो और यूनिसेफके संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला

**महासमुंद।** राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को एक दिवसीय कार्यशाला पंडित रविवि रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के 07 विश्वविद्यालय के लगभग 1000 राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। महासमुंद जिले के 35 कार्यक्रम अधिकारी डॉ.मालती तिवारी जिला संगठक के नेतृत्व में शामिल हुए। राष्ट्र बाल अधिकारों के कन्वर्सेशन की तीसवीं वर्षगांठ के अवसर पर यूनिसेफ और राष्ट्रीय सेवा योजना छत्तीसगढ़ राज्य में महिलाओं और बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक साथ काम करने का निर्णय लिया है, एनएसएस शिविरों में छात्र एनीमिया कुपोषण, टीकाकरण ,शिक्षा का अधिकार, बच्चों के हिंसा के खिलाफजैसी समस्याओं की जानकारी एवं निराकरण करने के साथ स्थानीय अधिकारियों की मदद लेकर कार्य करेंगें।

## दीपावली में मिट्टी के दियों से करें घर और दफ्तरों को रोशन : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं जिला पंचायत के सीईओ आशुतोष पाण्डेय ने व्यापक पर्यावरण हित एवं स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने के ध्येय से जिले की महिला स्व सहायता समूह 'बिहान' द्वारा बनाये जा रहे मिट्टी के दियों का इस्तेमाल दीपावली त्योहार में करने की विनम्र अपील की है।

कलेक्टर ने स्थानीय नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया है कि दीपावली के इस त्योहार में मिट्टी के दियों का उपयोग किया जावे । साथ ही अगर इनका स्टाल लगाया जाता है,तो इनसे किसी प्रकार का टैक्स वसूली न किया जावे। इसी के परिप्रेक्ष्य में जिले के बिहान टीम की महिला स्व सहायता समूहों द्वारा उत्पादित मिट्टी के दिये एवं अन्य सामग्री के उत्पाद को बढ़ावा देने हेतु कार्य किया जा रहा है। बिलाईगढ़ विकासखण्ड के ग्राम धाराशिव के महिला स्व सहायता समूह के द्वारा निर्मित एक लाख दियों का स्टाल बलौदाबाजार के नगर भवन में लगाया जावेगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा दिये गये निर्देश का पालन करते हुये कलेक्टर और एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मिट्टी के दिये के साथ-साथ मिट्टी से बनाये अन्य सामग्री का उपयोग करने हेतु सभी लोगो से आग्रह किया गया है। जिससे की प्लास्टिक का उपयोग कम होगा साथ ही जिले के बिहान के महिला स्व सहायता समूह के महिलाओं के आय में वृद्धि होगी।

## क्विक न्यूज

### पांच विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों की स्कूटनी कर सूची जारी

**राजनांदगांव।** एकीकृत बाल संरक्षण योजना अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई में 5 विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों को चयन समिति द्वारा स्कूटनी के बाद पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन किया गया है। इस संबंध में दावा आपत्ति 25 अक्टूबर की शाम 5 बजे तक जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग राजनांदगांव में पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट, कोरियर के माध्यम से या कार्यालय में उपस्थित होकर अभिलेखों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### रोजगार पंजीयन शिविर 21 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा सोमवार 21 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक सक्ती के नंदेलीभांठा स्थित आईटीआई भवन में रोजगार पंजीयन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में नया पंजीयन एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया की जाएगी। नया पंजीयन के लिए लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से आनलाईन फार्म जमा करने के बाद सभी आवश्यक दस्तावेज की मूल प्रति एवं एक सेट छायाप्रति के साथ शिविर में उपस्थित हो सकते हैं।

### गोठान में किसी भी प्रकार की घटना होने पर एफ आईआर कराएं :सीईओ

**जांजगीर ।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल ने जिले के सभी गोठान प्रभारियों को निर्देशित कर कहा है कि उनके प्रभार क्षेत्र के गोठान में यदि किसी प्रकार की घटना घटित हो तो इसकी जानकारी निकट के थाने में देते हुए तत्काल एफ आई आर दर्ज कराएं। उन्होंने बताया कि नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना के तहत गत दिवस जनपद पंचायत अकलतरा के ग्राम हरदी निर्मित गोठान में अज्ञात लोगों द्वारा फेंसिंग तार और कच्चा शेड में लगे तालपतरी चोरी कर ली गई है।

### फिडिंग डिमास्ट्रेटर, कुक एवं अटेण्डेंट पर भर्ती के लिए

**जांजगीर-चांपा।** जिले के जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कुपोषित बच्चों की सुविधा को सुदृढ़ करने के लिए फिडिंग डिमास्ट्रेटर, कुक एवं अटेण्डेंट के पद पर स्थानीय व्यवस्था के तहत जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ मद से संविदा नियुक्ति के लिए चल साक्षात्कार वाक इन इंटरव्यू रखा गया है। चल साक्षात्कार शासकीय जीएनएम प्रशिक्षण केन्द्र जांजगीर में 21 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे फिडिंग डिमास्ट्रेटर के पद के लिए।

# 7 दिनों तक चलने वाली कांग्रेस की गांधी विचार यात्रा का बारदेवरी में समापन

पायनियर संवाददाता < काँकेर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती के अवसर पर कांकेर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा 11 से 17 अक्टूबर तक चलाये गये गांधी विचार पदयात्रा का 17 अक्टूबर को धनेलीकन्हार से प्रारंभ होकर कन्हारपुरी, मुरडोंगरी, किरगोली होते हुए बाजार पारा, बार देवरी मे समापन हुआ।

इस दौरान जगह जगह ग्रामीणों द्वारा गांधी विचार पदयात्रा उत्साह के साथ स्वागत कर इसमें शामिल हुए, ब्लाक अध्यक्ष तरेन्द भंडारी ने गांधी विचार पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने किसान, मजदूरों को सत्य अंहिसा स्वच्छता का संदेश दिया गया और इसी पर चलने का रास्ता दिखाया तथा नारी उत्थान व ग्राम स्वालंबन बनाने के लिए प्रेरित किया। गांधी जी का सपना था ग्राम स्वराज्य की स्थापना करना। जिसे हमेशा कांग्रेस पार्टी द्वारा साकार किया।

छत्तीसगढ़ की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा गांधी जी बताये रास्ते पर चल कर किसान, गरीब मजदूरों के उत्थान के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाऐं प्रारंभ किया गया है, जिसमें नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना से किसानों की भविष्य में दिशा व दशा तय करेगाण्नारी उत्थान के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित किया जा रहा है।

इस पदयात्रा के दौरान ग्रामीणों मे काफी उत्साह देखा गया. तथा इसमें लोगों ने बढ़ चढ कर हिस्सा लिया।

इस गांधी विचार पदयात्रा का अन्तिम समापन बार देवरी मे हुआ, इसमें प्रमुख रूप से कांकेर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तरेन्द भंडारी, विधायक प्रतिनिधि हरनेक सिहं औजला, विधायक प्रतिनिधि रमाशंकर दर्रो, नितिन पोटाई, नरोत्तम पटौडी, राघवेंद्र राजपूत, कमोद हिरवानी, सुभाष सलाम, देवेन्द्र साहू, संतोष प्रधान, जनपद अध्यक्ष पुष्पा सलाम, उपाध्यक्ष मिलाप मंडावी, जनपद सदस्य गण संतोष प्रधान, राजेश भास्कर, गोमती सलाम, सुनीता घरत, मनीषा कुलदीप, सुमिति नेताम, बुधियार बारला, प्रेम कैमरों, मनीष दीपक, सुनीता तेता, मीना निषाद सहित सैकड़ों महिला पुरुष व ग्रामीण कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण

■ बेहतर कार्य करने के लिए किया प्रोत्साहित

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com





स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टीएस सिंहदेव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली एवं मरीजों से उनके उपचार के संबंध में पूछताछ किया। भर्ती मरीजों ने जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्री को बताया कि चारामा स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा सभी मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाता है तथा सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाता है।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ ओ पी शंखवार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिदिन की औसतन ओपीडी 180 तथा आज की आईपीडी 14 है। बारिश के मौसम आईपीडी 32 से 35 तक हो जाती है। स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी.कर्मचारियों को बेहतर कार्य करने तथा सेवा भाव के साथ मरीजों का इलाज करने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके आकस्मिक निरीक्षण क्षेत्रीय विधायक मनोज सिंह मण्डावी, जनपद अध्यक्ष उषा वट्टी, कलेक्टर केएल चौहान, पुलिस अधीक्षक के एल ध्रुव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा जे एल उईके भी उपस्थित थे। आध्यात्मिक आनंद महोत्सव शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव एवं विधायक मण्डावी चारामा विकासखण्ड के ग्राम कानापोड़ में आयोजित आध्यात्मिक आनंद महोत्सव में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी एस सिंहदेव और भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक मनोज सिंह मण्डावी शामिल हुए तथा अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की।

# पदयात्रियों का नागरिकों ने किया सम्मान

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

शहर कांग्रेस कमेटी शहर ने सातवें दिन वार्ड 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10 एवं 11 के प्रमुख मार्गो में पदयात्रा कर राष्ट्रपिता के विचारों सिद्धांतों का प्रचार प्रसार किया। एकता चौक में गांधीजी की आदमकद प्रतिमा में माल्यार्पण कर पदयात्रा का शुभारंभ किया। एकता चौक से इमलीभाठा व नयापारा क्षेत्र में पदयात्रा की गई।

जिला अध्यक्ष आलोक चंद्राकर, हरदेव ढिल्लो, नरेंद्र दुबे, जसबीर ढिल्लो का सम्मान वार्डवासी संजय यादव, राहुल आवडे, देवनारायण ध्रुव, जाकिर खान, बादल बघेल आदि कांग्रेस नेता ने किया। बाद पदयात्रा अयोध्या नगर होते हुए तुमगांव रोड, गुलशन चौक सहित क्षेत्र का भ्रमण किया। शिव चौक स्थित मनोरंजन भवन पर एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस सती साहू, राजेंद्र चंद्राकर, कृष्णा चंद्राकर, नानू भाई, लक्ष्मी देवांगन, गौरव चंद्राकर, प्रकाश साकरकर, पार्षदगण संजय शर्मा, खिलावन बघेल, विजय साव, लखन चंद्राकर, शकील खान, दुर्गेश्वरी चंद्राकर, अमन चंद्राकर, कविता तिवारी आदि ने विचार रखे। सभा के अंत में जिला अध्यक्ष आलोक चंद्राकर ने गांधी विचार पदयात्रा के सात दिनों तक सफल संचालन के लिए शहर कांग्रेस अध्यक्ष जसबीर ढिल्लो का तिरंगा पट्टा एवं गांधी माला पहनाकर सम्मान किया। आभार शहर महामंत्री हार्दिक सोना ने व्यक्त किया। पदयात्रा में अनवर हुसैन, सुनील चंद्राकर, राजा सोनी, पन्ना साहू, विनोद युगर,जावेद चौहान, सागर डोंगरे, निर्मल जैन आदि उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायतों के परिसीमन का अंतिम प्रकाशन

**महासमुंद।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 के अनुदेश क्रमांक 10 संशोधित समय-सारणी-02 के तहत ग्राम पंचायतों के परिसीमन का अंतिम प्रकाशन 16 को कलेक्टर कार्यालय, जिला पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत तथा आश्रित ग्रामों में सार्वजनिक स्थान पर प्रदर्शित कराया गया।

### हमले का अज्ञात आरोपी हिरासत में




**काँकेर, पखांजूर।** ग्राम पी व्ही 82 विजय नगर के परिमल सरकार पर खेत में काम करते समय रुपये पैसों की लेन देन की बात पर से आरोपी द्वारा सिर के पीछे फावड़े की बेठ से जान लेवा हमला कर फरार हो गया था जिसे मुखबिर की सूचना एवं घायल परिमल सरकार के बयान पर आरोपी संजय मिस्त्री पिता सचिन्द्र मिस्त्री निवासी पी व्ही 82 विजय नगर को घटना के सम्बन्ध में पूछताछ कर अपराध कबूल करने से विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजनों को देकर न्यायालय पेश किया गया।

# कांग्रेस सरकार प्रदेश की जनता को छल रही : भाजपा

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाने और बैलेट पेपर से मतदान कराने के फैसले को भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या करार दिया है। इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी ने लोहिया चौक में एक दिवसीय धरना दिया गया। इसके बाद राज्य शासन के फैसले के खिलाफ राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह गोल्डी, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस सरकार बौखलाई हुई है। कांग्रेस सरकार प्रदेश की जनता को छलने का काम कर रही है। यही कारण है कि लोकसभा चुनाव में जनता ने उन्हें नकार दिया। सभा को पार्षद महेंद्र जैन, देवीचंद राठी, संदीप दीवान सहित ने भी संबोधित किया। आयोजित धरना-प्रदर्शन में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता माधव टांकसाले, पवन वर्मा, नारेन्द्र गिरी, मण्डल अध्यक्ष संदीप घोष, प्रभा साहू, महामंत्री सन्तोष वर्मा, शंकर चन्द्राकर, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष प्रेम चंद्राकर, पार्षद शुभ्रा शर्मा, दशोदा ध्रुव, सरला मदनकार, राजू चंद्राकर, विक्रम ठाकुर, डमरू मांझी, अरविंद प्रहरे, मोहन मदनकार, गोपाल वर्मा, प्रकाश शर्मा, अरुण साहू, मनीष शर्मा,मनीष बंसल, बंटी शमा, गोलू मदनकार, मंगेश टांकसाले, दिग्विजय साहू, हिमांशु चन्द्राकर, महेंद्र सिका, अजय चोपड़ा, गोपाल चंद्राकर, बंसी साहू, गोपी कन्नौजे, सोनाधर, सुनीता साहू,जतिन रूपरेला,शिव राठौर, जग्गू छुरा, रेखा देवार,मुन्ना, किशन साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता मौजूद रहे।

### जुआ खेलते चार पकड़ाए

**सरायपाली।** नगर के वार्ड क्र. 9 झिलमिला वार्ड में ताश पत्ती से जुआ खेल रहे चार लोगों को पुलिस द्वारा पकड़ा गया है. थाना से मिली जानकारी अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि झिलमिला में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं. सूचना के आधार पर थाना प्रभारी प्रदीप मिंज के मार्गदर्शन में पुलिस की टीम ने छापामार कार्यवाही करते हुए 52 पत्ती ताश से जुआ खेल रहे चार लोगों अमरसिंग, नितुन बाग, उमाकांत साहू एवं समारू बाघ को गिरफ्तार किया. उनके पास से पुलिस द्वारा 3 हजार 240 रू जब्त किया गया एवं सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# 5 दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता < काँकेर, पखांजूर
www.dailypioneer.com

कमलपुर में पांच दिवसीय योग शिविर का पहले दिन योग प्रशिक्षक नवीन चन्द्राकर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार ने योगाभ्यास कराया।

जिसमें स्कूल के बच्चों के साथ ग्रामीणों ने भी योग शिविर में भाग लिया। इस शिविर में सुबह 6 से 7 बजे तक योगाभ्यास एवं शाम 5.30 बजे से 6.30 तक रोगमुक्त जड़ी बूटियों के बारे में जानकारी दिया जायेगा। योग शिविर में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि प्रदीप्त बनिक, शाला के प्रधान अध्यापक एवं संकुल समन्वयक आर एन बैरागी, शिक्षक संजीव दास, गणेश दास, बलिराम सलाम, पूर्णिमा परिहार, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य श्रीदाम मंडल, रतन राय, प्रबीर मंडल, प्रणव ढाली, ग्रामीण अमर माली, दयाल मंडल, सुनील मुखर्जी, दीपंकर दास आदि उपस्थित हुए।

# स्कूल के लिए जमीन दानदाता का प्रतिमा अनावरण

अर्जुनी में किसान स्कूल प्रबंधन सहित परिजन शामिल

पायनियर संवाददाता < अर्जुनी/डोंगरगांव
www.dailypioneer.com



अंचल के अजुनी स्थित किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गत दिनों विद्यालय के लिए जमीन दानदाता धनीराम साहू की प्रतिमा का अनावरण हुआ। फाल्गुन बदी 1968 को देहावसान के पूर्व उन्होंने विद्यालय निर्माण के लिए जमीन दान में दिया था। आज अंचल के सैकडों विद्यार्थी इस विद्यालय में ज्ञानअर्जन कर रहे हैं। सादगीपूर्ण अनावरण समारोह में जपंसदस्य टीकाराम सोनकर शामिल हुए। अनावरण समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य केआर साहू ने की।

अनावरण अवसर पर उपस्थितजनों ने स्व.धनीराम साहू का पुण्य स्मरण किया। अंचल के उभरते कवि धनराज साहू खुज्जी ने प्रेरक कविताओं की प्रस्तुति दी। इस मौके पर दानदाता स्व.धनीराम साहू के वंशज बीआर साहू भी शामिल हुए। समारोह में जगदीश साहू, जीवन दास, कवि धनराज साहू, खुज्जी, आर बी सोनी, हिमाँचल प्रसाद, कबीर मठ नादिया, मिटकु देवांगन, जीवन गन्धर्व, कृष्णा ठाकुर, देवेन्द्र, थानीन बाई, जामिल खान, शाला के शिक्षकजन व छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन युवा समाजसेवी भाई हिमाँचल प्रसाद ने किया।



# नई दिल्ली से पहुंची सीआरएम की टीम

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव
www.dailypioneer.com

नगर सहित अंचल में स्वास्थ्य सुविधाओं का नब्ज टटोलने नईदिल्ली से सीआरएम की टीम डोंगरगांव विकासखंड पहुंची। टीम ने अंचल के प्राथमिक एवं उपस्वास्थ्य केन्द्रो में जाकर स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। टीम ने मौके पर मरीजों सहित आमजनों से भी जायजा लिया। केन्द्रीय टीम ने केन्द्रो में सेवा कार्यो की प्रशंसा कर बेहतर करने प्रोत्साहित किया। टीम ने मुख्याय नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा दे रहे स्वास्थ्य अमले की प्रषंसा भी की। भारत सरकार नई दिल्ली से पहुंची सीआरएम की टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टप्पा, उपसवास्थ्य केन्द्र खम्हेरा सहित सामुदायिक स्वज्ञस्थ्य केन्द्र डोंगरगांव नगर में स्वास्थ्य सुविधाओं पर नजर दौड़ाई। टीम के सदस्यों ने मरीजो से भी फीडबैक लिया। केन्द्र से आई टीम ने मरीजों के परिजनों से भी मुखातिब हुए। ब्लाक के ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों में मातृत्व एवं षिषु स्वास्थ्य कार्यक्रम के साथ संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के कार्यो से अवगत हुई। सीआरएम नईदिल्ली की टीम द्वारा मौके पर सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र की ओर से प्रदान किए जाने वाले वॉकर स्टीक का भी वितरण कर बुजुर्गो से बात की।

ग्रामीण जनता इसे अधिकारियो के साथ सांठ गांठ, शिकायत के बाद कार्यवाही नही

# रात के अंधेरे में हो रहा रेत की अवैध निकासी, अधिकारी मौन

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com










जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं जीवनदायिनी नदियों का चीरहरण लागातार जारी है एवं थमने का नाम नही ले रहा है ऐसी दर्जनों शिकायत अधिकारियों के पास पहुंच चुकी है लेकिन उदासीनता के चलते एवं ध्यान नही देने के कारण रेत माफिय़ाओ के हौसले दिन ब दिन बढ़ते जा रहे है। रेत घाट पर माफिय़ाओ के गुंडे भी कट्टे बंदूक से लैस रहते है जिससे आम जनता पत्रकारों में भी डर एवं क्षेत्र में दशहत का माहौल पैदा हो गया है।

ग्रामीण जनता इसे अधिकारियो के साथ सांठ गांठ मान रही है क्योंकि शिकायत के बाद भी कार्यवाही नही होता। वही रात भर नदी के चीरहरण के बाद माउंटचैन को झा?ियों के पीछे छुपा कर रखा जाता है। धमतरी जिले के मगरलोड ब्लॉक में इसकी सबसे ज्यादा शिकायत है यहां पर ग्राम राजपुरए परसवानी कपालफोड़ी अमलीडीह शुक्लाभांठा लडेर एवं और धमतरी तहसील अंतर्गत डोनर सेमरा में रात और दिन रेत जेसीबी माउंटचैन से खनन कर ऊंचे दामो में दुर्ग भिलाई राजनांदगांव के हाइवा को बेचा जा रहा है। एक तरफ प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल लापरवाह अधिकारीण्कर्मचारी के ऊपर सख्त कार्यवाही करने की बात करती है लेकिन रेत चोरी के मामले में बौना साबित होते दिख रही है। इसी तरह स्थानीय स्तर के नेताओ की बात करे तो पिछले एक साल पहले भाजपा सरकार में रेत चोरी एवं अवैध परिवहन के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते दिखते थे परंतु अब अपनी ही सरकार में इन्ही लोगो को संरक्षण देते दिख रहे है इस तरह सरकार बदलते ही अचानक चुप्पी साधने में भी बड़ी मिलीभगत की महक तो आती ही है। क्षेत्र की जनता इस तरह के जिम्मेदारी अधिकारी नेता जनप्रतिनिधि के रवैये से काफी परेशान हो चुकी है और जीवनदायिनी नदी को बचाने अपील कर रही है। कम दाब वाली प्रधानमंत्री सड़क पर अधिक दाब की गाड़ियां फर्राटे से चलने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है तथा सड़कों की बुरा हाल भी हो जाती है जिसे मरम्मत भी नहीं कराई जाती है। कुछ दिन पहले ही धमतरी कलेक्टर रजत बंसल ने रेत चोरी रोकने स्थानीय स्तर पर सरपंच सचिव एवं प्रशासन में तहसीलदार अनुविभाग के अधिकारी को निगरानी कर चोरी पाए जाने पर कार्यवाही करने की टीम में शामिल भी किया गया था लेकिन इसका असर अब तक देखने को नही मिला है। सम्बंधित पंचायत के सरपंच, सचिव भी कुछ कहने से बच रहे एवं इधर उधर भाग रहे है।

# मरीजों को फल वितरण के साथ किया पदयात्रा का समापन

पायनियर संवाददाता < विश्रामपुरी
www.dailypioneer.com




प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर गांधी विचार पदयात्रा विकास खण्ड बड़ेराजपुर में ब्लांक कांग्रस कमेटी के तत्वावधान में 11 अक्टूबर से लगातार चलने वाली पदयात्रा ब्लांक मुख्यालय विश्रामपुरी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मरीजों को फल वितरण कर पदयात्रा समापन किया गया। हीरालाल नेताम जिला पंचायत सदस्य एवं ब्लांक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने जानकारी दी कि पदयात्रा की शुरूआत ग्राम लिहागांव साप्ताहिक बाजार शुक्रवार को किया गया एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार को जन जन तक पहुंचाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य हीरालाल नेताम, प्रदेश प्रतिनिधि धन्नुराम मरकाम, जिला प्रतिनिधि सोहन लाल राठौर, उपाध्यक्ष हीरामन पाण्डे,विधायक साजिद आडवानी, प्रदेष उपाध्यक्ष सहकारिता कमलेश ठाकुर, पूर्व गोंडवाना अध्यक्ष रंगीलाल मरकाम, युवा विधान सभा अध्यक्ष मनाज तिवारी, महिला ब्लांक अध्यक्ष बिंदा मेश्राम, राजकुमारी मरकाम, निर्मला सोरी, सुरेश महंत, घसियाराम नेताम, राधेलाल बघेल, बंशीराम मण्डावी, बुधमन कुलदीप, पुरन पवार, दिलीप पटेल, डिगेश्वर कुलदीप, जयप्रकाश बघेल, आशाराम नेताम, मानसाय नेताम, ईश्वर बैद्य, महादेव सलाम, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# भारत में जैव विविधता संरक्षण आवश्यक

## भारत को एक महत्वपूर्ण निर्णय लेना है। उसे भावी पीढ़ियों के लिए अपनी जैव-विविधता व जर्मप्लाज्म का संरक्षण करना चाहिए अथवा अपनी विरासत को निगमों तथा विदेशी समझौतों के लिए बलिदान कर देना चाहिए?

**इंद्र शेखर सिंह**
(लेखक भारतीय राष्ट्रीय बीज संघ के निदेशक हैं)





नवंबर में भारत को भोजन एवं कृषि हेतु पौधों के जेनेटिक संसाधनों पर अंतरराष्ट्रीय समझौते-आईटीपीजीआरएफए पर वार्ता में हिस्सा लेना है। इसकी आठवीं आम सभा की बैठक रोम में होगी। भारत का क्या दांव पर लगा है? भारत का सारा भविष्य इन वार्ताओं पर निर्धारित है क्योंकि इसका प्रभाव खाद्य व कृषि फसलों की जैव-विविधता व जर्मप्लाज्म पर पड़ेगा। प्रतिनिधियों के अपने शब्दों में, '2001 में मंजूर आईटीपीजीआरएफए एक वैश्विक प्रतिक्रिया है जिसमें जेनेटिक संसाधनों की सुरक्षा के साथ ही उनके प्रयोग के लाभों तक उचि व समतापूर्ण पहुंच के किसानों के अधिकार को भी सुरक्षा दी गई है।'

आईटीपीएफआरए तथा खाद्य एवं कृषि संगठन-एफएओ आंकड़ों के अनुसार भारत खाद्य एवं कृषि पौध जेनेटिक संसाधनों-पीजीएफआरए का सर्वोत्तम स्थल है जिनकी संख्या 7,25,117 है। संक्षेप में, इन वार्ताओं का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दूसरी देशों की न्यूनतम संभव कीमत पर इन पीजीएफआरए तक पहुंच कैसे होगी। यह भी ध्यान देना चाहिए कि भारत जैव विविधता संरक्षण-सीबीडी व नगोया प्रोटोकाल का हस्ताक्षरकर्ता है जिनमें सारी जैव-विविधता पहले ही शामिल है। ये दोनों समझौते बायो-पाइरेसी से संरक्षण देने के साथ ही हमारे जैसे जैवविविधता व जर्मप्लाज्म से समृद्ध देशों को सुरक्षा देते हैं।

पहला मुद्दा स्विजरलैंड में चर्चा का विषय है जिसमें 'अंतरराष्ट्रीय संधि के अनुच्छेद 3 के अनुसार खाद्य एवं कृषि संबंधी सभी पौध जेनेटिक संसाधनों के लिए बहुपक्षीय व्यवस्था-एमएलएस की बात कही गई है।' हमें गौर करना चाहिए कि स्विटजरलैंड ने ऐसे 39,953 नमूने संरक्षित किए हैं। भारत के पास दुनिया में सर्वाधिक 3,95,001 नमूने संरक्षित हैं तथा संधि होने पर हमें विधिक रूप से इनके बारे में सहयोग करना होगा। इस प्रकार हम सबसे बड़े दानदाता हो जाएंगे। लेकिन क्या यह आर्थिक रूप से ठीक तथा देश के हित में है? जलवायु संकट, ब्रेक्जिट तथा ट्रंपवाद को देखते हुए संभवतः यह विकल्प सबसे अच्छा नहीं होगा।

सभी अन्य पीजीआर को खाद्य एवं कृषि के क्षेत्र में लाने के स्विस प्रस्ताव के बाद भारत को अपने राष्ट्रीय हितों के बारे में पहले सोचना चाहिए तथा केवल उन फसल प्रजातियों को इसमें शामिल करना चाहिए जो पीजीआर में पूर्व-निर्धारित तथा जनता के लिए सुलभ हैं। संधि के अनुच्छेद 1 में स्पष्ट रूप से उन फसल प्रजातियों को परिभाषित किया जाना चाहिए जो एमएलएस में उपलब्ध नहीं हैं। वास्तव में भौगोलिक संकेतकों-जीआई वाली हमारी सभी वर्तमान व भावी फसलों को संधि से बाहर रखा जाना चाहिए। वर्तमान समय में चीन इस संधि का हिस्सा नहीं है और वह इसमें शामिल होने के लिए शर्तें लगा रहा है। हमारे पास विशाल पौध जेनेटिक संसाधन-पीजीआर आधार है तथा हमें बिना किसी लाभ इसे दूसरे देशों को नहीं सौंपना चाहिए। अमेरिका हाल ही में सालों से निजी क्षेत्र द्वारा डाले जा रहे दबाव के कारण इसका अध्यक्ष बना है। इसलिए इस संधि पर बड़े वैश्विक कृषि निगमों तथा भू-राजनीति का व्यापक प्रभाव है।

भारत ने अब तक इस मामले में कठोर दृष्टिकोण अपनाया है तथा केवल 26,530 नमूनों की पहुंच एमएलएस को दी है। लेकिन ऐसा करने वाले हम अकेले नहीं हैं। यूरोप के उत्तर-पश्चिमी तट पर स्थित एक ठंडे व नम द्वीप ब्रिटेन के पास कुल 8,34,451 नमूने हैं जिनमें से उसने एमएलएस को केवल 44,069 नमूनों तक पहुंच की अनुमति दी है। सभी पीजीआर को संलग्नक 1 में शामिल करने के पहले भारत सरकार तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-आईसीएआर, राष्ट्रीय पौध जेनेटिक संसाधन ब्यूरो-एनबीपीजीआर को विश्लेषण करना चाहिए कि कितने पीजीआर तक भारतीय फर्मों की पहुंच एमएलएस के माध्यम से होगी और दूसरे देश इसमें कितना योगदान करेंगे। इस संबंध में एक नीतिगत पेपर प्रकाशित होना चाहिए ताकि नागरिकों को इसके लाभ का पता चल सके।

एनबीपीजीआर को एमएलएस के अंतर्गत भारतीय बीज कंपनियों को मिलने वाले आर्थिक, कृषि व सामाजिक लाभों की गणना भी करनी चाहिए। यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि वार्ताओं में कोई अस्पष्टता या गोपनीयता न हो। हमें स्पष्ट योजना बनानी चाहिए कि हम अपने पीजीआर में कैसे योगदान कर सकते हैं तथा एमएलएस राष्ट्र निर्माण में कैसे सहयोग देगी। भारतीय संग्रह से पीजीआर की पहुंच वाली बहुराष्ट्रीय व विदेशी कंपनियों को राष्ट्रीय कानूनों के प्रति कठोर प्रतिबद्धता प्रकट करनी चाहिए। इनमें खासकर पौध प्रजातियों व किसानों के अधिकारों का संरक्षण, जैव विविधता संरक्षण-सीबीडी, बीज कानून, बीज नियम व अन्य वर्तमान कानून शामिल हैं। ऐसा न होने पर वह स्थिति पैदा होगी जिसमें भारतीय किसानों द्वारा पैदा की जाने वाली कपास से मैंचेस्टर की मिलें कपड़ा बनाएंगी। इससे भारतीयों को अपनी कपास 400 प्रतिशत अधिक दामों पर खरीदनी होगी। यह माडल बीजों पर भी लागू होगा। ऐसी स्थिति में जहां कुछ देश बीजों पर पेटेंट की अनुमति देते हैं वहां हमारे जर्मप्लाज्म को विदेशी उत्पाद के रूप में पेटेंट कराया जा सकेगा। इसके बाद यही बीज भारतीय किसानों को बेचे जाएंगे। हमें इस मुद्दे पर सावधानी से विचार कर सुनिश्चित करना होगा कि हमारे सारे जर्मप्लाज्म पर भारतीय कानून लागू हों।

पौधों की नई प्रजातियों के संरक्षण पर इंटरनेशनल यूनियन-उपोव सम्मेलन प्रस्ताव इस संधि के माध्यम से लागू होने के प्रयास हो रहे हैं। भारत को आईटीपीजीएफआरए में किसानों के अधिकारों की पैरवी करनी चाहिए। यह उन अधिकारों के संदर्भ में होनी चाहिए जो उनको पौध प्रजातियों के संरक्षण व किसान अधिकार कानून, 2001 में दिए गए हैं। किसानों व ब्रीडरों के अधिकारों के साथ किसी समझौते को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए, खासकर इसलिए कि हम उपोव समझौते के हस्ताक्षरकर्ता नहीं है। भारत को एमएलएस के विस्तार के इस प्रकार प्रयास करने चाहिए ताकि पीजीआर-समृद्ध देशों को उपयुक्त लाभ मिले क्योंकि उन्होंने जर्मप्लाज्म का संरक्षण किया है। इसके लिए भारत तथा अन्य पीजीआर-समृद्ध देशों में क्षमता-निर्माण, विकास तथा शोध एवं विकास-आरएंडडी गतिविधियों को बढ़ावा देना होगा। हम प्रस्ताव कर सकते हैं कि इस संधि के अंतर्गत वित्त-प्रायोजित परियोजना से हर प्रदेश को एक्स-सीटू व इन-सीटू पीजीआर संरक्षण की सुविधायें मिलेंगी।

एफएओ ट्रस्ट फंड में महत्वपूर्ण मुद्दा लाभ साझा करना है। भारत को पहले इस फंड की बोर्ड समिति के सामने प्रस्ताव कर सुनिश्चित करना चाहिए कि पीजीआर दानदाता देशों का समुचित प्रतिनिधित्व हो। यह पीजीआर संसाधनों की उपलब्धता व उसमें योगदान पर आधारित हो सकता है। संरक्षण व आरएंडडी की योजना पीजीआर दान के अनुरूप होनी चाहिए। भारत सरकार व एनबीपीजीआर को विश्लेषण करना चाहिए कि पिछले सात या आठ सालों में पीजीआर गतिविधियों की कितनी परियोजनाओं को दूसरे देशों की तुलना में आईटीजीआरएफआरए ट्रस्ट फंड से सहायता मिली है। हमें इस तथ्य पर जोर देना चाहिए कि पीजीआर के वाणिज्यिकरण से होने वाले आर्थिक लाभ सीधे पीजीआर दानदाता देश को मिलें। इसके साथ ही पीजीआर का प्रयोग कर विकसित उत्पाद भी दानदाता देश, खासकर किसानों को तुलनातमक रूप से सस्ते दामों में उपलब्ध होने चाहिए। भारत में सार्वजनिक संस्थानों जैसे आईसीएआर व छोटी तथा मझोली कंपनियों को रियायतें मिलनी चाहिए।

रोम की बैठक में पीजीआर के गैर-भौतिक प्रयोग पर भी चर्चा होगी। जीन एडिटिंग व डिजिटल सीक्वेंस इन्फार्मेशन-डीएसआई जैसी तकनीकी प्रगति से नई किस्में विकसित करने के लिए भौतिक पौध सामग्री की आवश्यकता समाप्त हो सकती है। इसके लिए जीन सीक्वेंस काफी होगा। हालांकि, दुनिया के अन्य देश तथा सीबीडी जैसे संगठन इस दिशा में विशेषज्ञ अध्ययन कर रहे हैं, भारत को समर्थन करना चाहिए कि डीएसआई व अन्य भावी तकनीकों-सीआरआईएसपीआर को लाभ साझा योजनाओं में शामिल किया जाए ताकि पीजीआर संरक्षण में हमारे प्रयास पीछे न छूट जाएं।

लेकिन शायद सबसे बड़ी समस्या यह है कि भारत वास्तव में किसके साथ बात कर रहा है? क्या ये विकसित देश हैं या देशों के मुखौटे के पीछे छिपे बड़े बहुराष्ट्रीय कृषि निगम हैं? ऐसे निगम आज भारत समेत हर देश में मौजूद हैं और परोक्ष रूप से पीजीआर तक पहुंच बढ़ाने की पैरवी कर रहे हैं। वास्तव में अपने भारतीय सहयोगियों के साथ वे सरकार से आईटीपीजीआरएफए के प्रति नरम दृष्टिकोण अपनाने की अपील कर रहे हैं। वे ऐसा क्यों कर रहे हैं? इसका कारण यह है कि भारत जैसे देशों ने पीजीआर पर अपना संप्रभु अधिकार प्रकट करते हुए विदेशी बहुराष्ट्रीय निगमों पर जैव विविधता कानून के अंतर्गत भारतीय जैव-विविधता तक पहुंच पर अनेक नियंत्रण लगाए हैं। यदि स्विस प्रस्ताव स्वीकार हो जाता है तो भारतीय विधि-निर्माताओं को पीछे छोड़ कर पीजीआर के लिए उनके सारे दरवाजे अबाध खुल जाएंगे और इसके लिए वे मुनाफों का मामूली हिस्सा देंगे।

एक बार भारतीय पीजीआर उपलब्ध हो जाने के बाद वे दुनिया के किसी भी हिस्से में बांग्लादेश जैसे देशों में खुली 'क्लाथ स्वीट शाप' की तरह 'सीड स्वीट शाप' खोल देंगे। इनकी डिजाइन चाहे यूरोपीय हो या अमेरिकन, कच्चा माल भारतीय होगा ओर बांग्लादेश में कुछ पैसे प्रति घंटे खर्च पर निर्मित कपड़े बूटिक दूकानों में हजारों डालरों में बेचे जाएंगे। बीजों के व्यापक उत्पादन के लिए सबसे सस्ती श्रम लागत वाले देशों को तलाशा जाएगा और उत्पादों को ज्यादा कीमत देने में सक्षम देशों में भेजा जाएगा। इस स्थिति में बीजों और जैव-विविधता का संरक्षण करने वाले भारतीय किसानों और महिलाओं को अलग-थलग छोड़ कर बड़ी कृषि कंपनियां विकसित देशों में जैव-विविधता का वाणिज्यीकरण करेंगी।

जलवायु परिवर्तन के खतरे को देखते हुए हम केवल विदेशी समझौतों में शामिल होने के लिए अपने पीजीआर की भयानक लूट की अनुमति नहीं दे सकते हैं। हमें चीन से सबक लेते हुए जीववैज्ञानिक विरासत के प्रति ज्यादा कठोर व राष्ट्रवादी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

# शी जिनपिंग की नेपाल यात्रा के निहितार्थ

## नेपाल व चीन के बीच बढ़ते संबंधों के बावजूद इनकी तुलना भारत से उसके सदियों पुराने संबंधों से नहीं की जा सकती, लेकिन वैश्विक समुदाय को दिया संदेश हमारे पक्ष में नहीं है।

**ऋषि गुप्ता**
लेखक जेएनयू में शोधकर्ता हैं।





भारत में प्रधानमंत्री मोदी के साथ अनौपचारिक सम्मेलन के फौरन बाद चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की दो दिवसीय नेपाल यात्रा हुई। इससे स्पष्ट है कि चीन नेपाल को कितनी प्राथमिकता देता है। इस यात्रा पर नई दिल्ली की भी गहरी नज़र थी, क्योंकि 1996 में जियांग जेमिन की काठमांडू यात्रा के 23 साल बाद यह किसी चीनी राष्ट्रपति की नेपाल यात्रा थी।

भारत व चीन के बीच स्थित नेपाल सामरिक रूप से पिछले साठ वर्षों से दोनों बड़े पड़ोसियों के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि, नई दिल्ली व बीजिंग का उससे संवाद अलग-अलग है। भौगोलिक रूप से नेपाल भारत के लिए किसी आक्रमण से सुरक्षा प्रदान करने का माध्यम रहा है जो संभवतः उत्तर की ओर से हो सकता था। 1950 में, तिब्बत पर चीन के भयंकर आक्रमण के समय आशंका थी कि चीन नेपाल पर भी हमला करेगा। लेकिन, भारत ने जोर दिया था कि नेपाल के खिलाफ कोई आक्रमण वह अपने ऊपर हमला मानेगा। तिब्बत के चीनी शिकंजे में फंसने के बाद नेपाल ने शाही नेपाली सेना के प्रशिक्षण तथा हथियारों व गोला बारूद के लिए भारत से संपर्क किया था। हालांकि, दोनों देशों के बीच औपचारिक रक्षा संबंध नहीं थे पर भारत-नेपाल को अनौपचारिक सुरक्षा छतरी प्रदान करता था। 1950 में हस्ताक्षरित शांति एवं मित्रता संधि में इसका स्थान था।

तिब्बत प्रकरण से पहले दो शताब्दी से नेपाल में शासन कर रहे शाह परिवार को राणा प्रधानमंत्री के नियंत्रण से खतरा था। जिसके फलस्वरूप राजा पृथ्वी नारायण शाह भारत भाग आए थे और उन्होंने मदद की गुहार लगाई थी। भारत की मदद से नेपाल में नई राजनीतिक व्यवस्था स्थापित हुई थी। हालांकि, भारत शाह वंश को सत्ता में स्थापित करने में अग्रणी भूमिका निभा चुका था, पर उसने नेपाल की संप्रभुता का सम्मान सुनिश्चित किया। इससे दोनों देशों के बीच विशेष संबंध स्थापित हुए।

दूसरी ओर, तिब्बत में आने के बाद पहले दिन से चीन नेपाल में अपना राजनीतिक व रणनीतिक समर्थन बनाने का प्रयास कर रहा था। जहां पृथ्वी शाह को चीनी इरादों से चिंता थी वहीं उनके वंशज राजा महेंद्र ने नेपाल के राजनयिक संबंधों में परिवर्तन प्रारम्भ करते हुए 1955 में चीन के साथ औपचारिक संबंध स्थापित किए। राजा महेंद्र के निधन के बाद उनके बेटे वीरेंद्र ने भी भारत के साथ नेपाल के समीकरण बदलने के प्रयास किए। चीन की सलाह पर भारत के साथ शांति व मित्रता संधि की समीक्षा पर चर्चा प्रारम्भ हुई। वीरेंद्र ने वैश्विक नेताओं को आमंत्रित कर नेपाल को शांति क्षेत्र घोषित करा दिया। हालांकि, 50 से अधिक देशों ने इसे स्वीकार किया, पर भारत ने शांति क्षेत्र स्वीकार करने से इनकार करते हुए 1950 की संधि का उल्लेख किया। शांति क्षेत्र स्वीकार करने से खासकर उत्तर में भारत की सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता था। 15 वर्ष से अधिक समय तक भारत को अपने साथ लाने का प्रयास करने के बाद अंततः वीरेंद्र ने यह योजना छोड़ दी। 1988 में, चीन ने नेपाल को हथियार आपूर्त किए जो भारत के सुरक्षा सरोकारों का पूर्ण उल्लंघन था तथा यह 1950 की संधि भावना के भी खिलाफ था। उस समय भारत-नेपाल संबंध 1995 से 1990 के बीच सबसे निचले स्तर पर थे। चीनी नेताओं ने काठमांडू व नई दिल्ली के बीच विशेष संबंधों को हाशिए पर धकेलने के प्रयास प्रारम्भ किए थे। शीत युद्ध युग समाप्त होने के बाद भारत में व्यापक आर्थिक सुधार हुए तथा एक व्यापक क्षेत्रीय आर्थिक एकजुटता प्रारम्भ हुई। 1985 में दक्षेस की स्थापना के बाद भारत ने क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों पर जोर दिया। इसकी अभिव्यक्ति गुजराल सिद्धांत से सामने आई जो पड़ोसियों के साथ बिना शर्त सहयोग पर आधारित थी और समान व्यवहार की उम्मीद नहीं की गई थी। यह सिद्धांत भारत द्वारा अपने पड़ोसियों के पगति काफी महत्वपूर्ण परिवर्तन था जिसे वर्तमान सरकार 'पड़ोसी प्रथम' की नीति से आगे बढ़ा रही है। भारत-नेपाल के बीच गहरे संबंध, निकटस्थ सांस्कृतिक धार्मिक, दोनों देशों की जनता के बीच संबंध, लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान तथा एक दूसरे पर अनाक्रमण पर आधारित हैं। लेकिन, पिछले 30 वर्षों से नेपाल में राजनीतिक घटनाक्रम से शासन में अस्थिरता रही है। 1990 के दशक में नेपाल में पहली लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रारम्भ होने के बाद जनता की ज्यादा सहभागिता के रास्ते खुले थे। लेकिन, 1994 से 2006 के बीच माओवादी उग्रवाद ने देश को गंभीर राजनीतिक अस्थिरता में धकेल दिया। 2008 में, नेपाल एक लोकतांत्रिक देश बना तथा राजशाही व्यवस्था पूर्णतः समाप्त कर दी गई। भारत उन देशों में से एक था जिन्होंने इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लेकिन, पिछले पांच वर्षों में हुई घटनाओं ने नेपाल में भारत की छवि खराब की है। हालांकि, 2015 में नेपाल में भूकंप आने पर सहायता करने वालों में भारत पहला देश था पर उसी वर्ष भारत-नेपाल सीमा पर हुई नाकाबंदी ने आपातकालीन आपूर्ति प्रभावित की। इससे वहां सोशल मीडिया पर 'गो बैक इंडिया' नाम से भारत विरोधी आंदोलन शुरू हुआ।

काठमांडू ने भारत पर ये आरोप भी लगाए कि वह नए संविधान के क्रियान्वयन में विलंब का कारण है। संविधान सभा में संविधान का प्रारूप पेश होने के बाद नेपाल के दक्षिणी भाग में रहने वाले मधेसियों ने सरकार के खिलाफ हिंसक आंदोलन प्रारम्भ कर दिया। उनका आरोप था कि उनको कम प्रतिनिधित्व दिया गया है, एवं उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन किया गया है। मधेसी आंदोलन के कारण बिहार व उत्तर प्रदेश में विस्थापन का खतरा देखते हुए भारत ने तत्कालीन विदेश सचिव एस जयशंकर को नेपाल भेजा और काठमांडू के सामने भारत के सुरक्षा सरोकार रखे गए। लेकिन, नेपाल की जनता ने इसे ठीक नहीं समझा। इसके बाद से ही काठमांडू भारत के साथ विशेष संबंधों के बजाए चीन के साथ नए संबंधों पर जोर दे रहा है। बेल्ट एंड रोड पहल में सहभागिता तथा चीनी व नेपाली सेना के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास इसके नवीनतम उदाहरण हैं। नेपाल व चीन के बीच बढ़ते संबंधों के बावजूद इनकी तुलना भारत से उसके सदियों पुराने संबंधों से नहीं की जा सकती, लेकिन वैश्विक समुदाय को दिया संदेश हमारे पक्ष में नहीं है। नई दिल्ली को इस संबंध में सतर्क रहना चाहिए। दूसरी ओर, नेपाल में चीन का हस्तक्षेप रणनीतिक लाभ पाने के लिए हैं। अतः वो काठमांडू के साथ भारत के संबंध खराब करने का प्रयास कर रहा है। स्पष्ट रूप से, चीन के ये कृत्य नेपाल में अपनी स्थिति मजबूत करने तथा भारत समेत अन्य दक्षिण एशियाई देशों पर नजर रखने का इरादा है।

ऐसा करने के लिए उसने भारत-नेपाल संबंधों में गिरावट का लाभ उठाया है। नेपाल को 1987 में एक मिलियन डॉलर सैन्य सहायता के साथ 2005 में उसने राजा ज्ञानेंद्र को ट्रकों हथियार आपूर्त किए थे, ताक पूर्ण लोकतंत्र के लिए जनता की मांग को कुचला जा सके।

वर्तमान समय में, 60 अरब डॉलर की कथित नवोपनिवेशवादी बीआरआई की वैश्विक आलोचना के बावजूद चीन उसकी सफलता के लिए इस क्षेत्र में प्रयासरत है। भारत व भूटान के अलाव अन्य सभी दक्षिण एशियाई देश बीआरआई में शामिल हो गए हैं। भारत ने पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है कि चीन-पाक आर्थिक गलियारा उसकी संप्रभुता का पूर्ण उल्लंघन है क्योंकि यह पाकिस्तान के विवादित क्षेत्रों से गुजरता है। इसलिए भारत इस पहल का हिस्सा नहीं बन सकता। नेपाल में काठमांडू को तिब्बत से जोड़ने वाले पराहिमालयन गलियारे के निर्माण का प्रस्ताव रखा गया है जिस पर पिछले दो साल से चर्चा हो रही है। लेकिन दोनों देशों के बीच ऊंचे पहाड़ों को देखते हुए इस परियोजना का क्रियान्वयन नेपाली अर्थव्यवस्था की परीक्षा होगी। नेपाली नेतृत्व को अपनी धरती पर चीनी योजनाओं पर सावधानी से ध्यान देना चाहिए तथा उनकी वैधता तथा देश की जनता की भावनाओं पर ध्यान देना चाहिए। इसका कारण यह है कि चीन की सहायता एक अनुदान के बजाए कर्ज का फंदा सिद्ध होती है। इस रणनीति का प्रमुख उदाहरण श्रीलंका का चीनी मदद से बना हंबनटोटा बंदरगाह है। श्रीलंका द्वारा कर्ज अदा न करने के कारण यह बंदरगाह अब चीनी नियंत्रण में हैं और बीजिंग वहां निर्माण कार्य जारी रखे हुए है। शी जिनपिंग की हालिया नेपाल यात्रा एक महत्वपूर्ण समय पर हुई है, जब वो वहां बीआरआई व अन्य रणनीतिक हितों की सफलता हेतु प्रयासरत हैं। इसलिए, नेपाल को अपनी महत्वाकांक्षाओं तथा जनता के कल्याण को प्रमुखता देते हुए व्यक्तियों व राजनीतिक दलों के हितों को महत्व नहीं देना चाहिए। उस पर क्षेत्रीय संतुलन व सदभावना सुनिश्चित करने की भी जिम्मेदारी है।

# चतुर्थ कर्मचारी संघ का 8 नवबर को रहेगा सामूहिक अवकाश, सौपेंगे ज्ञापन

## विभागीय उदासीनता के चलते कर्मचारियों में असन्तोष व्याप्त

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय के कृषि उपज मंडी प्रांगण में शनिवार को छ.ग.लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ का चार सूत्रीय मांग नियमितिकरण, रिक्त पदों पर समायोजन 1998 से अब तक विभिन्न विभागों में कार्यरत कलेक्टर दर, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित किया जाए जैसे विषयो पर चर्चाएं हुई। वही संघ के जिलाध्यक्ष पवन सिंह ठाकुर ने जानकारी देते बताया कि राज्य के विभिन्न विभागों में लगभग 12 से 15 हजार कलेक्टर दर, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी कार्यरत हैं, उनमें लगभग 8 से 10 हजार कलेक्टर दर कर्मचारी आदिम जाति कल्याण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, वाणिज्य विभाग एवं संस्कृति विभाग आदि विभागों में शासन द्वारा स्वीकृत रेगुलर, आकस्मिक निधि स्थापना के वेतनमान रू. 4750-7440 ग्रेड वेतन 1300 के रिक्त पदों के विरूद्ध कलेक्टर दर पर कार्यरत हैं, उनके लिए अलग से पद स्वीकृत करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

उन्हें उक्त पदों में समयोजन करके नियमित, रेगुलर वेतनमान दिया जा सकता है लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते उन्हें उक्त पदों पर समायोजन नही किया जा रहा है, शेष अन्य विभागों में जिसमें



अचानकमार, टाईगर रिजर्व, वन विभाग, योजना सांख्यिकी, उद्यान विभाग, जिला पंजीयक, परिवहन, हाथकरघा, लो.नि.वि., जल संसाधन, ग्रा.यां.से., जिला पंचायत, जनपद पंचायत, जिला कोषालय, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, कृषि उपज मंडी आदि विभागों में कार्यरत लगभग 5-6 हजार दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की नियमितिकरण अथवा नियमित वेतनमान देने हेतु उतने पद स्वीकृत करने की आवश्यकता पड़ सकती है, कार्यभारित कर्मचारियों को सेवा निवृत्ति पश्चात अवकाश नगदीकरण का लाभ दिया जाये, इस संबंध में शासन द्वारा अब तक जवाब दिया जाता रहा है कि छ.ग.राज्य पुनर्गठन प्रावधानों के अन्तर्गत मध्य प्रदेश शासन की सहमति के बिना तत्संबंध में कार्यवाही नहीं की जा सकती है। इस संबंध में संघ का कथन है कि छत्तीसगढ़ राज्य अस्तित्व में आये 19 वर्ष गये। अतएव संघ का निवेदन है कि जब से छत्तीसगढ़ राज्य अस्तित्व में आया है तब से उक्त संबंध में प्रावधानित किया जाये, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के ग्रेड वेतन में बढ़ोतरी, राज्य के अधिकारी संवर्गों का ग्रेड वेतन 4200-4300 से 4800 के स्थान पर 5400 एवं तृतीय श्रेणी के संवर्ग का ग्रेड वेतन 1900-2200 से 2400 के स्थान पर 2800 बढ़ोतरी किया गया है, लेकन चतर्थ श्रेणी के ग्रेड वेतन में कोई बढोतरी नहीं किया गया है। अतएव चतुर्थ श्रेणी के ग्रेड वेतन 1300-1400 से 1800 के स्थान पर 2200 बढोतरी किया जाये। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के सेवा अवधि में बढ़ोतरी, राज्य के अन्य समस्त संवर्गों अधिकारी, कर्मचारियों की भांति चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भी सेवा अवधि में दो वर्ष की बढ़ोतरी किया जाये। उल्लेखनीय है कि संबंधित विभागों द्वारा उपरोक्त मांगों का निराकरण नहीं किए जाने के चलते राज्य के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में भारी असंतोष व्याप्त हैं। इसलिए उपरोक्त मांगों को लेकर प्रथम चरण में 8 नवंबर को राज्य के प्रत्येक जिलों में समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एक दिवसीय सामुहिक अवकाश लेकर कलेक्टर के माध्यम से एवं जिले के नेशनल कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष के माध्यम से शासन को ज्ञापन सौंपा जायेगा व दूसरे चरण में 15 नवंबर को राजधानी मुख्यालय रायपुर में एक दिवसीय प्रान्त व्यापी ध्यानाकर्षण धरना प्रदर्शन कर शासन को ज्ञापन सौंपा जायेगा।

## क्विक न्यूज

### चोर उचक्कों के निशाने पर रहेगी त्योहारी भीड़

**भिलाई।** त्योहारी सीजन की दस्तक के साथ ही शहर के बाजारों में भीड़ बढ़ने लगी है। दीपावली खत्म होने तक यह भीड़ चोर उचक्कों के निशाने में रहेगी। त्योहारी भीड की सुरक्षा के साथ ही लूट और चोरी जैसी वारदातोंको रोकने पुलिस ने रणनीति को अमलीजामा पहना दिया है। शहर के प्रमुख बाजारों में असामाजिक तत्वों पर नजर रखने पुलिस के अतिरिक्त जवानों की तैनाती की जा रही है। दीपावली की खरीददारी के लिए लोग बाजार का रूख करने लगे हैं। इसके चलते भिलाई-दुर्ग के सभी बाजारों में इन दिनों रौनक देखते बन रही है। खरीददारी के लिए लोग घर से अच्छी खासी रकम लेकर निकलते हैं। ऐसे लोगों को मौका मिलते ही शिकार बनाने के मकसद से असामाजिक तत्वों की सक्रियता भी बाजारों में बढ़ जाती है। त्योहार की खरीदी करने बाजार आने वालों के साथ लूट, चोरी, पाकिटमारी अथवा ठगी जैसी वारदात को रोकने पुलिस ने भी कमर कस ली है।

### शिव महापुराण सुनने से मनुष्य के सब पापों की मुक्ति : आचार्य शुभम

**भिलाई।** शिव शक्ति महिला मंडल भिलाई के तत्वावधान में भगवान भूतनाथ महादेव की कृपा से कार्तिक मास के शुभ अवसर पर जनकल्याणार्थ नौ दिवसीय पंचकुण्डीय शिवशक्ति रुद्र महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा का शुभारम्भ भिलाई के कोसा नगर गांधी नगर स्थित शिव मन्दिर में हो गया है। इस अभूतपूर्व यज्ञ में काशी, अयोध्या, वृन्दावन, उज्जैन एवं प्रयाग जैसे अनेकानेक तीर्थो से आचार्य एवं विद्वानों का शुभागमन हुआ है जो यहां कार्यक्रम स्थल पर धर्म-ध्वजा फहरा रहे हैं।आचार्य शुभम कृष्णजी महाराज विराजमान है जिनके मुखाबिन्द से अमृत-कथा की वर्षा प्रतिदिन हो रही है। महायज्ञ एवं महापुराण कथा के यज्ञाचार्य राहुल शर्मा (राधे) हैं। आचार्य दिग्विजय नाथ ने जानकारी देते हुए बताया कि महायज्ञ के लिए यज्ञशाला एवं महापुराण कथा के लिए स्थल-निर्माण कार्य में अनेक लोगों ने अपना योगदान दिया है।

### जिले में अब तक 952.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बेमेतरा ।** चालू बारिश सीजन के दौरान जिले में 01 जून 2019 से 19 अक्टबर 2019 सवेरे 8.00 बजे तक की स्थिति में 952.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। सर्वाधिक 1622.2 मि.मी. वर्षा बेमेतरा तहसील में तथा न्यूनतम 536.0 मि.मी. वर्षा साजा तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेरला तहसील में 867.0 मि.मी. वर्षा, थानखम्हरिया तहसील में 993.2 मि.मी. वर्षा, नवागढ़ तहसील में 744.0 मि.मी. दर्ज की गई है।

# एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष की गतिविधियों व क्रियाकलापों से पार्टी हो रही बदनाम

## शराब तस्करी तथा रेत खदानों में जाकर मारपीट व वाहनों की तोड़फोड़

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

आखिर एनएसयूआई प्रदेश संगठन की ऐसी क्या मज़बूरी हैं, जो एमपी से शराब तस्करी मामले में जुड़े व रेत खदानों में जाकर संचालकों तथा वाहन चालकों से मारपीट व वाहनों की तोड़फोड़ और रेत परिवहन कर रहे हाइवा के चालकों से अवैध वसूली करने वाले बालोद एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष को शय दे रही हैं। जबकि एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र पांडे की गतिविधियां व क्रियाकलाप को देखते हुए संगठन को तत्काल कड़ी कार्यवाही करते हुए पार्टी से निष्कासित कर देना चाहिए।

लेकिन प्रदेश संगठन की ऐसी क्या मजबूरी हैं, जो जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र पांडे को संरक्षण दे रही हैं। गुरुवार रात को एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र पांडे अपने कुछ कार्यकर्ताओं के साथ तालगांव फारेस्ट बेरियर में शराब के नशे में अपने स्कार्पियों वाहन से पहुच वहां से गुजरने वाले रेत से भरे वाहनों से अपने पद का धौश दिखाते हुए अवैध वसूली कर रहे थे। अवैध वसूली की सूचना मिलते ही रेत खदान संचालकों एवं हाइवा के चालको ने जीतेन्द्र पांडे की जमकर धुनाई कर दी। जिससे जीतेन्द्र पांडे बुरी तरह लहूलुहान हो

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष की अवैध वसूली पर चालकों व संचालकों ने की जमकर धुनाई



गए और मौके से भाग खड़े हुए। वही मिली जानकारी अनुसार एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष अपने स्कार्पियों वाहन में सायरन बजाकर तालगांव फॉरेस्ट बेरियर में अपने पद का धौश दिखाते हुए बलपूर्वक हाइवा के चालको से अवैध वसूली कर रहे थे।

अवैध वसूली करता देख उक्त घटना हुई हैं। उल्लेखनीय हो कि साल भर पहले जीतेन्द्र पांडे को शराब तस्करी करने के मामले में पार्टी से निष्कासित किया गया था। किंतु फिर बाद में पार्टी ने जीतेन्द्र पांडे का निष्कासन रद्द कर वापस जिलाध्यक्ष के पद पर बैठा दिया। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष के पद पर बैठने के बाद छात्र नेता की एक भी जिम्मेदारी व कार्यप्रणाली जीतेन्द्र पांडे की नही रही हैं। बल्कि अवैध कार्यों में संलिप्त जरूर रही हैं। कुछ महीनों पहले एनएसयूआई के ही प्रदेश संगठन के एक नेता के साथ मिलकर ओरमा का रेत खदान अवैध रूप से चला रहे थे।उस अवैध रेत खदान में जिला प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए एक चैन माउंटेन व 11 हाइवा जब्त किया था। उसके बाद जीतेन्द्र पांडे द्वारा अवैध रूप से संचालित गोड़पाल रेत खदान में जाकर वहां के संचालकों व हाइवा चालको से मारपीट की गई थी और हाइवा व चैन माउंटेन के शीशे भी फोड़े गए थे। जिसकी शिकायत जीतेन्द्र पांडे और रेत खदान का संचालन कर रहे व्यक्तियों के द्वारा बालोद थाने में कई गई थी।

लेकिन बाद में दोनो गुटों ने आपसी राजीनामा कर लिया। राजीनामा करना भी मजबूरी थी, क्योकि दोनो ही गुट कांग्रेसी थे। गोड़पाल मारपीट कांड के बाद अब फिर एक बार एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र पांडे अपने पद का धौश दिखाते हुए रेत परिवहन कर रहे हाइवा से अवैध वसूली के मामले में फिर सुर्खियों में आ गए हैं।

अपने स्कार्पियों वाहन में सायरन बजाकर तालगांव क्षेत्र में घूम घूमकर अपने पद का दुरुप्रयोग करते हुए वाहन चालकों से 200 से 300 रुपये अवैध वसूली करने पर रेत खदान का संचालन कर रहे लोगों एवं वाहन चालकों के द्वारा जीतेन्द्र पांडे की जमकर धुनाई कर दी गई। उक्त घटना के बाद से जीतेन्द्र पांडे शहर में नज़र भी नही आ रहे हैं। वही एनएसयुआई के जिलाध्यक्ष द्वारा लगातार की जा रही ऐसी गतिविधियो व क्रियाकलापो से प्रदेश संगठन क्यो कार्यवाही नही कर रही हैं, और संगठन की ऐसी क्या मजबूरी है, समझ से परे हैं। प्रदेश एनएसयूआई संगठन को सारे मामले संज्ञान में होने के बावजूद भी जीतेन्द्र पांडे के ऊपर कड़ी कार्यवाही नही किया जाना, प्रदेश संगठन का साफ-साफसंरक्षण नज़र आता हैं। वही एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा के द्वारा जांच कर कार्यवाही की बात कही गई हैं। लेकिन सबसे बड़ी बात यह कि प्रदेशाध्यक्ष को सारे मामले संज्ञान में होने के बावजूद तत्काल कार्यवाही क्यो नही कर रही हैं, यह एक बड़ा सवाल हैं..?

# दीपावली पर्व पर मिट्टी के दीये का ही करें उपयोग : आयुक्त बर्मन

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र के गांधी चौक, शनीचरी बाजार, पंचशील बाजार, इंदिरा मार्केट, सिकोला बाजार, महिला समृद्धि बाजार व अन्य बाजारों में निगम क्षेत्र के कुम्हारों, तथा आसपास ग्रामीण अंचल से दीपावली पर्व पर दीया विक्रय करने शहर आने वाले कुम्हार दीया और अन्य सामग्री बाजार में व्यवस्थित और सुविधा ढंग से विक्रय कर सकते हैं। आयुक्त इंद्रजीत बर्मन ने राजस्व विभाग और बाजार विभाग अधिकारियों को निर्देशित कर कहा है कि बाजार में कुम्हारों को एक लेन में बैठाने की व्यवस्था करें। उन्हें कोई तकलीफ न हो इसका ध्यान रखें। बाजार में स?क और गली क्षेत्र में किसी भी प्रकार से अवरोध न हो, किसी भी प्रकार के वाहन वहॉ न जाए दीया विक्रय के लिए यत्र-तत्र अव्यवस्थित पसरा आदि न लगायें। उल्लेखनीय है कि गत दिनों एडिशनल एस पी के निर्देशन में नगर निगम और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की बैठक लेकर दीपावली के मौक पर बाजार क्षेत्र में सुगम यातायात और आवागमन को व्यवस्थित करने के निर्देश दिये गये है। इसके लिए तीन स्थानों पर अस्थायी पुलिस सहायता केन्द्र स्थापित किया जा रहा है। बाजार क्षेत्र में व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन के अधिकारी और निगम अमला कल बाजार क्षेत्र में भ्रमण कर



विभिन्न स्थानों पर सडक पर पसरा लगाने वालों को पसरा हटा लेने की हिदायत दी गई है। पुलिस बल और निगम अमला इंदिरा मार्केट पार्किंग के सामने, मिष्ठान भंडार के पास, मटन मार्केट के सामने सडक को घेर कर सब्जी पसरा लगाने वालों को हटने की चेतावनी दी गई। वहीं बडे दुकानदारों को चेताया गया कि अपने दुकानों के सामने किसी को भी पसरा ठेला न लगाने दें। अमला ने पूरा बाजार क्षेत्र में फूल बाजार, प्रिंया श्रृंगार सदन, महात्मा गांधी स्कूल के पास, प्रेस काम्पलेक्स ए, सोनाली रेस्टॉरेंट,गोपाल होटल एरिया, कुँआ चैक क्षेत्र का भ्रमण कर सभी ठेला, पसरा दुकानदारों को हिदायत दी गई। अमला ने शीला होटल के सामने इंदिरा मार्केट दुकानदारों के दुकानों में जाकर उन्हें समझाईश देते हुये कहा अपने दुकानों का सामान बाहर तक न रखें। इसके अलावा अपने दुकानों के सामने किसी भी प्रकार की वाहनें खड़ी न होने देवें। दुकान में आने वाले ग्राहकों से निवेदन कर कहें वे अपनी वाहनें पार्किंग में खडी करें।

# सिविक सेंटर में बनेगा सर्वसुविधायुक्त शौचालय

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

सत्संकल्प समिति की बैठक शुक्रवार को समिति के सेक्टर-6 ई मार्केट स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद चौधरी ने बताया कि समिति अपने सेवा कार्यो का विस्तार करते हुए सिविक सेंटर मैदान में एक सर्वसुविधायुक्त शौचालय का निर्माण कराकर उसका निःशुल्क संचालन करने का निर्णय लिया है। इसके लिए काम लगभग पूर्णता की ओर है। प्रमोद ने बताया कि सिविक सेंटर जैसी जगह भिलाई की शान है और लोग बहुत तैयार होकर वहां पहुंचते हैं ऐसे में अगर साधारण शौचालय बनाया जाता है तो वहां लोग गंदगी या उसके ठीक व्यवस्थित ना दिखने के कारण इस्तेमाल नहीं करते हैं। इसीलिए एक शानदार और साफ सुथरा शौचालय समिति के द्वारा निर्मित कराकर निःशुल्क उपयोग के लिए समिति कार्य कर रही है।

समिति को अगर इस सेवा कार्य के लिए किसी प्रकार का सहयोग समाज द्वारा दिया जाता है तो यह अपेक्षित है। हेमन्त सिंह ने कहा कि समिति ऐसे ही कई कार्य लगातार बिना किसी सरकारी सहयोग या मदद के कर रही है।

# कोक ओवन एवं सीसीडी के कार्मिक कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के मुख्य महाप्रबंधक सभागार में शिरोमणि पुरस्कार योजना के अन्तर्गत माह अगस्त एवं सितम्बर-2019 हेतु कर्म शिरोमणि पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य महाप्रबंधक जी.ए. राव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस सम्मान का मुख्य उद्देश्य अपने कार्यस्थल/पाली में नवीनता, बेहतर संसाधनों का उपयोग एवं



संगठनात्मक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए सुरक्षा के मानक मापदण्डों के साथ विभाग में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले कर्मठ एवं सृजनशील गैर-कार्यपालक कार्मिक को एक विशेष पहचान प्रदान कर सम्मानित करना है। इसके अन्तर्गत कार्मिक को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र एवं कार्मिक की धर्मपत्नी के लिए भी प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाता है। इस अवसर पर विभाग प्रमुख व मुख्य अतिथि जी.ए.राव ने शिरोमणि पुरस्कार समिति द्वारा माह अगस्त-2019 हेतु अनुशंसित बाबू सिंह कंवर, तकनीशियन एवं प्रेमलाल कुर्रे, तकनीशियन, यॉंत्रिकी अनुरक्षण एवं माह सितम्बर-2019 हेतु अनुशंसित अमिताभ दत्ता, चार्जमैन कम मास्टर ऑपरेटिव, बैटरी ऑपरेशन एवं समारू राम, वरिष्ठ ऑपरेटिव, कोल हैण्डलिंग प्लांट को विभाग में बेहतरीन कार्य निष्पादन के लिए कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया।

# शिवसैनिकों ने नगर निगम के सामने किया धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शिवसेना के प्रदेश महासचिव डॉ.आनंद मल्होत्रा,प्रदेश संगठन सचिव राजेश ठावरे, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवराम केशरवानी के मार्गदर्शन में दुर्ग शिव सेना के नेतृत्व में एक दिवसीय निगम कार्यालय के सामने उक्त मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन के पश्चात् निगम आयुक्त का पुतला दहन नगर निगम कार्यालय के सामने किया गया।

शिवसैनिकों द्वारा नगर निगम के समक्ष दुर्ग शहर में व्याप्त भ्रष्टाचार, अनियमितताओं व साफसफाई में हो रही लापरवाही को लेकर धरना प्रर्दशन कर जिलाधीश के नाम पर डिप्टी कलेक्टर सरोज महिलांगे को ज्ञापन सौंपा गया ।

शिव सैनिकों ने मांग की है कि नगर निगम क्षेत्र में गरीबो को व्यवसाय हेतु आबंटित किए गए मुख्यमंत्री स्वालम्बन योजना के तहत दुकानों की जॉच किया जावें और जो भी किराएदार बतौर दुकान का कब्जा किए बैठे है उन्हें तत्काल बाहर कर जरूरत मंद बेरोजगारों को उपलब्ध कराया जावे। नगर निगम द्वारा मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना के अंतर्गत जितने भी दुकाने बनी हुई पूर्व से आज के सभी दुकानों के आबंटन को रद्द किया जाए।

## पशुओं के स्वास्थ्य समस्याओं के निराकरण हेतु निर्देश

# कलेक्टर ने बिलई के गौठान का किया मुआयना

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा एवं बाड़ी के अंतर्गत कलेक्टर शिखा राजपूत तिवारी ने कल बेमेतरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बिलई में निर्मित गौठान का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान गौठान प्रबंधन समिति को सक्रिय करने एवं गौठान का संचालन गौठान प्रबंधन समिति के माध्यम से किए जाने हेतु निर्देश प्रसारित किया गया। साथ ही गौठान स्थल पर ही स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को विभिन्न प्रकार की आर्थिक गतिविधियों से जोड़ते हुए दायित्व दिए जाने हेतु निर्देश दिया गया। कलेक्टर ने कृषि विभाग के



अधिकारियों को ग्राम गौठान समिति एवं चरवाहों को उचित प्रशिक्षण दिया जाकर वर्मी कंपोस्ट एवं गोबर खाद तैयार किए जाने हेतु निर्देश दिया गया। पशुपालन विभाग के अधिकारियों को भी नियमित रूप से गठान का निरीक्षण करने एवं पशुओं के स्वास्थ्य समस्याओं के निराकरण हेतु निर्देश दिया गया। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के उपस्थित अधिकारियों को ग्राम पंचायत में बाड़ी विकास किए जाने हेतु निर्देश प्रसारित किया गया। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत बिलई में गौठान प्रबंधन हेतु उचित मार्गदर्शन एवं कार्य संपादन हेतु कृषि महाविद्यालय बेमेतरा हस्तांतरित किया गया। ग्राम पंचायत बिलाई में कृषि महाविद्यालय के डीन एवं उनके विशेषज्ञों द्वारा प्रसारित निर्देश अनुसार कार्य संपादित किए जाने हेतु विभिन्न विभागीय अधिकारियों एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्यकार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे, कृषि महाविद्यालय बेमेतरा डीन के.पी वर्मा, उप संचालक कृषि एच.एस.राजपूत, जनपद पंचायत बेमेतरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री कांति ध्रुव, नवीन साहॅ परियोजना अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा, कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत अरविंद कश्यप, पशु चिकित्सक हेमंत बेमेतरा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी के साथ साथ ग्राम पंचायत बिलई के सरपंच सचिव चरवाहे महिला स्वयं सहायता सर्मह के सदस्य एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# पीएमजीएसवाई सड़क की हुई ऑनलाईन शिकायत

- स्वीकृति पश्चात होगी चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com

खैरागढ़ विकासखंड के अंतर्गत डीजेके मुतेड़ा व्हाया सलिहा तक 5.55 कि.मी. की सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेस 3 में प्रस्तावित किया गया है स्वीकृति पष्चात यह सड़क की चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य किया जाएगा। 7 अक्टूबर 2019 को ग्राम मुतेड़ा के निवासी यतीष साहू ने ग्राम मुतेड़ा से सलिहा तक लगभग 12 वर्ष पहले बने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़क की जर्जर स्थिति से सरकार द्वारा ऑनलाईन शिकायत हेतु लांच किए गए एप मेरी सड़क के जरिए अपनी मोबाईल से गांव की जर्जर सड़क जिसमें मुरूम



डालने की जरूरत पड़ गई है उसकी फोटो खींचकर एप में अपलोड करके वस्तुस्थिति से अवगत कराया जिसके बाद 18 अक्टूबर को उक्त शिकायत के निवारण करते हुए पीएमजीएसवाई के अधिकारी डी.जी. मालेवार ने निवारण में कहा है कि उक्त सड़क की अवधि 10 वर्ष पूर्ण हो चुकी है एवं इस सड़क को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेस 3 में प्रस्तावित किया गया है शासन से स्वीकृति पश्चात उक्त सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य किया जाएगा।



मैने अपने मोबाईल से मेरी सड़क एप के जरिये सरकार से उक्त जर्जर सड़क का वस्तुस्थिति से अवगत कराया था जिसके निवारण में अधिकारियो ने कहा है कि यह सड़क को पीएमजीएसवाई फेस 3 में प्रस्तावित किया गया है स्वीकृति पश्चात चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य किया जाएगा जिसके लिए मै सरकार को धन्यवाद देता हूं।

**यतीष साहू**

## क्विक न्यूज

### निजी स्कूल के प्रधानाचार्य पर छात्रा से मारपीट का आरोप

**रायगढ़।** शहर से सटे निजी स्कूल के प्रधानाचार्य पर नाबालिग बच्ची को मारपीट कर डराने, धमकाने का आरोप लगाते हुए छात्रा के परिजनों ने की पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत एवं कार्यवाही की मांग की है। बता दे की मामला एनएस पीएल स्कूल तराईमाल का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार छठवीं कक्षा में अध्ययनरत 11 वर्षीय उन्नति गायकवाड़ जो की रेल्वे बंगला पारा में रहती है व उन्नति की पढ़ाई की बात करें तो बच्ची पढ़ाई में काफी तेज है और स्कूल की डिसिप्लिन मेंबर भी है। उन्नति गायकवाड़ ने अपने परिजनों को बताया कि स्कूल में प्रधानाचार्य के द्वारा बिना किसी कारण के मासूम के गाल पर 4 पांच थप्पड़ व मुक्कों से पीठ पर बेताहाशा पिटाई की गई। इसके असहनीय दर्द कारण मेरे पीठ पर काफी तकलीफ है। इस वजह से उसे काफी परेशानीयां भी हो रही है।

### खुले स्थान पर तलवार लहरा रहा युवक पकड़ाया

**रायगढ़।** सार्वजनिक जगह पर खुलेआम तलवार लहराकर भयाक्रांत करने वाले युवक को पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर रेल्वे बंगलापारा छबी पान ठेला चौक पास में छबी निषाद पिता स्व. पंचराम निषाद उम्र 24 वर्ष निवासी रेल्वे बंगला पारा रायगढ़ को हाथ में एक पुरानी तलवार पकड़कर लहराते घुमते फिरते हुए स्टाफ ने पकड़ा। आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत कार्यवाही कर आरोपी को रिमांड पर भेजा गया है।

### त्यौहार के समय छोटे दुकानदारों पर निगम की टेढ़ी नजर

**रायगढ़।** शहर में बिगड़ी ट्रेफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए अब नगर निगम ने सड़क के किनारे व्यापार करने वाले लोगों को हटाकर उन्हें दूसरी जगह भेजने की तैयारी करने के बाद और बड़े बेजा कब्जाधारियों पर कार्रवाई की योजना बना रहा है। लंबे समय से शहर में सड़क के किनारे छोटी-मोटी दुकाने लगाकर व्यापार करने वाले लोग इसकी चपेट में आ रहे हैं और उन्हें ऐन दीपावली के समय हटाकर निगम के अधिकारी ट्रेफिक व्यवस्था सुधारने का दावा भी कर रहे हैं। जबकि शहर के बड़े मॉल तथा बैंकों के सामने आज भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। इसके चलते यातायात बिगड़ते जा रहा है ऐसे में निगम के अधिकारी कैमरे के सामने केवल गुमटीधारियों को हटाने से ही व्यवस्था सुधारने का दावा करने से नहीं चूक रहे हैं। उनका कहना है कि बड़े मॉल तथा अन्य भवनों के लिए निगम दोषी नहीं है।

# जुर्माना और असुविधा से बचना हो तो कानून का जिम्मेदारी से करें पालन

## कॉलेज छात्रों को दी गई नए एमवी एक्ट की जानकारी, विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ एवं शासकीय पीडी वाणिज्य एव कला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में मोटर यान अधिनियम (संशोधन) 2019 के नवीन प्रावधानों पर आधारित विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन आज कामर्स कालेज में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमाशंकर प्रसाद, न्यायाधीश परिवार न्यायालय ओमप्रकाश चौहान, द्वितीय अपर जिला सत्र न्यायाधीश विवेक कुमार तिवारी, पंचम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आदित्य जोशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह, रवि कुमार महोबिया, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रमाशंकर प्रसाद ने कहा कि मोटरयान अधिनियम 2019 के नवीन संशोधनों को सकारात्मक रूप से लेते हुए विधि का पालन करना चाहिए। विधायिका विधि को बहुत ही सोच-समझकर पारित करती है। उन्होंने कहा कि नागरिक जिम्मेदारी से प्रावधानों का पालन करें तो जुर्माना भरने एवं असुविधाओं से बच सकते है। विधिक शिक्षा केन्द्र के सहायक प्राध्यापक संतोष कुमार नायक ने विधिक शिक्षा केन्द्र के प्रतिवेदन में बताया कि हमारा विद्यालय बीएएलएलबी पंचवर्षीय (एकीकृत पाठ्यक्रम) का संचालन करने वाला छत्तीसगढ़ राज्य का द्वितीय तथा अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के अंतर्गत प्रथम शासकीय महाविद्यालय है। इस अंचल के क्षेत्रवासियों के लिए यह अत्यंत हर्ष एवं गौरवपूर्ण है। महाविद्यालय के प्राभारी प्राचार्य प्रो.सुब्रत चौबे ने विधिक शिक्षा केन्द्र के विषय में जानकारी देते हुए विधि के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। विधिक साक्षरता शिविर के अवसर पर वाद-विवाद एवं रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

वाद-विवाद प्रतियोगिता के पक्ष में प्रथम स्थान आदित्य बेहरा, द्वितीय स्थान-इंद्रजीत साहू, तृतीय स्थान-जितेन्द्र पटेल तथा विपक्ष में प्रथम स्थान स्मिता डनसेना, द्वितीय स्थान श्वेता चौहान, तृतीय स्थान हर्षरथ शर्मा ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कमला निषाद, द्वितीय स्थान मोहिनी साहू एवं पूजा देवांगन, तृतीय स्थान ममता पाव रही। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र, स्मृति चिन्ह, पुस्तक, एवं अन्य समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के प्रभारी प्रो. प्रदीप शर्मा एवं संचालन डॉ. प्रीति तन्ना ने किया। कार्यक्रम में विधिक शिक्षा केन्द्र के विभागाध्यक्ष डॉ.बीपी यादव तथा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त स्वयं सेवक उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन प्रो. हेमकुमारी पटेल के द्वारा किया गया।

# अवैध तरीके से खनिज परिवहन करते दो वाहन पकड़ाए




पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

खनिज विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण में दो वाहनों को अवैध तरीके से खनिज परिवहन करते हुए पकड़ा। पकड़े गए दोनों वाहनों में खनिज परिवहन संबंधी जरूरी कागजात नहीं थे।

राज्य शासन की तबादला एक्सप्रेस से अभी कुछ समय पहले रायगढ़ उतरे खनिज इंस्पेक्टर उमेश भार्गव के साथ राकेश वर्मा तथा सुनील शर्मा इंदिरा विहार हमीरपुर मार्ग की ओर निरीक्षण में थे। जहां उन्होंने खनिज परिवहन करते दो वाहनों को जांच के लिए रोक कर परिवहन के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा। उक्त दो वाहनों में से एक वाहन 18 चक्का जो कि किसी राजकुमार अग्रवाल का बताया गया। जिसमें डोलोमाइट लोड था, जो कि कटंगपाली से हमीरपुर रोड तरफ किसी उद्योग जा रहा था। खनिज विभाग के अधिकारियों द्वारा उक्त वाहन के चालक से खनिज परिवहन संबंधी दस्तावेजों की मांग की। चालक द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों की जांच में कुछ गड़बड़ी पायी गई।

**■ खनिज विभाग की कार्रवाई**

वहीं रोके गए दूसरे वाहन 14 चक्का ट्रेलर जो कि किसी दौलत पटेल की बतायी गयी। जिसमें डब्ल्यूबीएम मिक्स लोड था, जो कि खरसिया से लोड कर लाया गया था। पूछताछ में वाहन चालक ने बताया कि उक्त मिक्सचर रोड निर्माण के लिए लाया गया है। इंदिरा विहार होते हुए हमीरपुर जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसका ठेका खरसिया के राजेश अग्रवाल को मिला है। उसी के द्वारा सड़क निर्माण के लिए मटेरियल खरसिया से भेजा जा रहा है।

अधिकारियों द्वारा मांगे जाने पर उक्त वाहन चालक खनिज परिवहन संबंधी जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। अतः खनिज विभाग के अधिकारियों द्वारा बिना आवश्यक दस्तावेज अवैध रूप से खनिज परिवहन करते हुए दोनों वाहनों को आगे की कार्रवाई के लिए जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में चक्रधर नगर थाने में खड़ा कराया गया है।

# आरटीआई का मूल उद्देश्य प्रशासन को जवाबदेह बनाना : राउत

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त एम के राउत ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष सृजन में सूचना का अधिकार विषय पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रशासन को पारदर्शी और जवाबदेही बनाना सूचना का अधिकार का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आवेदक को जानकारी उपलब्ध नहीं कराने से नुकसान संबंधित जनसूचना अधिकारी को होता है। द्वितीय अपील में प्रकरण आने के बाद आवेदक को जानकारी उपलब्ध नही कराए। आयोग के पत्रों का जवाब अवश्य दें और आयोग के निर्णय का पालन करते हुए जवाब अवश्य दें। मुख्य सूचना आयुक्त ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम आम जनता की भलाई के लिए बनाया गया है। नागरिकों के द्वारा शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों और कार्यों की जानकारी मांगने पर निर्धारित समय सीमा में आवेदक को जानकारी उपलब्ध कराने का दायित्व हमारा है। शासकीय कार्यों, दस्तावेजों और कार्यक्रमों को विभागीय वेबसाईट में प्रदर्शित करें। ताकि आम नागरिक को सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आवेदन लगाने की जरूरत ही ना पड़े। इस अवसर पर राज्य सूचना आयोग के सचिव संजय दीवान, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कटारा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ऋचा प्रकाश चौधरी, अपर कलेक्टर आरए कुरूवंशी, सहायक कलेक्टर संबित मिश्रा, संयुक्त संचालक धनंजय राठौर भी उपस्थित थे।

# विकासखंड में कांग्रेस की गांधी विचार विचार यात्रा का सुन्दरेली में हुआ समापन

**सक्ती।** सक्ती विकासखंड में छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर प्रारंभ हुई गांधी विचार यात्रा का 11 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 17 अक्टूबर को शक्ति विकासखंड के ग्राम पंचायत सुंदररैली में समापन हुआ, गांधी विचार यात्रा कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा अध्यक्ष के जिला प्रतिनिधि ठाकुर गुलजार सिंह के संयोजकत्व में शक्ति विधानसभा क्षेत्र में संपन्न हुई, इस यात्रा में जहां कांग्रेस के बड़े पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पूरी यात्रा में एकजुटता के साथ कांग्रेस पार्टी के सिद्धांतों एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में अपना योगदान दिया, तो वहीं 17 अक्टूबर को ग्राम- सुंद्रेली में गांधी विचार यात्रा के समापन अवसर पर युवा कांग्रेस लीडर एवं शक्ति रियासत के कुमार धर्मेंद्र सिंह ने भी सहभागिता की इस अवसर पर कुमार धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि आज पूरे देश में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कार्यों को हम सभी सदैव स्मरण करते हैं।

# शालिनी कन्वेंट स्कूल में पुलिस ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस महिला रक्षा टीम द्वारा बोईरदादर चक्रधरनगर स्थित शालिनी इंग्लिश मीडियम स्कूल में महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ घटित होने वाले अपराधों की जानकारी एवं उनसे बचाव के उपाय बताए जाने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था। पुलिस महिला रक्षा टीम के सदस्यगण कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में प्रतिदिन दो या तीन स्कूलों का भ्रमण कर स्कूल प्रबंधन से समय लिया जाता है। इसी क्रम में तय कार्यक्रम अनुसार सुबह एडिशनल एसपी डॉ. राजेंद्र प्रसाद भैया एवं महिला सेल की महिला प्रधान आरक्षक मंजू मिश्रा अपने स्टाफ के साथ शालिनी स्कूल पहुंचे थे।

एडिशनल एएसपी डॉ. भैया द्वारा छात्र छात्राओं को संस्कारी एवं अनुशासित रहने से व्यक्तित्व का विकास होने की बात कही। उन्होंने बताया कि कानून में संशोधन के तहत बच्चों पर घटित अपराधों में शीघ्र निराकरण एवं आरोपियों को कठोर सजा देने का प्रावधान है। किसी का व्यवहार, उसका गलत तरीके से छूना यदि गलत लगता है तो उसे तत्काल टोके, अपने अभिभावकों को बताए। एडिशनल एसपी डॉ. राजेंद्र प्रसाद भैया ने बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने तथा अपने अभिभावकों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया। महिला प्रधान आरक्षक मंजु मिश्रा ने छात्र-छात्राओं से कहा कि बच्चे कोमल हृदय के संकोची होते हैं।

# जांजगीर-चांपा जिले के 9 विकास खंडों में 631 ग्राम पंचायतों की जगह अब होगी 657 ग्राम पंचायतें

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रदेश में आगामी जनवरी 2020 में प्रस्तावित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा की जा रही अग्रिम तैयारियों के मद्देनजर जांजगीर-चांपा जिले के 9 विकास खंडों में पूर्व में 631 ग्राम पंचायत गठित थी, जिसे अब नए परिसीमन के पश्चात 9 विकासखंडों में कुल 26 नई पंचायतों का गठन का प्रस्ताव पारित कर अब 657 ग्राम पंचायतें होंगी, इसी श्रृंखला में शक्ति विकासखंड में पूर्व में 71 ग्राम पंचायतों की जगह अब दो नई ग्राम पंचायतों के गठन का प्रस्ताव किया गया है जिसमें नई पंचायत होगी भदरीपाली एवं कांदानारा इस तरह से दो नई ग्राम पंचायतें शक्ति विकासखंड में गठित की जाएंगी, उल्लेखित हो कि छत्तीसगढ़ शासन ग्रामीण एवं पंचायत विकास विभाग द्वारा की जा रही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रो के जनप्रतिनिधियों में भी काफी उत्साह है।

## भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक सुरेश कृपलानी हुए बतौर अतिथि शामिल

# अनुनय कॉन्वेंट स्कूल सक्ती में साइंस एग्जीबिशन का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



सक्ति शहर के अनुनय कॉन्वेंट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अखराभाटा शक्ति में 19 अक्टूबर को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, इस अवसर पर विद्यालय के विद्यालय के छात्र/ छात्राओं ने बहुत सुंदर ढंग से विज्ञान के मॉडलओं का प्रस्तुतीकरण किया इस अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी में अतिथि के रूप में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ शक्ति नगर मंडल के संयोजक सुरेश कृपलानी भी सम्मिलित हुए, तथा इस दौरान सुरेश कृपलानी ने विद्यालय के बच्चों की प्रस्तुति पर उन्हें बधाई दी एवं शुभकामनाएं दी साथ ही सुरेश कृपलानी ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य योगेश साहू ने बताया कि उनके विद्यालय द्वारा निरंतर शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों पर भी ध्यान दिया जाता है तथा विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों की प्रतिभाओं को सामने लाने का अवसर मिलता है।

## प्रथम पेज का शेष...

### कर्मचारी अब करेंगे करो या ...

दूरस्थ ग्रामीण व नक्सली क्षेत्रों से कर्मचारियों सहित 5000 से अधिक अनियमित कर्मचारी एवं अधिकारी सम्मिलित हुए।

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांतीय प्रवक्ता व छत्तीसगढ़ संयुक्त प्रगतिशील अनियमित संयुक्त कर्मचारी महासंघ संरक्षक विजय कुमार झा, संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू, अनिल कुमार देवांगन, रवि गढ़पाले, प्रेम प्रकाश गजेन्द्र ने बताया है कि आंदोलनकारियों की प्रमुख मांग प्रदेश के लाखों अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण करने, नवगठित भूपेश बघेल सरकार द्वारा 9 माह 5000 से अधिक अनियमित कर्मचारियों की छटनी को तत्काल समाप्त कर पुनः सेवा में बहाल करने, नियमित कर्मचारियों की भांति 62 वर्ष की आयु तक सेवा गारंटी देने, प्रदेश के माथे पर लगे कलंक के टीके के रूप में पूर्ववर्ती सरकार की भांति जारी ठेकाप्रथा, निजीकरण को तत्काल बंद करने की अपील की।

**माटीपुत्रों की छटनी कर बेरोजगारी बढ़ा रही सरकार :** महासंघ का आरोप है कि चुनाव पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री व स्वास्थ मंत्री कांग्रेसाध्यक्ष व प्रतिपक्ष के नेता के रूप में इदगाहभाठा मैदान में जारी अनिश्चितकालिन आंदोलन के मंच से सार्वजनिक धोषणा की थीं कि हमारी सरकार बनने प्रदेश के अनियमित कर्मचारियों को नियमित किया जावेगा। किंतु दुखद् पहलु यह है कि नियमितिकरण तो दूर अल्प वेंतन से अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले छत्तीसगढ़ के माटीपुत्रों को बेरोजगार करने निरंतर छटनी की जा रही है। महासंघ के धरना आंदोलन पर कोई जिम्मेदार अधिकारी चर्चा व समाधान का मार्ग प्रशस्त नहीं कर रहा है। इससे प्रदेश के अनियमित कर्मचारी अपने आपको छला व ठगा महसूस कर रहे है। रैली में सूरज सिंह बस्तर, आशेष सिन्हा सरगुजा, अजीत नाविक बिलासपुर, टीकमचंद कौशिक बलरामपुर, टोपान सिह सूरजपुर, श्रीकांत मुंगेली, चन्द्रशेखर अग्निवंशी कांकेर, संजय काठले कबीरधाम, राखी शर्मा दुर्ग, सुधेश यादव राजनांदगांव, सुरेन्द्र वर्मा बलौदाबाजार, आदि के नेतृत्व में हजारों कर्मचारी बस ट्रेन मार्ग व स्वयं के साधन से राजधानी पहुच कर सम्मिलित हुए ।

**नगरीय निकाय चुनाव का खतरा :** आज आंदोलन "करो या मरो" की भांति किंतु शांतिपूर्ण अहिंसक गांधी पदयात्रा के रूप में इसलिए होगी क्योंकि कभी भी नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव की घोषणा के आचार संहिता प्रभावशील होने का खतरा मण्डरा रहा है। ऐसा होने पर आगामी 4 माह शून्य बटा सन्नाटा रहेगा।

### मुकेश गुप्ता भारी पड़ रहे ...

मारने तक सीमित नहीं रहती है बलकि बात को पुरी तरह से बिगाड़ने के लिए निलंबित पुलिस अधिकारी की बेटी की कार का पीछा करके उसका रास्ता भी रोक लेती है।ताकी इस मामले में दिल्ली में द्धद्धह हो सके और उसे छत्तीसगड़ राज्य सरकार के विरूद्ध सुप्रीम कोर्ट में प्रयोग किया जा सके ताकी ष्ड्डद्ध के राज्य में प्रवेश का रास्ता बन सके औऱ हम सबके लाडले मुख्यमंत्री के खिलाफ माहौल बन सके।

### मतदान आज सुबह 8 बजे ...

से लखेश्वर कवासी और निर्दलीय प्रत्याशी रितिका कर्मा शामिल है। चूंकि विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को शाम 5 बजे से चुनाव के प्रसार-प्रचार पर प्रतिबंध लग गया है, इसलिए अब सभी दलों के प्रत्याशी घर-घर जाकर मतदाताओं से अपने पक्ष में वोट मांगने की अपील कर रहे है।

**एक लाख 67 हजार 911 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोगः** चित्रकोट उपचुनाव में विधानसभा क्षेत्र के एक लाख 67 हजार 911 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 79 हजार 284 पुरुष मतदाता और 88 हजार 626 महिला मतदाता के साथ ही एक तृतीय लिंग मतदाता भी शामिल है। वहीं चुनाव के लिए बनाए गए कुल 229 मतदान केन्द्रों में 916 मतदान कर्मियों द्वारा मतदाताओं को मतदान कराएंगे। 229 मतदान केन्द्रों में 213 मतदान केन्द्र बस्तर जिले में और 16 मतदान केन्द्र सुकमा जिले में स्थित है। इन मतदान केन्द्रों के लिए 916 मतदान कर्मियों को तैनात किया गया है। इनमें पीठासीन के साथ ही मतदान दल के तीन और अधिकारी शामिल हैं। निष्पक्ष और स्वतंत्रतापूर्वक मतदान सुनिश्चित करने के लिए 58 संवेदनशील मतदान केन्द्रों में माई ो आब्जर्वर भी तैनात रहेंगे।

**निष्पक्ष व शांतिपूर्ण रूप से चुनाव संपन्न कराने सुरक्षा का रहेगा पुख्ता इंतजामः** उपचुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के लिए चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में पांच हजार से अधिक जवानों को तैनात किया गया है इसके साथ ही एक मतदान केन्द्र में केन्द्रीय सुरक्षा बल की एक कंपनी तैनात की गई है। छत्तीसगढ़-उड़िसा सीमा को सील कर दिया गया है। तीन जिले के सीमा क्षेत्रों में केन्दीय सुरक्षा बल के जवान तैनात किए गए हैं, इसके साथ ही हेलिकॉप्टर और 32 ड्रोन कैमरों से मतदान के दिन पूरे विधानसभा क्षेत्र की निगरानी की जायेगी। इसके साथ ही बम विरोधी दस्ता एवं इन्द्रावती नदी के किनारे पुलिस के जवान भी तैनात रहेंगे, जिसमें केन्द्रीय सुरक्षा बल, सीमा सुरक्षा बल, स्पेशल टास्क फोर्स और जिला पुलिस बल के सैकड़ों जवान तैनात रहेंगे।

### एक लाख 67 हजार 911 मतदाता...

जिले में और 16 मतदान केन्द्र सुकमा जिले में स्थित है। इन मतदान केन्द्रों के लिए 916 मतदान कर्मियों को तैनात किया गया है। इनमें पीठासीन के साथ ही मतदान दल के तीन और अधिकारी शामिल हैं। निष्पक्ष और स्वतंत्रतापूर्वक मतदान सुनिश्चित करने के लिए 59 संवेदनशील मतदान केन्द्रों में माई ो आब्जर्वर भी तैनात रहेंगे। इसके अलावा 37 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। निर्विघ्नं और शांतिपूर्वक ढंग से मतदान के लिए सुरक्षा बल के अधिकारियों और जवानों की तैनाती भी पुख्ता ढंग से की गई है। संवदेनशील मतदान केन्द्र- चित्रकोट विधानसभा उप निर्वाचन के लिए बनाए गए 229 मतदान केन्द्रों में 54 अतिसंवेदनशील, 93 संवेदनशील मतदान केन्द्र हैं।

**पांच संवेदनशील मतदान केन्द्र शिफ्ट** चित्रकोट विधानसभा के पांच मतदान केन्द्रों को पंहुचविहीन और अति संवेदनशील होने के कारण सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित (शिफ्ट) किया गया है। चित्रकोट विधानसभा (अ.ज.जा.)के जिन पांच मतदान केन्द्रों को शिफ्ट किया गया है, उनमें मतदान केन्द्र बोदेली को प्राथमिक शाला एरपुण्ड कक्ष मांक-2, मतदान केन्द्र सुलेंगा को प्राथमिक शाला सतसपुर कक्ष मांक-2, मतदान केन्द्र कोरंगाली को प्राथमिक शाला बिरगाली कक्ष मांक-2, मतदान केन्द्र कुडुमखोदरा को बालक आश्रम भवन बीसपुर कक्ष मांक-2 तथा मतदान केन्द्र कलेपाल को बालक आश्रम भवन बीसपुर कक्ष मांक-3 में शिफ्ट किया गया है।

**बनाए गए आठ आदर्श मतदान केन्द्र -** चित्रकोट विधानसभा (अ.ज.जा.)उप निर्वाचन के लिए आठ आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, इनमें प्राथमिक शाला मारडूम, प्राथमिक शाला इरिकपाल, प्राथमिक शाला कोड़ेनार, हाईस्कूल बड़े किलेपाल, प्राथमिक शाला करंजी, पंचायत भवन बेड़ागुड़ा, पंचायत भवन अलवा, प्राथमिक शाला छिन्दावाड़ा शामिल हैं।

**पांच संगवारी मतदान केन्द्र-** उप निर्वाचन के लिए पांच संगवारी मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें महिला मतदान कर्मियों के द्वारा मतदान कराया जाएगा। इनमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उसरीबेड़ा, प्राथमिक शाला बड़ांजी, प्राथमिक शाला पटेलपारा बड़े किलेपाल, प्राथमिक शाला डेंगा आकापारा डिलमिली, और प्राथमिक शाला सड़कपारा करंजी शामिल हैं। इसके अलावा प्राथमिक शाला पोटानार के कक्ष मांक-2 को दिव्यांग मतदान केन्द्र बनाया गया है। यहां संपूर्ण मतदान प्र या दिव्यांग मतदान कर्मियों के द्वारा पूरी कराई जाएगी।

**बिना किसी भय के निष्पक्ष होकर मतदान करें - डॉ. तम्बोली-** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अय्याज तम्बोली ने चित्रकोट विधानसभा के सभी मतदाताओं को बिना किसी भय के स्वतंत्र और निष्पक्ष होकर मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मताधिकार प्रत्येक मतदाता का अधिकार है। अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।

### आखिर राजनीति में इतनी...

के सदस्यों की घेरेबंदी कर सकती है। इसके बजाय हल्के ढंग से बयानबाजी की जा रही वह ठीक नहीं है। इससे संदेश यह जा रहा है कि राज्य सरकार प्लानिंग के तहत डॉ. रमन सिंह व उनकी सरकार के मंत्रियों को जेल भेजने की तैयारी में है। इसके चलते दोनों दलों के शीर्ष नेताओं में कड़वाहट उभर आई है। यह राज्य के सियासी सेहत के लिए ठीक नहीं है। केंद्र सरकार देश भर में चुन-चुन कर कांग्रेस व विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं को जांच एजेंसियों के माध्यम से जेल में डलवा रही है। ऐसा कर मोदी सरकार यह बताने का प्रयास कर रही है कि कांग्रेस व विपक्षी दलों के तमाम नेता चोर हैं जबकि वे और उनकी पार्टी पाक-साफ है। हकीकत ऐसा कुछ भी नहीं है। न तो कांग्रसे पाक साफ है और न भाजपा के नेता दूध के धुले हैं। दोनों ही दलो के नेता काजल की कोठरी में कालिख से पुते हुए हैं। बीते दिनों प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने बयान दिया कि उनकी सरकार सूबे के दोनों पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह व अजीत जोगी को जेल भेजने की तैयारी में है। यह बयान किसी भी लिहाज से सहीं नहीं है। यदि दोनों ही पूर्व मुख्यमंत्री कोई घपले या भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। इसमें जांच एजेंसियों के अलावा पुलिस का भी मामला बन सकता है लेकिन बगैर जांच अथवा पुलिस केस के जेल भेजने की बात नीयत को दर्शाती है। मरकाम के बयान के बाद राज्य की सियासत में और ज्यादा कड़वाहट घुल गई। इस मसले पर पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बीच गुरुवार को जुबानी जंग तेज रही। सीएम बघेल बस्तर के चित्रकोट में चुनाव प्रचार से लौटकर लखनऊ के लिए उड़ान भरने के पहले डॉ. रमन पर करारा वार कर गए। उन्होंने जेल भेजने की बात तो नहीं की लेकिन दंतेवाड़ा विधानसभा के उप चुनाव में रमन सिंह पर ठेकेदार को गांठने का आरोप लगाया। फिर भी पराजय हुई इसीलिए चित्रकोट विधानसभा के उप चुनाव में उन्होंने किसी ठेकेदार को मोर्चे पर नहीं लगाया। यह मुख्यमंत्री लेवल का बयान नहीं है। जेल भेजे जाने के मामले बघेल ने कहा यदि रमन सिंह के कार्यकाल में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है तो नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने पीआईएल लगाकर जांच नहीं करने की मांग क्यों की है? बात वाजिब है। इस तरह के पीआईएल दाल में कालापन को जाहिर करता है। हालांकि बघेल ने स्पष्ट किया कि उन्हें किसी को जेल भेजने का शौक नहीं है। साथ ही यह भी जोड़ गए कि सभी आरोप और जांच रमन सिंह के कार्यकाल के हैं, हम उसे ही आगे बढ़ा रहे हैं। फिर बदले की कार्रवाई कहां है? इसका जवाब रमन सिंह ने यह कह कर दिया कि सीएम भूपेश और कांग्रेस के कार्यकर्ता उनको जेल भेजने का सपना देख रहे हैं। यह 100 साल में पूरा नहीं होगा। यह तो सरकार के जांच के बाद ही पता चलेगा लेकिन डॉ. रमन के बयान से लगता है सांच को आंच आ रही है। उनका यह भी कहना है कि उनकी सरकार ने पिछले 15 साल में उच्च गुणवत्ता के साथ काम किए हैं। कहीं कोई गड़बड़ी ही नहीं हुई है। यह हजम योग्य नहीं है। यदि ऐसा होता तो नान जैसे अनेक घोटाले फाइलों से बाहर न आते। अभी तो कांग्रेस की सरकार ने परत ही नहीं खोली है। यदि खोल दी तो डॉ. रमन सिंह व उनकी सरकार की पोल खुल सकती है। सीएम भूपेश बघेल ने यह भी कहा रमन सिंह ने कमीशनखोरी से बहुत धन इकट्ठा किए हैं। इसलिए अकड़ रहे हैं। यह कैसा बयान हैं? दोनों ही दलों के नेताओं के बयान स्तरीय नहीं हैं। सूबे के बड़े नेताओं में पिछले दस महीने से सियासत को लेकर संजीदगी नजर नहीं आ रही है। इससे सूबे की सियासत आने वाले दिनों में और ज्यादा गिर सकती है।

## क्विक न्यूज

### राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का उदघाटन किया विधायक चन्द्रा

**जैजैपुर।** ग्राम पंचायत बेलादुला में प्रतियोगिता का उदघाटन करने पहुचे विधायक केशव प्रसाद चन्द्रा का पुष्पहार से स्वागत किया गया जिसमे प्रमुख रूप से एस के ओझा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जैजैपुर.सरपंच बलीराम लहरे. चन्द्र कुमार चन्द्रा जनपद उपाध्यक्ष राधेश्याम चन्द्रा विधायक प्रतिनिधि. के सी देवांगन सेवा निवृत्त शिक्षक . सत्यनारायण चन्द्रा पूर्व जनपद उपाध्यक्ष का पुष्पहार से तथा जानकी देवी चन्द्रा का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया ।

### लारीपुर के बाल्मिकी को शासन के योजनाओं का मिल रहा है लाभ

**महासमुन्द ।** सालों से हुक्का पानी बंद, न्याय के लिए लगा रहा गुहार-शीर्षक नाम से प्रकाशित एक अखबार द्वारा पिथौरा तहसील के ग्राम लारीपुर निवासी बाल्मिकी निषाद द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत नियमित शौचालय की राशि प्राप्त नही हुआ तथा उन्हें गांव से बहिष्कृत किया गया है। इस संबंध में उनके द्वारा भी कलेक्टर सुनील कुमार जैन को शिकायत की गई थी। इस पर कलेक्टर जैन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पिथौरा श्री बी.एस.मरकाम को जांच करने के निर्देश दिए। इस संबंध में तहसीलदार पिथौरा द्वारा ग्राम लारीपुर में उपस्थित होकर आवदेक बाल्मिकी, सरपंच दिलीप बारीक, रोजगार सहायक परमेश्वर बरिहा, पूर्व सरपंच दिगम्बर प्रधान एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में शिकायत की जांच की गई।

### नवजीवन विकासखंड समन्वय समिति की बैठक में लिए गए अहम फैसले

**महासमुंद।** अभियान नवजीवन की गुणवत्ता और बढ़ाने के लिए विभिन्न विकासखंडों में समन्वय समितियों की बैठकें आयोजित की रही हैं। इस कड़ी में शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुनील चंद्रवंशी की अध्यक्षता में महासमुंद विकासखण्ड समन्वय समिति की बैठक में नवजीवन अभियान के आधार बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। चंद्रवंशी ने संबंधित विभागों के प्रमुख अफसरों को उनकी भूमिका और दायित्व बतलाते हुए उनके कार्यक्षेत्र एवं कार्यभार निर्धारित किया, जिसमें मूल रूप से राजस्व विभाग को आत्महत्या प्रकरणों के अंकेक्षण, महिला एवं बाल विकास विभाग को सखा-सखी समीक्षा बैठकों की निगरानी करने हेतु निर्देशित किया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं नवजीवन के नोडल अधिकारी संदीप ताम्रकार ने बताया कि बैठक में सभी के समन्वय से नवजीवन केंद्रों में उपलब्ध खेल एवं अन्य मनोरंजक सामग्रियों की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाने महाविद्यालयों में नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करते रहने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

# ग्राम पंचायत छोटे कलुआ में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर इंजीनियर की मनमानी

पायनियर संवाददाता ◀ बैकुण्ठपुर
www.dailypioneer.com

कोरिया जिला के ग्राम पंचायत छोटे कलुवा जनपद पंचायत खंडगवा में इंजीनियर की मनमानी से सरपंच सचिव परेशान आपको बता दें ग्राम पंचायत छोटे कलुआ में रिटर्निंग वॉल के लिए लाखों की स्वीकृति मिली है जिस काम को पंचायत एजेंसी के द्वारा किया जाना है वह काम इंजीनियर अपनी मनमानी तरीके से करवा रहा है

कोरिया जिला में एक बार फिर भ्रष्टाचार की पोल खुलते नजर आ रही हैं हाल ही में कोरिया जिला के जनपद पंचायत खडगवां के ग्राम पंचायत छोटे कलुआ में रिटर्निंग वॉल का स्वीकृति शासन के द्वारा दिया गया है आपको बता दें जो निर्माण कार्य पंचायत के एजेंसी के द्वारा होती है जिसमें पंचायत के जनप्रतिनिधि सर्वे सर्वा रहते हैं वही देखा जाए रिटर्निंग वॉल के कार्य को महज कागज में ही दिखाया जा रहा है वही ग्राम पंचायत के सरपंच नर्मदा सिंह का कहना है कि जो रिटर्निंग वॉल बन रहा है वह गुणवत्ता विहीन बनाया जा रहा है उसमें बाईब्रेटर का भी उपयोग नहीं किया जा रहा है और निर्माण समाग्री भी गुणवत्ता विहीन गिट्टी ओवर साइज की और सीमेंट भी गुणवत्ता नहीं लगाया जा रहा है उन्होंने इस कार्य को ना ड्राइंग के आधार पर करने की सलाह क्या दी संबंधित इंजीनियर ने उसे डांट कर चुप करा दिया और उसके द्वारा कहां गया कि काम मैं बना रहा हूं मैं कर रहा हूं मैं अपने हिसाब से करूंगा अब देखा जाए तो यहां पर रिटर्निंग वॉल खड़ा करने के वजह भ्रष्टाचार की दीवार खड़ा की जा रही है ना तो रिटर्निंग वालों के लिए सही ढंग से नीव खोदी गई है ना ही राड की साइज सही ढंग से लगाया जा रहा है ड्राइंग के आधार पर काम हो नहीं रहा है रिटर्निंग वाल को



कथाकथित ठेकेदारी से कराया जा रहा है ये चर्चा है क्षेत्र में इंजीनियर की अधोषित ठेकेदारों से सारी सेटिंग्स है और ग्राम पंचायतों में धडले से ठेकेदारी कराई जा रही है और कार्य भी गुणवत्ता विहीन बनाकर इंजीनियर के द्वारा शासन के पैसों का बंदरबांट किया जा रहा है जिस काम की ग्राम पंचायत निर्माण एजेंसी को रिटर्निंग वाल कार्य करना चाहिए वह कार्य इंजीनियर अपने फायदे के लिए अघोषित ठेकेदारों से कराकर अपनी काली कमाई के लिए शासन के पैसे का दुरुपयोग कर रहे है या यूं कहें ग्राम पंचायत छोटे कलुवा के रिटेर्निगं वॉल कार्य के स्वीकृति राशि को किस तरह खिलवाड़ किया जा रहा है साफ तौर पर देखा जा सकता है छोटे कलुआ ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार किस हद तक हावी है ये कार्य सथल पर देखने को मिल रहा है।

### महामाया मन्दिर जर्ज़र पहुंच-मार्ग सड़क का नवनिर्माण धरना-अनशन के बाद प्रारम्भ हुआ



रतनपुर (खड़गवां) स्थित कोरिया ज़िले सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ प्रदेश में सिद्ध शक्तिपीठ के रूप में सुविख्यात धार्मिक आस्था के केन्द्र मां महामाया मन्दिर तक के अत्यन्त जर्ज़र पहुंच-मार्ग का विचाराधीन डामरीकृत सड़क के नवनिर्माण का कार्य अन्ततः ज़िला प्रशासन द्वारा धरना-अनशन पर बैठे आंदोलनकारी वरिष्ठ अधिवक्ता विजय प्रकाश पटेल को दिए लिखित आश्वासन के मुताबिक प्रारम्भ कर दिया गया है । जिसके लिए पटेल ने ज़िला व स्थानीय प्रशासन के कलेक्टर,विधायक, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं मुकेश जायसवाल, अशोक श्रीवास्तव, बब्बी शर्मा, दीपू शर्मा, गांगुली इत्यादि विभिन्न राजनैतिक दलों सहित स्थानीय जागरूक नागरिक,ग्रामीण जन, इलेक्ट्रॉनिक व प्रिन्ट मीडिया के समस्त पत्रकार साथियों के अथक-स्मरणीय व ईमानदार सहयोग के लिये कृतज्ञतापूर्ण आभार व्यक्त किया है ।

### मिट्टी के दीये बेचने वालों से कोई शुल्क नहीं वसूलने के निर्देश

**महासमुन्द।** दीपावली पर्व पर कुम्हार एवं अंचल के ग्रामीणों द्वारा मिट्टी से दीये बनाये जाते है एवं इस पर्व पर नगरीय क्षेत्रों एवं बाजारों में विक्रय के लिए लाया जाता है। दीये बेचने के लिए आने वाले ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने पाये इसका पूर्ण रूप से ध्यान रखा जाए। कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन ने इस आशय का पत्र जारी कर जिले के सभी नगरीय निकायों-नगर पालिका महासमुन्द, बागबाहरा, सरायपाली एवं नगर पंचायत पिथौरा, बसना एवं तुमगांव के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों तथा सभी अनुविभागीय अधिकारियों को इसका विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए है।

**आसपास के 10 -12 परिवारों को आने जाने में बहुत ही घोर परेशानियों से पड़ रहा जूझना**

# अवैध रूप से कब्जा कर रास्ता अवरुद्ध करने वाला बेखौफ, प्रशासन की कार्यवाही का नहीं है खौफ

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के जनपद पंचायत बलौदाबाजार एवं नव घोषित तहसील लवन के अंर्तगत ग्राम पंचायत अमलीडीह है । जंहा एक व्यक्ति ने प्रशासन एवं ग्राम पंचायत के नियमों को ठेंगा दिखाते हुए मनमानी पूर्वक शासकीय घास भूमि को अवैध रूप से अतिक्रमण कर मकान बनाने के लिए नीव डालकर डीपीसी कर छोड़ दिए हैं। इससे आसपास के 10 -12 परिवारों को आने जाने में बहुत ही घोर परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। अवैध कब्जा धारी को ग्राम पंचायत का सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों ने भी समझाईस देकर अवैध कब्जा छोड़ने के लिए अनेकों बार बोले गए लेकिन उनको कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।वार्ड वासियों ने भी अवैध कब्जा छोड़ने के लिए कहे लेकिन अवैध कब्जा धारी अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहा है।इससे वार्ड वासियों की समस्या विकराल हो गई है। क्योंकि वार्ड वासियों को आने जाने में बहुत सारी परेशानियों से होकर गुजरना पड़ रहा है।लोग एक अतिक्रमण के बाद अवैध कब्जा धारी द्वारा छोड़ी गई एक सकरी मार्ग 2 से ढाई फ़ीट की है।उसी से ही वार्ड वासियों का आना जाना हो रहा है। अपने दोपहिया वाहनों को अतिक्रमण वाले जमीन के आसपास ही छोड़कर जाना वार्ड वासियों की मजबूरी बन गई है।क्योंकि गली संकरा होने के साथ साथ बहुत ही कीचड़युक्त है जिसमें वाहनों को ले जाने में कई समस्याओं से घिरने का भय है। अवैध कब्जा धारी के विरुद्ध सरपंच के साथ साथ 10 से 12 वार्डवासियों ने प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत किये करीब 11 माह से अधिक का समय हो चुका है लेकिन अधिकारियों ने इस मामले पर अभी तक संज्ञान नहीं लिए हैं।इससे अवैध कब्जा धारी का हौसला बुलन्द है।शिकायत करने वाले वार्डवासियों ने बताया कि यदि अवैध कब्जा धारी को समय रहते अवैध कब्जा छोड़ने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बाध्य नहीं किया गया तो उस जगह पर अवैध कब्जा धारी मकान बना देगा जिससे वार्डवासियों के लिए वर्तमान में निर्मित समस्याए हमेशा के लिए सिरदर्द साबित होगा।शिकायत करता वार्डवासियों ने राजस्व नायब तहसीलदार लवन, राजस्व तहसीलदार बलौदाबाजार, राजस्व अनुविभागीय अधिकारी बलौदाबाजार एवं जिलाधीश बलौदाबाजार के पास विगत 11माह पूर्व किये जा चुके हैं लेकिन उनकी शिकायत पर अभी तक कार्यवाही नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। अवैध कब्जा धारी बेखौफ है जिससे प्रशासन की कार्यवाही का खौफ अवैध कब्जा धारी को नहीं है इसी कारण आज भी अवैध कब्जा धारी अवैध कब्जा छोड़ने को तैयार नहीं है। इस मामले पर तहसीलदार बलौदाबाजार गौतम सिंह ने हमारे संवाददाता को चर्चा में कहा कि टीम गठित कर गांव जाकर अवैध कब्जा का जांच करेंगे जांच उपरांत कार्यवाही करेंगे।

# विधायक विनय की परिश्रम व अथक प्रयास से नवीन ग्राम पंचायतों का हुआ गठन

### क्षेत्रवासियों ने प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल, पंचायत मंत्री टी. एस. सिंहदेव व क्षेत्रीय विनय जायसवाल का हृदय से जताया आभार

पायनियर संवाददाता ◀ बैकुण्ठपुर/चिरमिरी
www.dailypioneer.com



मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. विनय जायसवाल के अथक प्रयास व परिश्रम से 08 नवीन ग्राम पंचायतों का गठन हुआ। इन नवीन ग्राम पंचायतों के गठन में विधायक डॉ. विनय का अथक परिश्रम व महत्वपूर्ण योगदान रहा है,

उपरोक्त जानकारी देते विधायक विनय के मीडिया प्रतिनिधि अरमान हथगेन ने बताया कि विकासखण्ड खड़गवां के अंतर्गत आने वाले नवीन ग्राम पंचायतों के गठन हेतु पूर्व से ही कई आवेदन ग्रामीणों के द्वारा विधायक कार्यालय में प्राप्त हो रहे थे, जिसको गंभीरता पूर्वक लेते हुए विधायक विनय ने 08 नवीन ग्राम पंचायतों के गठन पर मुख्यमंत्री सहित पंचायत मंत्री से आग्रह किया था, जिस पर नवीन ग्राम पंचायतों पर मुहर लग गई। नवीन ग्राम पंचायतों में शिवपुर से अलग कर लकरापारा, सैंदा से अलग कर मझौली, मंगोरा से अलग कर बेलकामार, दुबछोला से अलग कर भूकभुकी, इसी प्रकार पोंडीडीह से अलग कर कोडांगी, बोडेमुड़ा से अलग कर धनपुर, दुग्गी से अलग कर सिंघत, तो वही मेरो से अलग मुकुन्दपुर किया गया। बता दे, की विकासखण्ड खड़गवां में पूर्व में 64 पंचायत थे, अब नवीन पंचायत के गठन होने पर 92 पंचायत हो गए। इस पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. विनय ने कहा कि नवीन ग्राम पंचायत बनने से ग्रामीणों को अधिक से अधिक सुविधा प्राप्त होगी। जिन कार्यों को लेकर ग्रामीणों को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, पर अब इन नवीन ग्राम पंचायतों के गठन से विकास को गति प्रदान होगी, साथ ही ग्रामीण अपने ग्राम पंचायत के विकास हेतु स्वयं सहभागिता निभाएंगे।

### राज्यपालअनुसुईया उइके 22 को सुपेबेड़ा दौरे पर

**गरियाबंद ।** प्रदेश के राज्यपाल अनुसुईया उइके 22 अक्टूबर, मंगलवार को जिला अंतर्गत किडनी प्रभावित ग्राम सुपेबेडा के दौरे पर रहेंगी । प्रोटोकॉल से प्राप्त जानकारी के अनुसार उइके सुबह 8 बजे राजभवन रायपुर से कार द्वारा गरियाबंद के लिए प्रस्थान करेगीं। वे सुबह 10 बजे सर्किट हाउस गरियाबंद पहुंचकर 10:30 बजे सुपेबेडा के लिए प्रस्थान करेंगी। राज्यपाल सुश्री उइके दोपहर 1:30 बजे ग्राम पंचायत सुपेबेडा पहुंचकर वहां के किडनी प्रभावित परिवारों से मिलेंगी । तत्पश्चात वे दोपहर 2:30 बजे देवभोग के लिए प्रस्थान कर अपरान्ह 3:30 बजे देवभोग के सर्किट हाउस में जिला अधिकारियों की बैठक लेंगी। बैठक के पश्चात वे शाम 4 बजे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगी।

# श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ ने जिला अस्पताल में किया फल वितरण



पायनियर संवाददाता ◀ बैकुण्ठपुर
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय के जिला अस्पताल बैकुण्ठपुर में श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के प्रदेश,संभाग, जिला के सभी पदाधिकारी ने फल वितरण करने पहुंचेजिला अस्पताल में उपस्थित डॉ. हेला की गरिमामयी उपस्थिति में पत्रकारों का मरीज से परिचय कराया व कहा कि श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ हमेशा मरीजो के स्वास्थय को लेकर जिला अस्पताल में आप लोगो का ध्यान रखते हैं इसके बाद में सर्वप्रथम डॉ हेला ने फल वितरण किया,जिला अध्यक्ष राजेशराज गुप्ता में फल वितरण कार्यक्रम को महीने की अंतिम सप्ताह को फल वितरण करने की सुनिश्चित किया गयाइस कार्यक्रम में समय समय पर मार्ग दर्शन दिशा निर्देश दिया करते हैं कृष्णा सिंह बाबा सरगुजा संभाग के संभागीय अध्यक्ष, विवेकानं द पाण्डेय संभागीय उपाध्यक्ष, अरुण जैन संभागीय कोषाध्यक्ष, प्रदेश कार्य समिति सदस्य कमरू निशा, दिलीप पांडेय वरिष्ठ आमंत्रित सदस्य उपस्थित थे।

# मंत्री लखमा को अपमानित कर भाजपा का आदिवासी विरोधी चरित्र हुआ बेनकाब : संजय



**गरियाबंद ।** भाजपा प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास के द्वारा सोशल मीडिया में आदिवासी मंत्री कवासी लखमा के छायाचित्र को एडिट कर शेयर कर अपमान करने की कांग्रेस ने कड़ी निंदा की। बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे संजय नेताम ने कहा कि लोकप्रिय वरिष्ठ आदिवासी नेता कवासी लखमा जी का अपमान भाजपा के नेता सड़क से लेकर सदन तक करते आ रहे हैं उनका उपहास उड़ाते हैं। भाजपा प्रवक्ता ने फोटोशाप का इस्तेमाल कर आदिवासी नेता की छवि धूमिल किया है ये आदिवासी नेता का अपमान, बस्तर का भी अपमान है। भाजपा प्रवक्ता ने फोटोशाप के जरिये आदिवासियों की छवि को शराब पीने वाले बनाने की साजिश की ही है साथ ही हिन्दु धर्म के रीति रिवाजो का भी अपमान किया है। सोशल मीडिया के जरिये भाजपा का आदिवासी विरोधी चरित्र हुआ बेनकाब। भाजपा प्रवक्ता ने फोटोशाप का दुरूपयोग कर आदिवासी नेता की छवि धूमिल करने की साजिश कर भाजपा ने खुद अपनी जड़ खोदने का काम किया है बस्तर से भाजपा अब समाप्त होगी। कांग्रेस नेता संजय नेताम ने कहा है कि आरएसएस और भाजपा का वास्तविक चरित्र ही है जो सोशल मीडिया में हमेशा दिखता है जब आरएसएस और भाजपा से जुड़े लोग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से लेकर देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के फोटोशाप के जरिये अपमानित एवं उनका चरित्र हनन करते है।

# प्लास्टिक मुक्त ग्राम बनाने का लिया संकल्प




पायनियर संवाददाता ◀ बैकुण्ठपुर
www.dailypioneer.com

भारत सरकार गृह मंत्रालय नई दिल्ली के निर्दशानुसार,जिला पुलिस अधीक्षक कोरिया विवेक शुक्ला, सहायक आयुक्त ललित शुक्ला के मार्गदर्शन में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोडीडीह कोरिया के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में स्टूडेंट पुलिस कैडेट के सीनियर बच्चों के द्वारा समुदायिक विकास कार्य अंतर्गत ग्राम कोडागी खड़गवां को प्लास्टिक मुक्त ग्राम बनाने का संकल्प लिया। एस0पी0सी0 के बच्चे रविवार अवकाश दिवस पर कोडांगी ग्राम पहुंच कर सर्वप्रथम प्राथमिक शाला परिसर की साफ-सफ़ाई कर मुख्य मार्ग में अवस्थित हैंड पम्प,दुकान के आस पास की प्लास्टिकों को ईकट्ठाकर आग के हवाले किया।

# युवा नेता विमल साहू चित्रकोट विधानसभा में चुनाव प्रचार में सक्रिय भागीदारी निभाई



पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में उपचुनाव सम्पन्न होने के बाद अब छत्तीसगढ़ के चित्रकोट में विधानसभा उपचुनाव होने हैं ।इसी के तहत सभी पार्टियों के कार्यकर्ताओं की हुजूम इन दिनों चित्रकोट में सक्रिय भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहे हैं।कांग्रेस पार्टी से उम्मीदवार इस बार राजमन बेंजाम को बनाए गए हैं।जिसके प्रचार प्रसार में छत्तीसगढ़ के कांग्रेस पार्टी के तमाम आला नेताओं की फौज जुटी हुई है।इसी क्रम में कसडोल विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी, युवा नेता एवं प्रदेश सचिव कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ विमल साहू भी कांग्रेस प्रत्यासी के पक्ष में चुनाव प्रचार प्रसार में जुटकर मतदाताओं से भारी मतों से कांग्रेस प्रत्यासी को जिताने की अपील करते हुए नजर आ रहे हैं।विमल साहू चित्रकोट के विभिन्न जगहों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कांग्रेस के पक्ष में वोट के लिए अपील कर रहें हैं। मतदाताओं में भारी उत्साह का नजारा देखने को भी मिल रहा है।गौरतलब हो कि विमल साहू कांग्रेस पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता के तौर पर जाने जाते हैं।और कांग्रेस पार्टी की सेवा में सदैव तत्पर रहते हैं।विमल साहू की शायद यही ततपरता एवं निष्ठा ही है जो उन्हें औरों से अलग बनाता है। ख़ास बात यह भी है कि युवा नेता विमल साहू छत्तीसगढ़ ही नहीं अपितु अन्य राज्यों के चुनाव में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में प्रचार प्रसार में समय निकालने वाले जुझारू एवं कर्मठ नेता के रूप में ख्याति अर्जित किये हैं।श्री साहू की विचारधारा से उनके पार्टी के हर वर्ग बहुत जल्दी प्रभावित हो कर घुलमिल जाते हैं।युवा नेता विमल साहू ने हमारे संवाददाता गोलू कैवर्त को चर्चा करते हुए बताया कि अभी वह चित्रकोट विधानसभा उपचुनाव में पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं।वह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं सक्रिय कार्यकर्ताओ के साथ कदम से कदम मिलाकर सघन प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं।उन्होंने आगे बताया कि बस्तर सांसद माननीय दीपक बैज, छत्तीसगढ़ के आबकारी मंत्री माननीय कवासी लखमा, दंतेवाड़ा की विधायक माननीया श्रीमती देहुति कर्मा, पीसीसी अध्यक्ष माननीय मोहन मरकाम, माननीय लक्षण कश्यप, माननीय लालकृष्ण बंछोर सहित सभी लोगों के साथ मिलकर पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार प्रसार करने का सौभाग्य प्राप्त होने की बात कहा। आगे चर्चा करते हुए कहा कि चुनाव प्रचार प्रसार का अंतिम दिवस शनिवार रहा चुनाव प्रचार प्रसार का विराम लगने से पूर्व विधानसभा चित्रकोट के विभिन्न गॉवों में सघन प्रचार प्रसार किये जाने की बात बताया।

# क्रेशरों संचालकों के द्वारा जंगलों से अवैध रूप से बोलडर किया जा रहा उत्खनन

पायनियर संवाददाता ◀ बैकुण्ठपुर
www.dailypioneer.com



खडगवा विकास खंड के कुछ गीने चुने ग्राम पंचायत मे पत्थर की पर्याप्त मात्रा मे भंडार है और इसके आसपास कई क्रेशर भी संचालित हो रहे हैं इन क्रेशरों संचालकों को शासन के द्वारा पत्थर कि खदाने भी आवंटित की गई है मगर इन संचालकों के द्वारा इन आवंटित पत्थर कि खदानों से पत्थर का उतखनन ही नहीं किया जाता रहा है और इन क्रेशरों संचालकों के द्वारा जंगलों से अवैध रूप से बोलडर उत्खनन किया जा रहा है जिससे बडी संख्या में जंगल की हरियाली पर कुल्हाड़ी भी चलने लगी है मामले में ग्राम पंचायत ने ग्रामसभा मे प्रस्ताव पारित कर कार्रवाई की गुहार भी लगाई है खनिज अमला के द्वारा क्रेशर संचालकों पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिससे विकास खंड खडगवा क्षेत्र में बडी संख्या में अवैध बोलडर उतखनन जारी है मामले में रोक लागाने के लिए ग्राम पंचायत खडगवा ग्राम पंचायत ठगगाव ने कई बार शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई थी और ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित कर कार्रवाई की मांग की लिखित शिकायत की गई है इसके बावजूद खनिज एवं राजस्व विभाग कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है।

## धान की फसल को नुकसान का अंदेशा

# बेमौसम बारिश से त्योहारी तैयारियों पर पड़ा असर

पायनियर संवाददाता ⮜ बिलासपुर
www.dailypioneer.com





बेमौसम हो रही बारिश ने दीपावली की तैयारियों को ब्रेक कर दिया है । इससे खरीदारी पर भी असर पड़ रहा है । साफसफाई का काम भी रोक देना पड़ रहा है। चक्रवात की वजह से रविवार को हुई बारिश के कारण धान की फसल पर भी असर पड़ सकता है ।

शुक्रवार को दोपहर हुई तेज बारिश के बाद रविवार को सुबह से ही आकाश में बादल छाए हुए थे ।शाम 5 बजे से बारिश शुरू हो गई और रात में तेज बारिश की आशंका है । मानसून की छत्तीसगढ़ से बिदाई हो चुकी है मगर अब बेमौसम बारिश से जनजीवन प्रभावित हो रहा है । इस बरस देर से सही मगर अच्छी बारिश ने किसानों को खुश कर दिया है । धान की पैदावार इस बार बहुत अच्छी होने का अनुमान किसानों ने लगा रखा है लेकिन इस तरह बेमौसम बारिश होती रही तो फसल को नुकसान पहुच सकता है ।

अगले हफ्ते दीपावली है और बाजार का माहौल गरमाया हुआ है। कपड़े रंग वार्निश डिस्टेम्पर चुना से लेकर इलेक्ट्रॉनिक सामानों व वाहनों की बिक्री भी शुरू हो गई है। मजदूरों को रोज काम मिल रहा है मगर असमय बारिश की वजह से सारा काम व व्यापार व्यवसाय प्रभावित हो रहा है । सबसे ज्यादा उन फुटपाथ पर बैठे उन छोटो व्यापारियों को नुकसान हो रहा है जो मिट्टी के दिये से लेकर रेडीमेड कपड़े और गरीब तथा मध्यमवर्गीय वर्ग के लोगो के लिए सामान बेचते है मगर बारिश की वजह से उनको अपना दुकान समेटना पड़ता है ।

बारिश के कारण काम बंद हो जाने से मजदूरों को खाली हाथ लौटना पड़ता है । दीपावली तक यदि यह बेसमय बारिश जारी रही तो त्योहार फीका रह जायेगा ।

## भाजपा जिला बिलासपुर कार्यसमिति की बैठक आज

**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला बिलासपुर कार्यसमिति की आवश्यक बैठक मंडल चुनाव एवं संगठनात्मक विषयों को लेकर 21 अक्टूबर सोमवार को दोपहर 2 बजे से भाजपा कार्यालय करबला रोड बिलासपुर में आयोजित की गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष रजनीश सिंह, भाजपा जिला महामंत्री रामदेव कुमावत, घनश्याम कौशिक ने बताया कि बैठक में मार्गदर्शन धरमलाल कौशिक छ.ग. विधानसभा नेता प्रतिपक्ष, अमर अग्रवाल भाजपा नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी, अरूण साव सांसद, भूपेन्द्र सवन्नी भाजपा प्रदेश प्रवक्त ा, डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी मस्तूरी विधायक उपस्थित रहेंगे।

# प्रकृति प्रेम कूट-कूट कर भरा है आदिवासी समाज में : उईके

## गोंड़ आदिवासी समाज के नवाखाई कार्यक्रम में शामिल हुईं राज्यपाल




पायनियर संवाददाता ⮜ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

आदिवासी समाज प्रकृति की पूजा करते हैं। पेड़-पौधे उनके देवता हैं। उनकी हर गतिविधि में प्रकृति की छाप दिखती है। उनके कारण ही जंगल बचा है। प्रकृति के साथ संतुलन बनाने के लिये आदिवासी विभिन्न पर्व मनाते हैं। यह किसी समाज में नहीं होता। प्रकृति प्रेम आदिवासी समाज में कूट-कूटकर भरा है। यह उत्तर प्रदेश की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उईके ने आज गोंड़वाना समाज के नवाखाई कार्यक्रम एवं सामाजिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यक्त किया।

तोरवा के सिंधु भवन में आयोजित गोंड़वाना समाज के इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आदिवासी समाज की प्रकृति सरलता, स्वाभिमान और भोलापन है। इसी प्रकृति के कारण उन्हें शोषण का शिकार बनाया जाता है। वे अपने अधिकारों से वंचित है। आदिवासियों के दर्द और तकलीफ को देखकर ही उन्होंने नौकरी छोड़ी और राजनीति में आकर उनकी सेवा के लिये तत्पर है। जो विश्वास और उम्मीद उनसे की गई हैं वे उन्हें पूरा करने की कोशिश करेंगी।

राज्यपाल ने कहा कि संवैधानिक पद पर होने के नाते जनता की परेशानी को दूर करने उन्होंने शासन को दिशा-निर्देश दिया है कि ऐसी नीति बनाई जाये, जिससे हर व्यक्ति सुख, शांति से रह सकें। आदिवासियों के हित के लिये कानून का पालन हो। संविधान में उन्हें जो अधिकार मिले हैं उसके अनुसार ही उन्हें न्याय मिले। सरकार ने भी इस दिशा में गंभीरता से कदम बढ़ाये हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को जो अधिकार मिले हैं उसे प्राप्त करने के लिये उन्हें आगे आना होगा। आपस में एकजुट होकर ही वे अपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं। सुश्री उईके ने समाज के लोगों से कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जाये। रोजगार के लिये युवा भटक रहे हैं। उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास करना चाहिये।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम ने की। उन्होंने कहा कि यह पहली बार हो रहा है कि आदिवासी समाज के नवाखाई कार्यक्रम में राज्यपाल सम्मिलित हो रही हैं। समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति बस्तर से सरगुजा तक सुदूर अंचल में रहने वाले गरीब आदिवासियों की पीड़ा को राज्यपाल ने महसूस किया है। और उनके लिये चिंता करते हुए उन्हें न्याय दिलाने के लिये कदम उठा रही है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग के सचिव एस.एस.सिंह उईके ने अपने संबोधन में कहा कि आदिवासी समाज की समस्याएं सही समय पर हल होनी चाहिये। आदिवासियों की भूमि पर गैर आदिवासी कब्जा करते हैं उस पर सम्यक रूप से कार्यवाही हो। भू-राजस्व संहिता का कड़ाई से पालन हो। डीएमएफ की राशि का उपयोग खनन प्रभावित जनजाति क्षेत्रों के विकास के लिये हो और पुनर्वास अधिनियम का पालन हो। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन गोंड़वाना समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष सुभाष परते ने दिया। उन्होंने समाज की विभिन्न समस्याओं की ओर ध्यानाकर्षित कराया। कार्यक्रम में पारंपरिक लोकनृत्य के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। राज्यपाल ने नवाखाई की रस्म अदा कर समाज के लोगों को बधाई दी। समाज की ओर से उन्हें प्रतीक चिन्ह के रूप में तीर-कमान भेंट किया गया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक धर्मश्लाल कौशिक, डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल अभय, श्नरायण राय, समाज के संरक्षक भरत सिंह परते, गणेश परधान सहित समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मेरे लिए पक्ष-विपक्ष बराबर : राज्यपाल



**बिलासपुर ।** पहली बार राज्यपाल बिलासपुर जिले के तखतपुर ब्लॉक में पहुचीं। यहां स्व.मनहरण लाल पांडे स्मृति संस्थान द्वारा पूर्व मंत्री मनहरण पांडे की जयंती आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल सुश्री अनसुईया उइके पहुंची ।जैसे कार्यक्रम स्थल पहुचीं भाजपा कार्यकताओं द्वारा फूल माला से स्वागत किया गया। नगर के दुर्गा प्रसाद गुप्ता संस्कृतिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले संस्था के प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि राज्यपाल सुश्री अनसुईया उईके, अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक, विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद रामविचार नेताम,सांसद अरुण साव, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल,पूर्व सांसद लखन साहू, विधायक कृष्ण मूर्ति बांधी विधायक, भूपेंद्र सवन्नी, निर्मला मनहरण पांडेय, तथा राष्ट्रीय महिला आयोग की सलाहकार श्रीमती हर्षिता पांडेय उपस्थित रही।

**राज्यपाल पहुंची तखतपुर -कहा स्व मनहरण लाल पांडेय से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला था**

राज्यपाल सुश्री उईके ने कहा कि स्व.मनहरण लाल जी से सिखने का मौका मिला था स्व.पांडेय मानवीय संवेदना की भावना ले कर काम करने वाले व्यक्ति थे । उनके कभी नहीं भुल सकते 26 वर्ष की आयू में मैं विधायक बनी और मैंने जन समस्या के लिए हाउस मे खुल कर बोलती थी कोंग्रेस से मैंने बीजेपी जोईन किया वही से मैंने जीवन का अलग पड़ाव प्रारम्भ किया वही से मुझे राष्ट्रीय पदों से नवाज़ा गया मुझे राज्यपाल बनाते हुए प्रधामंत्री ने मुझे कहा तुममें वो झमता है जो लोगों की समस्या को समझोगी मध्यप्रदेश की तरह छत्तीसगढ़ भी अपना ही लगता है अब मेरे लिए पक्ष और विपक्ष एक है हर्षिता अपने पिता के सपने को पुरा करेगी स्व.पांडेय देश और समाज को दिया है हम भी उनके पद चिन्ह पर चले उनके संस्कार से पांडेय परिवार विभिन पदों पर सेवा दे रहे है। नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक ने कहा कि स्व. पांडेय गाँव की समस्या से लेकर शहर तक विकास की गंगा बहाने वाले स्व.पांडेय की स्मृति में हम सब पहुँचे उनसे हम सबने बहुत कुछ सिखा है पार्टी के विभिन्न पदों पर रहे है उनकी बेटी हर्षिता अब इस सेवा को आगे बढ़ा रही है स्व.पांडेय ने समाज को प्रेरणा दी है हम आज भी उसका अनुसरण कर रहे है स्व. पांडेय अपनी बात सहजता से कहते थे उन्हें विकास पुरुस के नाम से जाने जाते है तखतपुर मे बिजली की समस्या रोड की समस्या हमेशा के लिए दूर कर अपनी पहचान बनाए अरपाभैंसाझार तीन पीढ़ी की योजना उनके द्वारा दिया गया हमने उनके साथ लम्बे वर्षों तक उनके साथ काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ अब उनके पद चिन्हों पर हर्षिता पांडेय चल रही है।

## 52 निर्माण और विकास कार्यों के लिए एक करोड़ 43 लाख मंजूर

पायनियर संवाददाता ⮜ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के पहल पर संचालक संचालनालय पंचायत द्वारा मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत मुंगेली जिले में 52 निर्माण और विकास कार्यो के लिए एक करोड़ 43 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने आज यहां बताया कि विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम पंचायत रामगढ़ में जिला अस्पताल के समीप दो सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 13 लाख और रामगढ़ में ही वृद्धा आश्रम परिसर में 3 सीमेंट कांक्रीटीकरण सड़क निर्माण के लिए 8 लाख 80 हजार, ग्राम पंचायत दुल्लापुर सो. के ग्राम सोनपुरी में दो सीमेंट कांक्रीटीकरण सड़क निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार, ग्राम पंचायत ढ़बहा के ग्राम रिवापार में दो सीमेंट कांक्रीटीकरण सड़क निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार, ग्राम पंचायत नागोपहरी के ग्राम छिटकनिया में एक सीमेंट कांक्रीटीकरण सड़क निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार, ग्राम पंचायत संबलपुर के ग्राम भैसामुड़ा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार, ग्राम पंचायत मुख्यालय सोढ़ार में दो सीमेंट कांक्रीटीकरण सड़क निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार, ग्राम पंचायत मुख्यालय कुंआगांव में चार सीमेंट कांक्रीटीकरण सड़क निर्माण के लिए 10 लाख 40 हजार, ग्राम पंचायत करूपान के ग्राम बामपारा में दो सीमेंट कांक्रीटीकरण सड़क निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार, ग्राम पंचायत संगवाकापा में दो सीमेंट कांक्रीटीकरण सड़क निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार, ग्राम पंचायत धनगांव च. में दो सीमेंट कांक्रीटीकरण सड़क निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार, ग्राम पंचायत नागोपहरी के ग्राम छिटकनिया में एक सीमेंट कांक्रीटीकरण सड़क निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार रूपए की स्वीकृति दी गई है।

इसी तरह विकासखण्ड पथरिया के ग्राम पंचायत सांवा के ग्राम लोहदा में तीन सीमेंट कांक्रीटीकरण सड़क निर्माण के लिए 7 लाख 80 हजार, ग्राम पंचायत पड़ियाईन में तीन सीमेंट कांक्रीटीकरण सड़क निर्माण के लिए 7 लाख 80 हजार, ग्राम पंचायत मोहभट्ठा सो. में दो सीमेंट कांक्रीटीकरण सड़क निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार और ग्राम पंचायत रौनकापा के ग्राम लाटा में दो सीमेंट कांक्रीटीकरण सड़क निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए की राशि की स्वीकृति दी गई है। विकासखण्ड लोरमी के ग्राम पंचायत कोदवामहंत, सरईपतेरा, अखरार, मुछेल, चंदखुरी, गाड़ाटोला, परसवारा में 16 सीमेंट कांक्रीटीकरण सड़क निर्माण हेतु प्रत्येक के लिए 2 लाख 60 हजार रूपए की मान से 41 लाख 60 हजार रूपए की राशि स्वीकृति दी गई है। कलेक्टर डॉ. भुरे ने निर्माण एजेंसियों को निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कर पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिये है।

## गौठान में वर्मी कम्पोस्ट खाद की आय से उत्साहित हैं समूह की महिलाएं

- कलेक्टर ने जायजा लेकर किया उन्हें प्रोत्साहित

पायनियर संवाददाता ⮜ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मरवाही विकासखंड के ग्राम गुल्लीडांड़ के आदर्श गौठान में स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने और विक्रय करने का काम शुरू कर चुकी हैं। उनके द्वारा निर्मित खाद को मार्केट भी मिल रहा है। जिससे महिलाएं उत्साहित हैं। गौठान से लगे हुए बाड़ी में इन महिलाओं द्वारा जैविक सब्जी का उत्पादन भी किया जा रहा है। इन महिलाओं द्वारा संचालित आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिये कलेक्टर डॉ.संजय अलंग द्वारा विशेष पहल की गई है।

इस आदर्श गौठान में संचालित गतिविधियों का जायजा लेने के लिये कलेक्टर डॉ.संजय अलंग ने गौठान का भ्रमण किया। गौठान में महामाया महिला स्व-सहायता समूह द्वारा बनाये जा रहे वर्मी कम्पोस्ट खाद का अवलोकन कर निर्देशित किया कि खाद के हाथों-हाथ विक्रय की व्यवस्था बनायी जाये। शुरूआत में इन महिलाओं ने 21 क्विंटल वर्मी खाद का उत्पादन किया है। जो तत्काल ही बिक गये। गौठान से लगे हुए लगभग 1 एकड़ बाड़ी में ममता महिला स्व-सहायता समूह द्वारा सब्जी का उत्पादन किया जा रहा है। बाड़ी में गौठान से प्राप्त वर्मी खाद का उपयोग कर मेथी, पालक, लालभाजी, धनिया उगाई जा रही है। जिससे जैविक भाजी का स्वाद लोगों को मिलेगा।

## महाप्रबंधक, अपर महाप्रबंधक सहित रेलवे अधिकारियों के बीच एक दिवसीय फ्रेंडली क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का आयोजन

- आयोजित फ्रेंडली क्रिकेट मैच में महाप्रबंधक एकादश टीम विजेता

पायनियर संवाददाता ⮜ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



अपने कार्यक्षेत्रों में टीम भावना को और अधिक मजबूत करने एवं समन्वय को और अधिक ऊँचे स्तर पर ले जाने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक गौतम बनर्जी द्वारा एक अनूठी पहल के तहत फ्रेंडली क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में महाप्रबंधक एवं अपर महाप्रबंधक की कप्तानी में 'महाप्रबंधक एकादश' एवं 'अपर महाप्रबंधक एकादश' की दो टीमे बनी । दोनों टीमों में मुख्यालय एवं बिलासपुर रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों सहित सभी अधिकारियों ने भाग लिया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौतम बनर्जी, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं विशिष्ट अतिथि प्रमोद कुमार, अपर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की गरिमामयी उपस्थिति में यह प्रतियोगिता संपन्न हुई । प्रतियोगिता की शुरुआत में गौतम बनर्जी, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने रेलवे एवं इस क्षेत्र के ख्याति प्राप्त खिलाड़ियों, जिन्होने अपनी खेल प्रतिभा के माध्यम से देश एवं विदेशो में इस क्षेत्र को गौरवान्वित किया है उनसे भी भेंटकर उनका मनोबल बढ़ाते हुए उनका उत्साहवर्धन कर अपनी शुभकामनाएँ दी । आज आयोजित फ्रेंडली क्रिकेट प्रतियोगिता में सर्वप्रथम टास जीतकर अपर महाप्रबंधक एकादश की टीम ने बैटिंग की । महाप्रबंधक एकादश की टीम 164 रन बनाकर विजेता एवं अपर महाप्रबंधक एकादश की टीम 156 रन बनाकर उप विजेता रही ।

### जिला अस्पताल में मरीजो का बुरा हाल

# जेनेरिक दवाओं से किनारा, ब्रांडेड के चक्कर में बाहर से खरीदी

पायनियर संवाददाता ⮜ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




जिला अस्पताल में गरीब मरीजो को उपचार की सुविधा तो उपलब्ध है लेकिन उपचार के लिए लगने वाली दवाओं की मार से उन्हें दोहरा आघात लग रहा है। जहां खुलेआम शासन के निदेशों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही है , चिकित्सक जेनेरिक दवाओं के बदले ब्रांडेड दवा लिख रहे है और उसे बाहर की दवा दुकानों से खरीदना पड़ रहा है, जबकी उस दवा को बहुत ही कम कीमत पर खरीदा जा सकता है और रही बात जिला अस्पताल की तो वहाँ निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है, फिर भी इन दिनों चिकित्सक ब्रांडेड दवाईयां ही लिख रहे। एक मरीज की शिकायत पर जब इसकी पुष्टि की गई तो यह वाक्या कई के साथ सामने आया, जिसमें डॉक्टर द्वारा लिखी गई पर्ची मरीज ने सामने रखी।

जिला अस्पताल में बेहतर उपचार की आशा से जिले की विभिन्न क्षेत्रों से लोग पहुँचते है, जिन्हें उपचार के नाम पर ऐसे लुटा जा रहा है। जिला प्रशासन चाहे तो इस लूट पर लगाम लगा सकती है, इसके अलावा उच्च अधिकारी भी इसे संज्ञान में लेकर कोई ठोस कदम उठा सकते है। सामान्य दवा या जेनेरिक दवा वह दवा है जो बिना किसी पेटेंट के बनायी और वितरित की जाती है। जेनेरिक दवा के फॉमुर्लेशन पर पेटेंट हो सकता है किन्तु उसके सक्रिय घटक पर पेटेंट नहीं होता। जैनरिक दवाईयां गुणवत्ता में किसी भी प्रकार के ब्राण्डेड दवाईयों से कम नहीं होतीं तथा ये उतनी ही असरकारक है, जितनी की ब्राण्डेड दवाईयाँ। यहाँ तक कि उनकी मात्रा, साइड-इफेक्ट, सक्रिय तत्व आदि सभी ब्रांडेड दवाओं के जैसे ही होते हैं। जैनरिक दवाईयों को बाजार में उतारने का लाईसेंस मिलने से पहले गुणवत्ता मानकों की सभी सख्त प्रक्रियाओं से गुजरना होता है।

किसी रोग विशेष की चिकित्सा के लिए तमाम शोधों के बाद एक रासायनिक तत?व/यौगिक विशेष दवा के रूप में देने की संस्तुति की जाती है। इस तत?व को अलग-अलग कम्पनियाँ अलग-अलग नामों बेचतीं है। जैनरिक दवाईयों का नाम उस औषधि में उपस्थित सक्रिय घटक के नाम के आधार पर एक विशेषज्ञ समिति द्वारा निर्धारित किया जाता है। किसी दवा का जेनेरिक नाम पूरे विश्व में एक ही होता है।

अधिकांश बड़े शहरों में जेनेरिक मेडिकल स्टोर होते हैं जहाँ केवल जेनेरिक दवाएँ ही मिलतीं हैं। लेकिन इनका व्यापक प्रचार नहीं होने से लोगों को इनका लाभ नहीं मिलता। किसी भी बीमारी के लिए डॉक्टर जो दवा लिखता है, ठीक उसी दवा के सॉल्ट वाली जेनेरिक दवाएं उससे काफी कम कीमत पर आपको मिल सकती हैं। कीमत का यह अंतर पांच से दस गुना तक हो सकता है। बात सिर्फ आपके जागरूक होने की है। बहुत कम लोगों को मालूम होगा कि देश में लगभग सभी नामी दवा कम्पनियां ब्रांडेड के साथ-साथ कम कीमत वाली जेनेरिक दवाएं भी बनाती हैं लेकिन ज्यादा लाभ के चक्कर में डॉक्टर और कंपनियां लोगों को इस बारे में कुछ बताते नहीं हैं और जानकारी के अभाव में गरीब भी केमिस्ट से महंगी दवाएं खरीदने को विवश हैं।

## धतूरा बीज खाकर युवती ने की जान देने की कोशिश

- पूछने पर युवती ने सील लिए होंठ

पायनियर संवाददाता ⮜ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रतनपुर क्षेत्र में एक 18 वर्षीय युवती ने धतूरा बीज खाकर जान देने की कोशिश की। इसकी सबसे पहले जानकारी उसकी बहन को हुई, जिसने तुरंत अपनी मां को यह बात बताई । जिसके बाद आनन-फानन में उसे रतनपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर भर्ती कराया गया, जिसका इलाज जारी है।

कलमीटार में रहने वाली 18 वर्षीय साधना धीवर अपनी 16 वर्षीय बहन के साथ घर पर थी। उस दौरान उनकी मां घर के लिए किराना सामान लेने बाजार गयी हुई थी। इस बीच छोटी बहन खाना बनाने में व्यस्त हो गई तो इसी दौरान मौका पाकर साधना ने धतूरे के बीज खा लिए। छोटी बहन ने अपनी दीदी को धतूरा बीज खाते देख लिया तो मां के घर पहुंचते ही उसने इसकी जानकारी उन्हें दी।

आनन-फानन में घर के सदस्य जुट गए और सब उसे लेकर रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां उसे भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया। फिलहाल युवती की हालत खतरे से बाहर है लेकिन बार-बार पूछने पर भी वह यह बात नहीं बता रही कि उसने जान देने की कोशिश क्यों की। पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है। मामला प्रेम संबंध का बताया जा रहा है।

# महिला पटवारी के खिलाफ दो गांव के ग्रामीण हुए एकजुट


## कलेक्टर व मुख्यमंत्री से करेंगे शिकायत, हर बात पर रिश्वत लेने का आरोप

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

ग्राम भंवरमरा-सिंघोला हल्का क्षेत्र के ग्रामीण यहां पदस्थ महिला पटवारी विभा मिश्रा की मनमानियों को लेकर उग्र आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। खबर है कि पटवारी की कार्यशैली से नाराज किसान, ग्रामीण जिला मुख्यालय में उनके खिलाफ प्रदर्शन कर मोर्चा खोलने की तैयारी में है। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त महिला पटवारी दंभ भरकर रिश्वत की मांग करती हैं और अपने कर्तव्यों की प्रति लापरवाही उनके लिए आम बात हो चुकी है।

इससे पहले भी पटवारी श्रीमती मिश्रा के खिलाफ शिकायतें हो चुकी है। बात जिला प्रशासन तक पहुंचाई गई लेकिन इस पर कभी कोई सुनवाई नहीं हुई। दूसरी ओर इस उदासीनता का फायदा महिला पटवारी ने उठाया। ग्रामीण कहते हैं कि लगभग सारे तरह के कार्यों के लिए उन्हें रिश्वत देनी होती है। क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को भी अपना काम करवाने के लिए उन्हें पैसे देने पड़े हैं। ऐसे में कैसे आम इंसान उनसे बच सकता है।

ग्राम सिंघोला में पदस्थ पटवारी विभा मिश्रा पर ग्रामीणों ने


प्रति,
श्रीमॉन कलेक्टर महोदय जी,
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)
विषय :- ग्राम सिंघोला के पटवारी का स्थानांतरण करने बाबत्।
महोदय जी,
उपरोक्त विषयांतर्गत आपसे निवेदन है कि ग्राम पंचायत सिंघोला की पटवारी श्रीमति विभा मिश्रा जो कि ग्राम सिंघोला मुख्यालय के वर्तमान पटवारी है वह अपने कार्य में लगातार अनियमितता करती आ रही है, जिस कारण से ग्राम के साथ – साथ आस पास के किसान एवं ग्रामीणजनों को बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है, खेती बाड़ी का कार्य करने का समय है और किसानों को खाद छिड़काव कार्य करने का समय है लेकिन पर्चा में पूर्ण रकबा आनलाईन नही होने के कारण किसान पटवारी का चक्कर काट रहे हैं लेकिन पटवारी सप्ताह में दो दिन सोमवार एवं मंगलवार को मिलने का समय बताकर भी नहीं आते हैं और कभी – कभी तो महीने भर तक भी कार्यालय में नही आते हैं उधर स्कूल में पढ़ने वाले छात्र – छात्राओं को शैक्षणिक कार्य हेतु अधिक परेशानियों का सामना करना पड रहा है शिक्षण संबंधी कार्य कराने जैसे आय प्रमाण पत्र, पटवारी प्रतिवेदन, [illegible] जाति प्रमाण पत्र बनवाने हेतु लगातार पटवारी का चक्कर लगा रहें हैं, लेकिन वह अपने कर्तव्य का निर्वहन [illegible] में नही कर पा रहें हैं उनके कारण स्कूली बच्चों की पढ़ाई बहुत अधिक प्रभावित हो रही है एवं महिलाओं एवं बच्चों के साथ दुर्व्यवहार पूर्वक बातें करती है, जिससे किसानो एवं पालकों में बहुत गुस्सा है।
इनकी शिकायत पूर्व में भी कई बार किया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नही किया गया है, पूर्व में ग्राम भंवरमरा के सरपंच द्वारा भी एस.डी.एम. कार्यालय में शिकायत किया गया था, अन्य ग्रामीणों एवं कृषकों द्वारा अनेकों बार इनकी शिकायत किया जा चुका है।
अतः श्रीमान कलेक्टर महोदय जी आपसे निवेदन है कि अतिशीघ्र ग्राम सिंघोला के पटवारी श्रीमति विभा मिश्रा का स्थानांतरण कर ग्रामवासियों की समस्याओं का समाधान करने की असीम कृपा करेंगे।
समस्त ग्रामवासी एवं किसान
ग्राम सिंघोला
दिनांक 28/8/2019

कई आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने इस बाबत् दो माह पहले कलेक्टर से शिकायत भी कर रखी है। बावजूद इसके उक्त महिला पटवारी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई और न ही इस मामले को संज्ञान में ही लिया गया। पटवारी पर लगे आरोप गंभीर हैं।

### सैकड़ों ग्रामीणों आएंगे, पीड़ित सामने रखेंगे अपनी बात

जानकारी मिल रही है कि उक्त महिला पटवारी के खिलाफ ग्रामीण तथ्य और साक्ष्य के साथ मोर्चा खोलने की तैयारी में है। सोमवार को जनदर्शन में सैकड़ों ग्रामीणों की पहुंचने की संभावना है। इसके अलावा वे अपने साथ उन पीड़ितों को लेकर भी आएंगे जिन्होंने अपने काम के लिए पटवारी को काफी पैसे दिए हैं। दूसरी ओर कुछ ऐसे भी पीड़ित हैं जिन्होंने पैसे न देने की बात कही तो पटवारी ने उन्हें अटका दिया। ग्रामीणों की शिकायत यह भी है कि पटवारी उनसे दुर्व्यवहार करतीं हैं।

### सोशल मीडिया में मैसेज वायरल

उक्त महिला पटवारी के खिलाफ आंदोलन छेड़ने वाले ग्रामीणों ने इसके लिए सोशल मीडिया का भी सहारा लिया है। सोशल मीडिया में चल रहे संदेश में ग्रामीणों ने कहा है कि उक्त पटवारी से पीड़ित व्यक्ति प्रदर्शन में शामिल हों और अपनी समस्याएं प्रशासन के सामने रखें। संदेश में कहा गया है कि पटवारी की भ्रष्ट और लापरवाह कार्यप्रणाली को लेकर वे सभी कलेक्टर और मुख्यमंत्री से शिकायत करेंगे।

### पटवारी के खिलाफ कई शिकायत, कार्यवाही सिफर

इससे पहले पटवारी विभा मिश्रा के खिलाफ की गई शिकायत में सैकड़ों किसानों और पालकों के दस्तखत थे। शिकायत में उल्लेख है कि उन्होंने लगातार अनियमितताएं जारी रखी हुई हैं। सोमवार व मंगलवार को उन्हें सिंघोला में उपस्थित रहना होता है लेकिन ऐसा कम ही होता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार तो पूरे महिने उनसे मिल पाना मुश्किल होता है। इसके अलावा शैक्षणिक कार्य हेतु आय प्रमाण पत्र, पटवारी प्रतिवेदन, जाति प्रमाण पत्र जैसी कागजी कार्रवाईयों को लेकर भी पटवारी बेहद लापरवाह हैं। इससे छात्रों और पालकों को मुश्किलें पेश आ रही हैं।

# 13 साल की बच्ची को लेकर अनजान युवक के साथ फरार हुई महिला

## पुलिस को लोकेशन पता है लेकिन जयपुर जाने से कतरा रही पुलिस

- अनजान युवक द्वारा बच्ची को बेचने की आशंका से पिता दहशत में
- पुलिस लोकेशन ट्रेस करने के बाद भी बैठी है शांत

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर के एक व्यक्ति के साथ उसकी पत्नी ने बेवफाई की और अपने साथ 13 साल की बच्ची को लेकर भाग गई। पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी, एफआईआर दर्ज हुई। पुलिस ने कुछ दिन बाद बताया कि उसकी पत्नी की लोकेशन जयपुर पता चली है। बावजूद इसके पुलिस ने न ही इस मामले को लेकर कोई टीम तैयार की और न ही जयपुर पुलिस से ही संपर्क कर उस महिला तक पहुंचने की कोशिश की। इधर, उस 13 साल की नाबालिग बच्ची के पिता को चिंता खाए जा रही है कि कहीं पैसों की लालच में उसकी बच्ची को बेच न दिया जाए। एक तरफ पत्नी की बेवफाई.. दूसरी तरफ पुलिस की उदासीनता और तीसरी ओर बच्ची की चिंता के बीच पीड़ित व्यक्ति खून के आंसू बहा रहा है।

मामला बसंतपुर के बंगाली चाल में रहने वाले 49 वर्षीय राहुल मेश्राम का है। 23 अगस्त को उसकी पत्नी सपना मेश्राम मायके जाने की



बात कहकर घर से अपनी बच्ची के साथ निकली और वापस नहीं लौटी। खोजबीन के बाद भी वह नहीं मिली तो राहुल ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। बाद में जानकारी हुई कि उसका किसी से प्रेम-प्रसंग था। सपना ने अपने पति को धोखा देने से पहले जान पहचान के लोगों और माईक्रोफायनेंस कंपनी से बड़ी रकम कर्ज पर ली। कर्ज की रकम लेकर वह तो चली गई लेकिन अब कर्ज दार राहुल पर हावी हो रहे हैं।

राहुल गिड़गिड़ाता हुआ कहता है कि मुझे उस औरत से कोई ताल्लुक नहीं रखना लेकिन बस वो मुझ गरीब को मेरी बेटी लौटा दे और उस कर्ज की जिम्मेदारी ले जो उसने मुझ पर छोड़ दिया है। राहुल बताते हैं कि वे महिने के पांच हजार रुपए कमाते हैं। जबकि उसकी पत्नी ने ही तकरीबन 80 हजार रुपए का कर्ज उसके ऊपर छोड़ दिया है।

### बच्ची की चिंता, ह्यूमन ट्रेफिकिंग का मामला हो सकता है

उक्त महिला ने जिस तरह अपने पति को धोखा दिया उससे उसके कथित प्रेमी और महिला की मानसिकता पर सवाल खड़ा होता है। पैसों की लालच में कहीं उस नाबालिग बच्ची को ह्युमन ट्रेफिकिंग जैसे हादसों का शिकार न होना पड़े। पुलिस कह रही है कि उक्त महिला की लोकेशन जयपुर की है। दूसरी ओर राजस्थान में ह्युमन ट्रेफिकिंग जैसे मामले आम हैं। इन परिस्थितियों में आशंका है कि कहीं वह बच्ची मानव तस्करी के जाल में न फंस चुकी हो।

### पुलिस की संदिग्ध भूमिका पर उठ रहे सवाल

इस मामले में फिर एक बार शहर के आला पुलिस अधिकारियों पर सवाल उठने खड़े हो गए हैं। पुलिस को मालूम है की शहर से अनजान युवक के साथ फरार महिला जयपुर में हैं और पुलिस ने बाकायदा उनका लोकेशन भी ट्रेस कर लिया है लेकिन जयपुर टीम भेजकर बच्ची को वापस लाने की मेहनत पुलिस ने अब तक नहीं की। इस मामले में राहुल मेश्राम इसलिए भी परेशान और दहशतज़दा है क्योंकि उसे डर सता रहा है की अनजान युवक कहीं बच्ची को किसी के हाथों बेच ना दे। मजबूर पिता की आवाज अब तक पुलिस वालों के कानों तक नहीं पहुंची है लेकिन यदि यही मामला किसी रसूखदार परिवार से जुड़ा होता तो अब तक शहर की पुलिस शायद बच्ची को बरामद कर चुकी होती।

# लाल बहादुर शास्त्री वार्ड से पार्षद पद के लिए आशीष का नाम आया ऊपर

- मौजूदा भाजयुमो मंत्री हो सकते हैं बेहतर उम्मीदवार

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय चुनाव शुरू होने से पहले वार्डों में पार्षद बनने की होड़ सी मची हुई है। लाल बहादुर शास्त्री वार्ड भी इससे अछूता नहीं है इस वार्ड में वैसे तो अब तक भाजपा से ऋषिदेव चौधरी, शरद श्रीवास्तव और पारस वर्मा के नाम खुलकर सामने आये हैं लेकिन अब उत्तर मंडल भाजयुमो के मौजूदा मंत्री आशीष श्रीवास्तव का नाम भी खुलकर सामने आने लगा है। ज्ञात



हो की विगत दस वर्षो से आशीष श्रीवास्तव संगतजन से जुड़कर अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। हांलाकि इस पद से पहले आशिस को दायित्व नहीं मिला था लेकिन वो लगातार संगठन के कारों को करते आ रहे हैं। उत्तर मंडल भाजयुमो में अध्यक्ष सुमित सिंह भाटिया के कार्यकाल में मंत्री पद पाने के बाद आशीष लगातार संगठन से जुड़े कार्य करते आ रहे हैं।

### विधानसभा लोकसभा में जमकर की मेहनत

आशीष श्रीवास्तव का नाम पार्षद पद के लिए इसलिए भी सामने आ रहा है क्योंकि बीते विधानसभा और लोकसभा चुनाव में आशीष के मेहनत को वार्ड वासियों ने देखा है और वार्ड की समस्याओं को लेकर वो हगामेशा जागरूक भी रहे हैं। अब जब लाल बहादुर शास्त्री वार्ड अनारक्षित हो चुका है तो आशीष के पार्षद बनने के संभावनाएं बढ़ गई हैं।

# पहली बार होगा राज्य स्तरीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन आज

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय स्तर की कम्पनियों में रोजगार उपलब्ध कराने राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में पहली बार राज्य स्तर पर प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह प्लेसमेंट कैंप रायपुर सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में 21 अक्टूबर को किया जाएगा। तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय के अधिक से अधिक विद्यार्थियों का प्लेसमेंट राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित कंपनियों में करवाने हेतु अवसर प्रदान करने के लिए राज्य स्तरीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। राज्य के तीन शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय रायपुर, बिलासपुर एवं जगदलपुर में तीन हजार 370 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। सत्र 2018-19 में तीनों शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय रायपुर से 82, बिलासपुर से 15 एवं जगदलपुर से मात्र 13 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट से चयन हुआ था।

**6 सौ छात्र लेंगे हिस्सा :** 21 अक्टूबर को आयोजित होने वाले कैंपस प्लेसमेंट में प्रदेश एवं देश की लगभग 50 प्रतिष्ठित कंपनियॉ भाग ले रही हैं। तीनों महाविद्यालयों के लगभग 600 छात्र-छात्राओं को प्लसेमेंट कैंप में भाग लेंगे। मेकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल, माईनिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, कम्प्यूटर साईस, इनफारमेशन टेक्नालॉजी ब्रांच के विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त करने हेतु सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है।




### टांडेकर ने कार्यभार संभाला



**छुरिया।** स्थानीय शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में प्राचार्य के रूप में 16 अक्टूबर को शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के प्राचार्य डॉ. के.एल. टाण्डेकर ने कार्यभार ग्रहण किया। उनका स्वागत डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने किया एवं कहा कि उनके मार्गदर्शन में एवं नेतृत्व में महाविद्यालय निश्चित ही अपनी अलग पहचान स्थापित करने में सफल होगा।



**पारंपरिक राऊत नाचा की तैयारी**

**राजनांदगांव।** दिवाली के पूर्व ही राऊत समुदाय अपने पारंपरिक कार्यों में व्यस्त है। दरअसल, दिवाली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा के अवसर पर यही गायों की देखरेख वाले राऊत घर-घर में जाकर अपने हाथों से बने 'सुहाई' गायों को बांधते हैं। इस दौरान बाजे-गाजे के साथ पहुंचे राऊत घरों के सामने दोहा भी गाते हैं। इस पर्व को लेकर इनकी तैयारियां शुरु हो चुकी है। **फोटो - दीनू साहू**

## 6 महाविद्यालय की टीम ने लिया भाग

# कमला कालेज में जिला स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता संपन्न

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शासकीय कमला देवी राठी स्नाकोत्तर महाविद्यालय में 18 अक्टूबर को गांधी जयंती के 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में हेमचंद यादव विश्व विद्यालय, दुर्ग के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के ततत्वावधान तथा प्राचार्य डा. श्रीमती सुमन बघेल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रश्नमंच का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के सभी प्रश्न गांधी जी पर आधारित थे। कार्यक्रम में कुल 6 महाविद्यालय की टीम ने भाग लिया, जिसमें शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव, शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव, शासकीय भीमराव



अम्बेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया, शासकीय रानी अवंती बाई लोधी महाविद्यालय घुमका तथा शासकीय कमला देवी राठी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की टीम ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान शासकीय भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय-डोंगरगांव, द्वितीय स्थान शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय-राजनांदगांव तथा तृतीय स्थान शासकीय विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव ने प्राप्त किया।

सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी का प्रयास सराहनीय रहा। कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी श्रीमती रामकुमारी धुर्वा ने स्वागत भाषण किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने विजयी टीमों को बधाई देते हुए अगले टीमों को बधाई देते हुए अगले टीमों को अगले कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया।

# हज़रत फातेहशाह मज़ार व मस्जिद ट्रस्ट के विवाद के लिए 7 सदस्यीय पर्यवेक्षक दल गठित

**■ट्रस्ट के पास है सवा सौ दुकानें मगर किरायेदारी का है विवाद, हर माह हो रहा लाखों का नुकसान**

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर के टिकरापारा में स्थित हज़रत फ़तेहशाह मज़ार व मस्जिद ट्रस्ट कमेटी, पुलिस लाईन, टिकरापारा, रायपुर के स्वामित्व में लगभग 125 दुकानें संचालित है परंतु किरायेदारी के कई वर्षों से चले आ रहे न्यायालयीन प्रकरणों के विवाद के चलते वक्फसम्पत्ति को हर माह लाखों रूपयों का नुकसान हो रहा है।

इसी विवाद के निराकरण के लिए छ.ग.राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष जनाब सलाम रिजवी के द्वारा दिनांक 18.10.2019 को कार्यालय, छ.ग.राज्य वक्फबोर्ड में बैठक आहुत की गई जिसमें उक्त संस्था के किरायेदारों/कब्जेधारीयों के उत्पन्न विवाद के निराकरण, वक्फसम्पत्ति की जर्जर स्थिति में सुधार, वक्फसम्पत्ति की आय में वृद्धि के संबंध में एवं उक्त वक्फ सम्पत्ति से संबंधित समस्त विवाद के निराकरण के संबंध में चर्चा की गई।

चर्चा में यह पाया गया कि उक्त वक्फसम्पत्ति जिसमें लगभग 100 से अधिक दुकाने होने के बाद भी आज दिनांक को उसकी आय बहुत ही कम है जिसका मुख्य कारण उक्त वक्फ सम्पत्ति की दुकानों पर काबिज किरायेदार/कब्जेधारी एवं प्रबंध कमेटी में आपस में बहुत अधिक विवाद है



जिससे शहर के मध्य स्थित वक्फ सम्पत्ति का लाभ समाज को प्राप्त होना चाहिये वो नहीं मिल रहा है। उक्त वक्फ सम्पत्ति की जर्जर अवस्था होती जा रही है जिससे वक्फ सम्पत्ति का विकास नहीं हो पा रहा है।

**उपरोक्त परिस्थिति को देखते हुए यह निर्णय लिया गया और उक्त वक्फ सम्पत्ति के समस्त विवाद के निराकरण हेतु 7 सदस्यीय ऑब्जर्वर/पर्यवेक्षक दल का गठन किया गया है जो उक्त वक्फसम्पत्ति से संबंधित समस्त विवादों का निपटारा करेंगे:-**


1. जनाब सैयद इनामुल्लाह शाह साहब (रिटायर्ड जिला न्यायाधीश)
2. जनाब अब्दुल हमीद हयात साहब (वरिष्ठ कांग्रेस नेता)
3. जनाब सैयद जाकिर अली साहब (अधिवक्ता)
4. जनाब एस.के.फ़रहान साहब (अधिवक्ता)
5. जनाब हाजी नईम अखतर साहब (वरिष्ठ कांग्रेस नेता)

**छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार निरंतर काम कर रही है**

# जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए समर्पित है सरकार : कांग्रेस

**■सुपेबेड़ा के पीड़ितों को राहत पहुंचाने सरकार सक्रिय**

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com





तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेश बघेल द्वारा 18 जून 2018 को सुपेबेड़ा का दौरा कर तैयार की गई रिपोर्ट को जारी करते हुए स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं में विश्वास की बहाली के लिये भूपेश बघेल सरकार ने प्रभावी कदम उठाए है। जिनमें सुपेबेड़ा उप स्वास्थ्य केन्द्र को उन्नयनकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाना और विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती शामिल है। सुपेबेड़ावासियों को राहत पहुंचाने के लिये वृहद पेयजल योजना तैयार कर इसकी निविदा जारी की जा रही है ताकि सुपेबेड़ावासियों को समस्या का मूल कारण हैवी मेटल युक्त पानी से छुटकारा मिल सके। 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती पर विधानसभा के विशेष सत्र के ही दिन स्वयं स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव दोबारा सुपेबेड़ा गये थे। कांग्रेस सरकार के द्वारा काम सम्हालने के बाद सुपेबेड़ा में किये गये कार्यो और कार्ययोजना स्पष्ट रूप से भूपेश बघेल सरकार का संकल्प है। सुगम आवागमन के लिये सुपेबेड़ा निवासियों द्वारा की गई मांग की अनुरूप तेलनदी पर पुलिया हेतु सुपेबेड़ा निवासियों ने मांग की थी जिसकी स्वीकृति की प्रक्रिया भी पूर्ण हो गयी। पूर्ववर्ती रमन सरकार के कार्यकाल में ही सुपेबेड़ा में पीने के पानी से यह बीमारी फैली और रमन सरकार में जो लापरवाही बरती गयी उसके परिणामस्वरूप लोग स्वास्थ्य सेवा में विश्वास खो बैठे।

### कांग्रेस सरकार संवेदनशील

सुपेबेड़ा में 70 से अधिक मौतों के लिए भाजपा सरकार में बरती गई लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में कांग्रेस सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। सुपेबेड़ा के साथ-साथ नसबंदी कांड और आंखफोड़वा कांड जैसी दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद घटनाओं के लिये जिम्मेदार सरकार के मुखिया रहे रमन सिंह जी द्वारा इस मामले में की जा रही राजनीति पर सवाल उठाते हुये कांग्रेस नेता द्वय ने कहा है कि आज सबसे बड़ा काम भाजपा सरकार के समय स्वास्थ्य सेवा तंत्र में और सरकार में भरोसा खो बैठे लोगों के विश्वास की बहाली है जिसके लिये लगातार काम हो रहा है।

### हाट बाजार क्लीनक को मिल रही बड़ी सफलता और लोकप्रियता

स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधायें पहुंचाने के लिये कांग्रेस सरकार के समर्पित होने का हाट बाजार योजना जीताजागता सबूत है। हाट बाजार क्लीनिक को मिली बड़ी सफलता और लोकप्रियता मिली है और सितंबर 2019 माह में 2 लाख 20 हजार मरीजों ने हाट बाजार योजना का लाभ उठाया। कुल 4468 हाट बाजार लगे जिसमें 3335 हाट बाजार में क्लीनिक लगाए गए। ऐसी ही जनोपयोगी योजनाओं को सतत क्रियान्वित करने के लिये कांग्रेस सरकार संकल्पित है।

# मेडिकल कॉलेज और एम्स के विशेषज्ञों ने की सुपेबेड़ा के किडनी रोग पीड़ितों की जांच

**■मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर उपलब्ध कराई जा रही हैं त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं**

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



20 अक्टूबर 2019. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा गरियाबंद जिले के सुपेबेड़ा में लोगों की जांच और इलाज की त्वरित व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इसी सिलसिले में 19 अक्टूबर को पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के विशेषज्ञों की संयुक्त टीम द्वारा सुपेबेड़ा में एक दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 35 लोगों की जांच की गई। इस दौरान पांच लोगों के खून में क्रेटनिंन व यूरिया की मात्रा अधिक पाई गई। इनका आगे का इलाज रायपुर एम्स में किया जाएगा। गरियाबंद के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा इनके उपचार के लिए सभी जरूरी सुविधाएं और व्यवस्थाएं मुहैया कराई जाएगी।

विशेषज्ञों की टीम द्वारा गांव में घर-घर जाकर किडनी रोग से पीड़ित मरीज़ों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर जांच की गई। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि ज्यादातर मरीज़ मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों से पीड़ित हैं। विशेष शिविर में एम्स के निदेशक ने कहा कि यहां पदस्थ लैब तकनीशियनों को एम्स में किडनी संबंधी रोगों एवं अन्य आवश्यक जांच का प्रशिक्षण दिया जाएग। एम्स की टीम द्वारा यहां समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
स्त्री रोग विभाग
◆ सरवाईकल कैंसर ◆ ओवेरियन कैंसर
◆ गर्भाशय कैंसर ◆ स्तन में गांठ
◆ गर्भाशय गांठ और फिब्रोइड
◆ शुरूआती कैंसर का निदान
◆ दूरबीन व्दारा बिना चीरे के ऑपरेशन
◆ बांझपन का ईलाज ◆ अनियमित मासिक
◆ दर्दरहित नार्मल डिलीवरी
◆ बार-बार बच्चा खराब होना
◆ फैमिली प्लानिंग संबंधित जानकारी
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
9827143060/8871003060
Ajay Advt.

# भाजपा प्रवक्ता ने सोशल मीडिया में प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री के आपत्तिजनक फोटो को लेकर की थाने में की शिकायत

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

सोशल मीडिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के आपत्तिजनक फोटो एवं हिन्दू धर्म के अपमान किए जाने को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ भाजपा प्रवक्ता ने थाने में शिकायत दर्ज करा कार्यवाही किये जाने की मांग की है। भाजपा प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास ने गंज थाना प्रभारी को लिखित में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि विगत कुछ वर्ष से कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर लगातार निजी एवं अश्लील टिपण्णी कर रहे है। करवा चौथ त्यौहार के दिन 17 अक्टूबर को सोशल मिडिया में देश के सम्मानित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि आपत्तिजनक, अपमानजनक फोटो कांग्रेस के कार्यकर्ताओ के द्वारा मीम डालकर चरित्र हत्या कर अपमानित करने का प्रयास किया गया। वरिष्ठ केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी जिन्हें प्रधानमंत्री अपनी छोटी बहन कहकर संबोधित करते है उनके साथ एडिटेड फोटो डालकर बतौर करवा चौथ के त्यौहार के दिन कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने पोस्ट किया है जो असहनीय है।

## कांग्रेस प्रत्याशी राजमन बड़े अंतर से जीत रहे हैं

**रायपुर।** कांग्रेस ने दावा किया है कि चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र का उपचुनाव भी कांग्रेस बड़े अंतर से जीत रही है। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि राज्य की कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के 10 महिनों के काम चित्रकोट चुनाव जीत का कारण बनेगा। राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के साथ ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की प्राथमिकता में बस्तर और बस्तर के लोगों का विकास रहा है। किसानों का कर्जा माफ करने और धान खरीदी 2500 रू. प्रति क्विंटल में करने के निर्णय के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दूसरा जो सबसे बड़ा निर्णय लिया वह था बस्तर के टाटा संयंत्र के किसानों की जमीनों की वापसी का था। पहली बार बस्तर विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष बस्तर के विधायक को बनाया गया ताकि स्थानीय जरूरतों के अनुसार फैसले लिये जाये। तेंदूपत्ता संग्राहकों का मानदेय 2,500 से बढ़ाकर 4,000 रू. कर दिया गया। लोहांडीगुड़ा में किसानों की जमीनों को वापस करके मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बस्तर के आदिवासियों के भरोसे को जीता है। 4,50,000 से अधिक वन अधिकार पट्टों का पुनरीक्षण काम शुरू किया गया।

# नवा रायपुर में 90 करोड़ का राजभवन तो वहीं 60 करोड़ में सीएम हाउस

**धनतेरस पर 25 अक्टूबर को होगा भूमिपूजन**



**रायपुर।** लंबे समय तक टलते जाने के बाद अब नवा रायपुर में राजभवन, मुख्यमंत्री निवास और मंत्रियों के बंगलों के निर्माण के आसार दिखने लगे हैं। लोक निर्माण विभाग ने पुणे की एक कंपनी को निर्माण का काम सौंपा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को बताया, धनतेरस के दिन 25 अक्टूबर को नवा रायपुर के सेक्टर-24 में इस राजभवन और मुख्यमंत्री निवास की निर्माण परियोजना का भूमि पूजन होगा।लोक निर्माण विभाग की योजना के मुताबिक नया राजभवन 12 एकड़ के क्षेत्रफ्ल में बनेगा। इसके निर्माण पर 90 करोड़ रुपए की लागत प्रस्तावित है। वहीं मुख्यमंत्री निवास के लिए 8 एकड़ जमीन का प्रस्ताव है। इसके निर्माण पर 60 करोड़ रुपए की लागत आनी है।इस परियोजना के तहत सेक्टर 24 में मंत्रियों के बंगले और सेक्टर 18 में अधिकारियों के बंगलों को मिलाकर 164 भवन बनाए जाने हैं। इस पूरी परियोजना की लागत 505 करोड़ रुपए होगी।

**भाजपा सरकार में हुआ था विवाद**

पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री निवास की लागत पर बवाल हो चुका है। उस समय लोक निर्माण विभाग और नया रायपुर विकास प्राधिकरण ने 16 एकड़ में सीएम हाउस प्रस्तावित किया था। उसपर 81 करोड़ का खर्च प्रस्तावित था। उसको लेकर काफी विवाद हुआ।

# नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाले स्तंभ : रविन्द्र चौबे

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी व पशुधन विकास मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण की दिशा में नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने आज राजधानी रायपुर के न्यू-सर्किट हाऊस में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति-जनजाति पशु चिकित्सा अधिकारी संघ के वार्षिक अधिवेशन और छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। मंत्री रविन्द्र चौबे ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि यदि हम छत्तीसगढ़ का विकास चाहते है तो गांवों का विकास करना जरूरी है। नरवा, गरूवा, घुरवा और बाड़ी योजना हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाले स्तंभ है, इससे न केवल गांवों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा बल्कि ग्रामीण युवाओं को स्थानीय स्तर पर स्व-रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व आर्गेनिक खेती की ओर अग्रसर है तथा उसके महत्व के प्रति जागरूकता बड़ी तेजी से जनमानस में फैल रही है। कुछ दिनों पूर्व रायपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन में देश-विदेश से आए हुए प्रतिनिधियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कृषि उत्पादों जैसा स्वाद और कही नहीं है। ग्राम सुराजी योजना से आर्गेनिक खेती को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि अब धुंआ उगलती चिमनियों की जगह गौठान विकास का सशक्त प्रतीक बनेगें। उन्होंने अधिवेशन में उपस्थित पशु चिकित्सा अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने कार्य क्षेत्र में गंभीरता से कार्य करते हुए गौठान के निर्माण में रूचि रखे।

श्री बालाजी
हॉस्पिटल मोवा, रायपुर
मध्यभारत के अनुभवी एवं सुप्रसिद्ध कार्डियक सर्जन
बीटिंग हार्ट बाईपास सर्जरी
~~2,00,000/-~~
अब मात्र
1,60,000/-*
कार्डियक चेकअप मात्र 5,55*/-
एंजियोग्राफी मात्र 8,999*/-
*नियम व शर्तें लागू
आयुष्मान से इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध
दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
9926191294,9340098466

21 October PIONEER BAZAAR 2019

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान .....
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी.सी. पोल फेसिंग करवाने हेतु संपर्क करें
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

क्या आपके यहां बार-बार चोरी हो रही है ?
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईव देखें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
रावतपुरा कालोनी, बल्ला प्लॉट भाठागांव, रायपुर
91652-22223, 93292-94567

ITR TDS GST
इनकम टैक्स रिटर्न फाईल मात्र 500/-
GST नम्बर / रिटर्न फाईल- TDS रिफंड
संपर्क करें शेखर गुप्ता 9300755544 9425165464
हमारे Tax Expert आपकी मदद करनें हेतु तैयार हैं।
देवेन्द्र नगर, रायपुर
WWW.ONLYTDS.COM

दोना पत्तल मशीन
सेमी आटोमेटिक मशीन में दोना पत्तल बनाओ और बना हुआ माल हमे वापस देकर एक निश्चित आय का साधन बनावें। पिछले 11 वर्षों का विश्वनीय संस्थान
नोट:- कोर्ट एग्रीमेन्ट वालो से सावधान रहे। कादम्बरी ट्रेडर्स हिरापुर रोड, महोबा बाजार अंडर ब्रिज के पास रायपुर
मो:8982606073, 9424215173

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध
9827146567,
7723917757,
9329846567,
9303903469

होमलोन व मार्डगेजलोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रियकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होमलोन ब्याज दर मात्र 8.85 %*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 10 %*
*शर्तें लागू
• कोई छुपा खर्च नही • कोई कमीशन नहीं
• फास्ट प्रोसेसिंग • घर बैठे सुविधा
वर्तमान होम लोन, मार्डगेज लोन एवं सी सी लिमिट को ट्रांसफर कराएँ कम ब्याज दर पर कोई प्रोसेसिंग शुल्क नही लिया जायेगा।
Shri Siddhi Vinayak Finance
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, RAIPUR (C.G.)
Mo.9329002356

15 वर्षो से विश्वसनीय अब तक हजारों संतुष्ट ग्राहक
गंजापन से आजादी मात्र 1 घंटे में
लेटेस्ट सिलिकान बॉडिंग
Free Demo
बिना सर्जरी के अमेरिकन, (ट्रांसपेरेंट पैच) तकनीक से
मनचाहा हेयर स्टाईल पायें
Man & Woman
Before After
हेयर एण्ड केयर®
विविंग प्वांइट
Nice Pub 98271 78536
रायपुर शॉप नं.-19, प्रथमतल समवेत शिखर परिसर, एकात्म परिसर के सामने रजबंधा मैदान, रायपुर, मो.: 98271-03630, फोन: 0771-6451630
बिलासपुर ए-214, सी.-1 श्रीनारायण प्लाजा, दूसरी मंजिल, श्रीकांत वर्मा मार्ग के सामने, लिंक रोड, बिलासपुर, मो.: 93006-60864, 98271-03630

Contact for Advertisement- 7723917757, 9827146567, 9329846567, 9303903469

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा दबंग दुनिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि. पानी टंकी के पास मोवा रोड, दलदल सिवनी, दुबे कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़ पिन-492001 से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित
संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403